सूर्योदय 5:32 सूर्यास्त 7:20

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.8 न्यू | 25.1 अधि |
| धर्मशाला | 18.1 न्यू | 29.3 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80519.34 |
| निफ्टी | 24502.15 |
| सोना | 72,030 |
| चांदी | 99,990 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



विम्बलडन पुरुष फाइनल देखने आएंगी वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन

पृष्ठ 13 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 14 जुलाई, 2024 | 31 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 207, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

# देहरा, नालागढ़ में कांग्रेस आई, हमीरपुर सीट जीत न पाई

## उपचुनाव: सीएम सुक्खू की पत्नी ने 25 साल बाद दिलाई देहरा में जीत, नालागढ़ में बावा का जलवा, हमीरपुर में भाजपा 'आशीष'

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में हुए उपचुनाव में कांग्रेस का पलड़ा भारी रहा। सीएम सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर ने 25 साल बाद कांग्रेस की झोली में देहरा सीट डाली। कमलेश ठाकुर पहली बार चुनाव मैदान में उतरी थीं। नालागढ़ में कांग्रेस के हरदीप बावा ने इस बार जीत का जलवा दिखाया, तो वहीं हमीरपुर में भाजपा में गए निर्दलीय आशीष शर्मा को पार्टी के आशीर्वाद की बदौलत जीत मिली।

देहरा में कमलेश ठाकुर को 32737 वोट पड़े, जबकि निर्दलीय से भाजपा उम्मीदवार बने होशियार सिंह को 23338 वोट मिले। कमलेश ने होशियार को कुल 9399 वोटों के अंतर से हराया। वहीं, हमीरपुर विधासभा सीट से भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा को 27041 वोट पड़े, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा को 25670 वोट पड़े। पुष्पेंद्र को 1571 के मार्जिन से हार का सामना करना पड़ा। निर्दलीय प्रत्याशी नंद लाल को 74 मत मिले, जबकि 198 लोगों ने नोटा का बटन दबाया।


नालागढ़ में कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप बावा को 34608 वोट पड़े, जबकि भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर को 25618 वोट मिले, उनकी 8990 वोटों से हार हुई। इस सीट से भाजपा से बागी हुए निर्दलीय प्रत्याशी हरप्रीत सैनी 13 हजार से ज्यादा मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे। उन्होंने भाजपा का खेल बिगड़ दिया। तीनों सीटों पर 10 जुलाई को मतदान हुआ था और 71 फीसदी से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। तीनों सीटों पर कुल 13 प्रत्याशियों ने किस्मत आजमाई। छह प्रत्याशी अपनी जमानत भी नहीं बचा पाए। विधानसभा उपचुनाव की दो सीटों पर जीत सतारूढ़ कांग्रेस के लिए बड़ी राहत है। (अनंत ज्ञान)

**नालागढ़ में निर्दलीय ने बिगाड़ा भाजपा का खेल**

### फिर 40 हुई कांग्रेस विधायकों की संख्या

हिमाचल में तीन और विधानसभा उपचुनाव के नतीजे आने के साथ ही कांग्रेस विधायकों की संख्या एक बार फिर 40 हो गई है। 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 40, जबकि भाजपा के 25 विधायक थे। मार्च 2024 में राज्यसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के छह विधायक बागी हुए थे, जबकि तीन निर्दलीय विधायकों ने इस्तीफे के बाद भाजपा का दामन थामा था। ऐसे में कांग्रेस के पास 34 सीटें ही रह गई थीं। पहली जून को छह सीटों पर उपचुनाव हुए थे, जिसमें कांग्रेस को चार, जबकि बीजेपी को दो सीटें मिली थीं। ताजा उपचुनाव में एक और सीट के साथ भाजपा की संख्या 28 हो गई है।

**देहरा** — कांग्रेस जीत, भाजपा हार

| कमलेश ठाकुर | मार्जिन | होशियार सिंह |
|---|---|---|
| 32737 | 9399 | 23338 |

**हमीरपुर** — भाजपा जीत, कांग्रेस हार




| आशीष शर्मा | मार्जिन | डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा |
|---|---|---|
| 27041 | 1571 | 25470 |

**नालागढ़** — कांग्रेस जीत, भाजपा हार





| हरदीप बावा | मार्जिन | केएल ठाकुर |
|---|---|---|
| 34608 | 8990 | 25618 |



देहरा विधानसभा उपचुनाव जीतने के बाद लक्ष्मी नारायण मंदिर चनौर में पूजा-अर्चना के लिए जाती कमलेश ठाकुर।

### जनता ने जनबल का साथ दिया और धनबल की पराजय हुई: सुक्खू



**विधानसभा** उपचुनाव के चुनाव नतीजे पर सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल की जनता ने जनबल का साथ दिया और धनबल की पराजय हुई है। 2022 के चुनाव में जनता ने हमें 40 सीटें दी थी। अब एक बार फिर दोबारा 40 सीटें जनता ने दे दी हैं। जनता ने तय किया है, जिस प्रकार की राजनीति हिमाचल में हुई, उसका जवाब जनता ने दे दिया है। देहरा में 25 साल से कांग्रेस चुनाव नहीं जीत पा रही थी। पार्टी ने सर्वे के आधार पर कमलेश ठाकुर को टिकट दिया और वहां हमारी जीत हुई है।

### हमें जनादेश स्वीकार जनकल्याण की लड़ाई लड़ते रहेंगे : जयराम



**पूर्व** मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विधानसभा की तीन सीटों पर हुए उपचुनाव में सिर्फ एक सीट मिलने पर कहा कि पार्टी कमियों पर गौर करेगी, जिनके कारण उपचुनाव में हार का सामना करना पड़ा है।

उन्होंने कहा कि हम जनादेश को स्वीकार करते हैं। प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए हमारी लड़ाई सड़क से लेकर विधानसभा तक जारी रहेगी। भाजपा को सिर्फ हमीरपुर विधानसभा सीट पर जीत मिली है, जहां आशीष शर्मा ने पुष्पेंद्र वर्मा को हराया है।

### विपक्षी गठबंधन ने जीती आठ सीटें, भाजपा को सिर्फ एक

**नई दिल्ली।** छह राज्यों की 10 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में विपक्षी गठबंधन को आठ, जबकि भाजपा को एक सीटे मिली है। वहीं, एक सीट निर्दलीय उम्मीदवार ने जीती है। पश्चिम बंगाल की चार, उत्तराखंड की दो और बिहार, मध्य प्रदेश, पंजाब और तमिलनाडु की एक-एक सीट पर चुनाव हुआ था। पंजाब में जालंधर पश्चिम सीट पर 'आप' के मोहिंदर भगत जीते हैं। पश्चिम बंगाल में सभी सीटें टीएमसी के खाते में गई हैं। रायगंज में कृष्णा कल्याणी, बागदा में मधुपर्णा ठाकुर, रानाघाट दक्षिण में मुकुट मणि अधिकारी और मानिकतला में सुप्ति पांडे को जीत मिली है।

मध्य प्रदेश में अमरवाड़ा सीट पर भाजपा के कमलेश प्रताप शाह की जीत हुई है। उत्तराखंड में बद्रीनाथ सीट पर कांग्रेस के लखपत सिंह बुटोला और मंगलौर सीट पर कांग्रेस के काजी मोहम्मद निजामुद्दीन जीते हैं। बिहार में रुपौली सीट पर लोजपा (रामविलास) से बागी होकर चुनाव लड़े शंकर सिंह जीत गए हैं। तमिलनाडु में विक्रवंडी विधानसभा सीट पर डीएमके के अन्नियुर शिवा को जीत मिली है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- विधानसभा में सीएम व उनकी पत्नी पहली बार एक साथ आएंगे नजर -पेज 3
- तस्करी के मुख्य आरोपी थे गिरफ्तार किए गए तिब्बती -पेज 4
- आनी में आपदा के एक साल बाद भी हालात जस के तस -पेज 11
- जायसवाल-गिल के अर्द्धशतक, भारत ने जीती सीरीज -पेज 13
- केजरीवाल की जिंदगी से खेल रही केंद्र सरकार: संजय सिंह -पेज 14

## न्यूज शॉर्ट्स

### कांगड़ा-चंबा में आया भूकंप, 3.6 रही तीव्रता

**पुनीत शर्मा।** कांगड़ा और चंबा जिले में शनिवार दोपहर बाद भूकंप के झटके महसूस किए गए।



रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.6 मापी गई। जमीन के भीतर इसकी गहराई 5 किलोमीटर रही। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार, दोपहर दो बजकर 27 मिनट पर तीन बार हल्के झटके महसूस किए गए। कांगड़ा जिले के अधिकांश क्षेत्र भूकंप की दृष्टि से अति संवेदनशील यानी जोन 5 में आते हैं, इसलिए यहां बार-बार भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं। (अनंत ज्ञान)

### इद्दत मामले में इमरान और बुशरा बीबी बरी



**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद कोर्ट ने शनिवार को पाकिस्तान अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान व उनकी पत्नी बुशरा बीबी को इद्दत मामले में बरी कर दिया है। वहीं, लाहौर की एक आतंकवाद-रोधी अदालत ने पिछले साल नौ मई को हुई हिंसा से जुड़े तीन मामलों में इमरान खान को गिरफ्तार करने के अनुरोध को मंजूरी दे दी।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एम्स से हुए डिस्चार्ज



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को शनिवार को एम्स से छुट्टी मिल गई। दो दिन पहले उन्हें पीठ दर्द की शिकायत के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मीडिया सेल प्रभारी डॉ. रीमा दादा के अनुसार, राजनाथ सिंह की पीठ दर्द की जांच और इलाज किया गया।

# केंद्र सरकार ने बढ़ाई जेएंडके के उपराज्यपाल की शक्तियां

## दिल्ली की तरह अब ट्रांसफर और पोस्टिंग में मंजूरी जरूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) की प्रशासनिक शक्तियां बढ़ा दी हैं। दिल्ली की तरह अब जम्मू-कश्मीर में राज्य सरकार एलजी की मंजूरी के बिना अफसरों की पोस्टिंग और ट्रांसफर नहीं कर सकेगी।

गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 55 के तहत बदले हुए नियमों को अधिसूचना जारी की है। इसमें एलजी को ज्यादा ताकत देने वाली धाराएं जोड़ी गई हैं। उपराज्यपाल के पास अब पुलिस, कानून व्यवस्था और ऑल इंडिया सर्विस (एआईएस) से जुड़े मामलों में ज्यादा अधिकार होंगे। सूत्रों के अनुसार, केंद्र ने सिर्फ व्यापार नियमों लेनदेन में संशोधन किया गया है। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 में बाकी चीजों का जिक्र पहले से ही था।

### संशोधित नियमों में अहम प्वॉइंट

**42ए:** पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था, अखिल भारतीय सेवा और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) से जुड़े किसी भी प्रस्ताव को तब तक मंजूर या नामंजूर नहीं किया जा सकता, जब तक मुख्य सचिव के जरिए उसे उपराज्यपाल के सामने नहीं रखा जाए। इनसे जुड़े मामलों में वित्त विभाग की सहमति जरूरी है।

**42बी:** किसी प्रकरण में केस चलाने की मंजूरी देने या न देने और अपील अपील दायर करने के संबंध में कोई भी प्रस्ताव विधि विभाग मुख्य सचिव के जरिए उपराज्यपाल के सामने रखा जाना जरूरी होगा।

### हर चीज के लिए एलजी से भीख मांगनी पड़ेगी: उमर अब्दुल्ला



**केंद्र** सरकार के फैसले पर जेएंडके पूर्व सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि एक और संकेत है कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव नजदीक हैं। यही कारण है कि जम्मू-कश्मीर के लिए पूर्ण, अविभाजित राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए समयसीमा निर्धारित करने की दृढ़ प्रतिबद्धता इन चुनावों के लिए एक शर्त है। जम्मू-कश्मीर के लोग शक्तिहीन, रबड़ स्टांप सीएम से बेहतर के हकदार हैं, जिन्हें अपने चुतुर्थ कर्मचारी की नियुक्ति के लिए भी एलजी से भीख मांगनी पड़ेगी।

# नशे में धुत्त व्यक्ति ने किए फायर, गिरफ्तार

**अनिल छांगू, जवाली**

**पुलिस** थाना जवाली के तहत सिद्धपुरघाड़ पंचायत में घर के बाहर आकर बंदूक से फायर करने का मामला सामने आया है।

पुलिस ने कृष्ण कुमार की शिकायत पर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कृष्ण ने शिकायत में बताया कि शुक्रवार को घर में सोया था और रात को करीब एक बजे सागर कुमार नशे में धुत्त होकर हाथ में बंदूक लेकर अपने साथियों के साथ मेरे घर आकर मुझे आवाज लगाने लगा। जब मैं बाहर नहीं निकला तो उसने बंदूक से फायर कर दिया। देखते ही देखते उसने दो फायर कर दिए और थोड़ी देर बाद भाग गए।

कृष्ण ने बताया कि पत्नी कोमल ने फायर करने की वीडियो बनाई है। उन्होंने सरकार, प्रशासन व पुलिस से न्याय की मांग की है। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि शिकायत के आधार पर सागर कुमार निवासी कांगड़ा व राजा निवासी कांगड़ा के खिलाफ मामला दर्ज किया है और गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को जवाली कोर्ट में पेश गया। कोर्ट ने आरोपियों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। (अनंत ज्ञान)

**आरोपियों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा**

### नेपाल में केपी शर्मा ओली आज लेंगे पीएम पद की शपथ



**काठमांडू।** नेपाल में पूर्व पीएम एवं सीपीएन-यूएमएल पार्टी के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। निवर्तमान पीएम पुष्प कमल दहल की सरकार ने शुक्रवार को नेपाल की संसद का विश्वास मत खो दिया। ओली ने नई सरकार बनाने की दावेदारी पेश की है।

# हिमाचल में पांच दिन भारी बारिश का येलो अलर्ट




शिमला में छाए बादलों के बीच घूमने का आनंद लेते पर्यटक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में अभी बारिश से राहत नहीं मिलेगी। शनिवार को शिमला सहित प्रदेश के कई क्षेत्रों में बादल छाए रहे। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 18 जुलाई तक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

14 जुलाई से अगले 5 दिन तक गर्जन और बिजली का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, प्रदेशभर में लगातार हो रही बारिश के कारण अधिकतर तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मैदानी क्षेत्रों में दिन के समय अभी भी काफी उमस है। हालांकि, सुबह-शाम मौसम में ठंडक महसूस की जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के कई हिस्सों में 19 जुलाई तक मौसम खराब बने रहने की संभावना जताई है। बीते 24 घंटों के दौरान बैजनाथ में 32.0, धर्मशाला 22.6, जुब्बड़हट्टी (शिमला) 21.5, मनाली 20.0, कांगड़ा 19.2, जोगिंद्रनगर 19.0, सलौनी 18.3, पंडोह 15.5, पालमपुर 14.4, धर्मशाला 13.5, पच्छाद 12.0, सुजानपुर टिहरा 11.5, भराड़ी 10.4, नगरोटा सूरियां 9.2, सैंज 6.0, डलहौजी 3.0 व सांगला में 0.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।






महिला मरीजों का चेकअप केएनएच में और टेस्ट करवाने भेजा जाता है आईजीएमसी

# केएनएच की क्रस्ना लैब में नहीं मिल रही समय पर रिपोर्ट

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

प्रदेश के एकमात्र महिला एवं शिशु रोग अस्पताल केएनएच में सुविधाएं देने को लेकर सरकार व प्रशासन के दावें खोखले नजर आ रहे हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि महिलाओं के केएनएच में रसोली व अन्य बीमारी के ऑपरेशन तो चिकित्सक कर देते है, लेकिन आधे से ज्यादा टेस्ट करवाने मरीजों को आईजीएमसी जाना पड़ता है। यहां तक महिलाओं को रिपोर्ट चैक करवाने भी आईजीएमसी दौड़ाया जाता है। केएनएच में प्रदेश भर से महिला मरीज अपना उपचार करवाने आती है, लेकिन महिलाओं को यहां पर उपचार के लिए दर-दर भटकना पड़ता है।

प्रशासन ने यहां पर क्रस्ना लैब को टेस्ट करवाने के लिए त्वजों दिया है, लेकिन यहां पर जो टेस्ट हो भी रहे है उसकी भी समय से रिपोर्ट नहीं आ रही है। जिसके चलते महिला मरीज परेशान है। यहां पर आईजीएमसी की क्रस्ना लैब में समय से रिपोर्ट न मिलने का मामला पहले ही सरकार के दरवार पहुंच चुका है, लेकिन अब केएनएच में भी स्थिति ऐसी ही बन चुकी है। महिलाओं को जब चिकित्सक अल्ट्रासाउंड के लिए कहते है तो उन्हें तुरंत आईजीएमसी भेज दिया जाता है। जब महिलाएं आईजीएमसी पहुंचती है तो कुछ महिलाओं को फॉर्म गलत भरने के चलते वापस केएनएच भेज दिया जाता है तो कुछ महिलाओं को 20 से 25 दिन की डेट दी जाती है। (अनंत ज्ञान)



## केएनएच में होते हैं आपातकालीन में अल्ट्रसाउंड

**केएनएच** में सिर्फ आपातकालीन में ही अल्ट्रसाउंड करवाए जाते हैं। प्रदेश भर से सैकड़ों महिलाएं केएनएच में अपना इलाज करवाने आती है। आखिर में उन्हें क्यों सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है।

हलांकि सरकार, स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन दावे करता है कि गर्भवति महिलाओं को अस्पताल में सारी सुविधा उपलब्ध है, लेकिन स्थिति कुछ और ही व्यां कर रही है। केएनएच में सभी टेस्ट की सुविधाओं का होना बहुत जरूरी है।

## आशादीप स्वयंसेवी संस्था ने किया पौधरोपण

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** आशादीप स्वयंसेवी संस्था द्वारा शिमला के सोलह मील क्षेत्र में पौधा रोपण किया गया। क्षेत्र के स्थानीय युवाओं ने इसमें अपना भरपूर योगदान दिया। गर्मियों में यहां के जंगलों में भीषण आग लगी थीं जिस कारण वनसंपदा को भारी क्षति पहुंची थी। वीरक्षरोपण कार्यक्रम की समन्वयक मंजू नेगी ने बताया कि क्षेत्र की हरियाली को सुरक्षित रखने के लिए अब हर वर्ष दो बार पौधा रोपण किया जाएगा, साथ ही लगाए गए पौधों की देखभाल भी की जाएगी।

कार्यक्रम का शुभारंभ धामी के प्रसिद्ध समाजसेवी आशा दोरजे नेगी द्वारा पौधरोपण कर के किया गया।

उन्होंने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में वह इस प्रकार के पर्यावरण सरंक्षण संबंधी जो भी कदम उठाएंगे उस में वह हर प्रकार से सहयोग करेंगे। आशादीप के संयोजक सुशील तनवर ने चीड़ के स्थान पर स्थानीय प्रजातियों का रोपण करने पर बल देते हुए कहा कि इस से न केवल जंगल में होने वाले अग्निकांडों में कमी आएगी। (अनंत ज्ञान)




अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाएगा। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहेगा।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य मेल पर ही लिखकर भेजें।

# चाहा गांव में पानी की कूहल बनी समृद्धि का आधार


## पानी की उपलब्धता से घराट चलाने की परंपरा भी कायम

आज हम बात करेंगे सोलन जिले के एक ऐसे गांव की जो मशहूर हिल स्टेशन कसौली की तलहटी पर बसा है। जंगेशु पंचायत के तहत आते इस खूबसूरत गांव का नाम है चाहा। चाहा गांव को प्रकृति की नेमतें हासिल हैं। सरकार ने भी यहां हर सुविधाएं दी हैं। कृषि आधारित इस गांव में गेहूं अदरक और टमाटर जैसी नकदी फसल पैदा होती है। यह तभी संभव हुआ जब गांव के पूर्वजों ने प्राकृतिक नाले से गांव तक पानी की कूहल पहुंचाई। किसी जमाने में कूहल कच्ची हुआ करती थी, मगर अब मनरेगा जैसी योजनाओं के चलते कूहल पक्की बन चुकी है और किसानों को जरूरत के मुताबिक सिंचाई के लिए पानी मिलता है। इतना ही नहीं, गांव में अभी भी पारंपरिक घराट यानी पानी से संचालित चक्की का प्रचलन है। स्थानीय लोग खुद के उगाए गेहूं को चक्की में पीसने के बजाए घराट में पीसे पौष्टिक आटे से बनी रोटियां को खाना पसंद करते हैं। सिंचाई की सुविधा होने से स्थानीय लोग गेहूं और मक्की की फसल के अलावा अब अदरक और टमाटर जैसी नकदी फसलों को अपनी आर्थिकी के रूप में अपना रहे हैं। प्राकृतिक जल स्रोत की कल कल बहती धारा गांव के एकमात्र पन चक्की यानी घराट के पंखों पर गिरती हुई गेहूं के आटे की महक बिखेरती है। लोग अपने खेतों में उगी गेहूं को घराट में पीसकर शुद्ध और पौष्टिक आहार खाना पसंद करते हैं।



भावना शांडिल
सोलन




चाहा गांव में खेती के लिए तैयार खेत।

### बोच देवी मंदिर आस्था का प्रतीक

**चाहा** गांव में स्थित बोच देवी मंदिर लोगों की आस्था का प्रतीक है। देवी के भव्य मंदिर की शोभा देखते ही बनती है। मंदिर में दूर-दूर से लोग देवी दर्शन के लिए आते हैं। कभी गांव में छोटा मंदिर हुआ करता था पर लोगों की आस्था से आज बोच देवी का मंदिर काफी सुंदर और भव्य बना है। देवी के प्रति लोगों की गहरी आस्था है।



चाहा गांव में स्थित बोच देवी का मंदिर।

### घर-घर तक पक्के रास्ते : मोहिनी शांडिल

**गांव** की पंच मोहिनी शांडिल का कहना है कि चाहा गांव के विकास को और बेहतर करने के लिए रास्तों में पेवर्स लगाकर पक्के किए गए हैं। घर-घर तक पक्के रास्ते बनाए जा चुके हैं। गांव में सिंचाई सुविधा होने के चलते शिक्षित युवा पीढ़ी भी कृषि को प्राथमिकता दे रही है। गांव से स्कूल तक पहुंचने के लिए बच्चों को बस सुविधा मिल रही है।



### गांव में हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध

**हिमाचल** प्रदेश के प्रवेश द्वार परवाणू से मात्र सात किलोमीटर की दूरी पर बसे चाहा गांव की कुल आबादी करीब 200 है। गांव में हर जाति के लोग मिलजुल कर रहते हैं। गांव में हर प्रकार की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। गांव तक पक्की सड़क, डिस्पेंसरी, जमा दो तक सरकारी स्कूल की सुविधा उपलब्ध है। गांव के अधिकतर लोग कृषि पर निर्भर हैं। गांव में पेयजल और बिजली की भीतर सुविधाएं मौजूद हैं। लोग अब खुद को विकास की मुख्यधारा से जुड़कर विकास की गति को और तेज करना चाहते हैं।

### युवा पीढ़ी का रुझान खेती की तरफ

**प्राकृतिक** संसाधनों की भरमार के चलते पढ़ी-लिखी युवा पीढ़ी भी कृषि की ओर आकर्षित हो रही है। सिंचाई की सुविधा होने से चाहा गांव में नकदी फसलों टमाटर, अदरक और गेहूं की अच्छी पैदावार होती है। खेती में व्यस्त रहने वाले युवा नशे की गलत आदतों से भी दूर हैं। चाहा गांव में युवाओं को खेल मैदान की कमी जरूर खलती है। युवा खेतों के किनारों में ही अपनी खेल गतिविधियां करते हैं। हालांकि गांव के स्कूल में मैदान की सुविधा है।

### घराट के आटे में पौष्टिकता और स्वाद दोनों

**चाहा** के जगबीर सिंह अपने पुरखों के समय से चली आ रही घराट संचालित करने की परंपरा को कायम रखे हुए हैं। जगबीर का कहना है कि घराट में पीसा आटा पौष्टिक होने के साथ स्वाद में भी उत्तम होता है। यही कारण है कि घराट में पीसे आटे की मांग भी अधिक है।

गांव का एकमात्र घराट (पनचक्की)



## फ्री बिजली यूनिट के लिए थोपी शर्तों का विरोध

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** संत रविदास धर्म सभा के प्रदेशाध्यक्ष कर्म चंद भाटिया ने प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कांग्रेस सरकार के द्वारा कैबिनेट में लिए गए व लागू लोकप्रिय जन हितैषी 125 यूनिट बिजली फ्री मिल रही बिजली को खत्म करने के निर्णय तथा प्रकट करते हुए तीखी अलोचना की है।

इस से प्रदेश की जनता में भारी आक्रोश उत्पन्न हो गया है। भाटिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नें सत्ता हासिल करने के लिए प्रदेश की जनता से अपने घोषणा पत्र में 300 यूनिट बिजली फ्री देने की लिखित गारंटी दी है लेकिन 300 यूनिट बिजली फ्री तो क्या देनी परंतु जो पूर्व भाजपा सरकार में हर एक वर्ग को 125 यूनिट बिजली फ्री दी थी बह सुविधा भी खत्म कर दी है, सरकार अपने इस कैबिनेट में लिए निर्णय पर पुनर्विचार करे। (अनंत ज्ञान)

## सुअरों व जंगली जानवरों की बढ़ रही समस्या

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**

हिमाचल किसान सभा की एक टीम ने राज्याध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह तंवर की अगुवाई में डुम्मी और भौठ पंचायत का दौरा किया। वार्ड पर किसान सभा के सदस्यों की बैठकें की गई तथा दोनों वार्डों में कमेटियां गठित की गई।

किसान सभा की इस टीम में राज्य कोषाध्यक्ष सत्यवान पुंडीर, प्रताप ठाकुर, सुनील वशिष्ठ आदि सदस्य शामिल रहे। बैठक में किसान सभा के बारे में सदस्यों को जानकारी दी कि किसान सभा किसान के मुद्दों पर किसानों को संगठित कर रही है । किसानों को आ रही समस्याओं पर संगठित होकर सरकार व विभाग पर दबाव डाल कर उनकी समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास कर रही है। लोगों ने बताया कि सुअरों व जंगली जानवरों की समस्या बढ़ती जा रही है। अंत में वार्ड कमेटियों का गठन किया गया।



लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान कमेटी सदस्य।

## 7.98 ग्राम चिट्टे के साथ चार युवक गिरफ्तार

**दशमी रावत, रोहड़ू**

रोहड़ू - समाला सडक पर समाला में शनिवार सुबह 9 बजे पुलिस ने पैट्रोलिंग के दौरान चार युवकों को 7.98 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की टीम सुबह समाला-रोहड़ू सड़क पर गश्त पर थी। रोहड़ू पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि वाहन संख्या एचपी 10ए -8805 में कुछ संदेस्हासपद व्यक्ति घुम रहे है।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन में चार व्यक्ति बैठे हुए पाए। पुलिस के अनुसार वाहन में सुनील कुमार (27) गांव पुजारली तहसील डोडरा क्वार, आरिफ हुसैन (34) गांव पालोई टालोगडा, तहसील डोडा जम्मू-कश्मीर, मोहित (21) गांव शाकली तहसील रोहड़ू व पर्थ (21) गांव बराडा तहसील रोहड़ू बैठे हुए पाए गए।

एसडीपीओ रोहड़ू रविंद्र नेगी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया है कि मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर दिया है! उन्होंनें बताया कि जांच पडताल की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# टूटे-फूटे भवन में चल रहा पंचायत भलाड़ा का कार्यालय

**दशमी रावत, रोहड़ू**

उपमंडल रोहड़ू की भलाड़ा ग्राम पंचायत का भवन पिछले एक साल से जर्झर हालत में चल रहा है। एऐसा नहीं है कि वह बहुत पुराना है, बल्कि कुछ ही साल पहले बनाकर सरकार ने जनता को समर्पित किया है। पिछले एक साल पहले भारी बरसात के चलते भवन के ऊपर मलवा गिर गया है। जिसके बाद तीन मंत्रियों का दौरा भी भलाड़ा ग्राम पंचायत में हुआ है और सभी ने मौके पर लोंगों को शीघ्र ही पंचायत भवन के लिए 10 लाख रुपए से अधिक की सहायता देने का आश्वासन भी दिया है। मुख्य मार्ग में होने के कारण सीपीएस मोहन लाल भी एक बार नहीं बल्कि कई बार इस भवन से होकर गुजरते रहते है और उनके स्वागत में पंचायत भवन के बाहर प्रतिनिधि व मौजूद लोग फूल मालाओं के साथ इस उम्मीद में स्वागत करते रहे कि उनके आने से भवन की अच्छे से मुरम्मत होगी। यही नहीं हर बार 5 लाख रुपए से अधिक की सहायता राशि प्रदान करने का आश्वासन भी देते रहे है।



अब हालत और मजबूरी का आलम यह है कि पंचायत की मासिक बैठक और अन्य गतिविधियां भी इसी भवन में चल रही है।

यदि समय रहते हुए मरम्मत नहीं की गई तो कभी भी इस भवन में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। पिछली साल बरसात के दौरान भलाड़ा ग्राम पंचायत में भारी नुकसान हुआ है। इस दौरान ग्राम पंचायत के क्षेत्र में 10 करोड़ रुपए से अधिक नुकसान हुआ है।(अनंत ज्ञान)

### राजनीति का शिकार है भलाड़ा पंचायत

**ग्राम** पंचायत भलाड़ा की प्रधान प्रभा चौहान ने बताया कि भलाड़ा पंचायत के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। भवन का एस्टीमेट कई बार बनाया गया है, लेकिन विधायक व सीपीएस मोहन लाल लोंगों के सामने आश्वासन देते आए है।

विभागीय स्तर पर छानबीन की गई तो राजनीतिक द्वेष की भावना से प्रेरित व संकुचित सोच के चलते विधायक पंचायत के कार्य करना ही नहीं चाहते है।

## न्यूज ब्रीफ

### पेशियों से गैरहाजिर रहने पर आरोपी भगोड़ा घोषित

**गोपाल कपिल, झंडूता।** झंडूता की अदालत ने एक आरोपी को पेशियों से गैरहाजिर रहने पर भगोड़ा घोषित किया है। आरोपी के खिलाफ अदालत के आदेश की अवहेलना करने के आरोप में झंडूता थाना ने मामला भी दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार रविंद्र निवासी लुहारवीं तहसील झंडूता जिला बिलासपुर के खिलाफ झंडूता थाने में आपराधिक मामला दर्ज हुआ था। पुलिस ने जांच के बाद अदालत में मामला दायर किया। पेशियों पर हाजिर न होने पर आरोपी रविंद्र को अदालत ने समन, वारंट आदि जारी किए गएए लेकिन वह पेश नहीं हुआ। इस पर अदालत ने उसे भगोड़ा उद्घोषित अपराधी करार दे दिया। डीएसपी मुख्यालय मदन धीमान ने बताया कि आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### घुमारवीं कॉलेज में पीजी कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**नीरज शर्मा, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में सत्र 2024-25 के लिए एमए एमएससी तथा एमकाम कक्षाओं के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक विद्यार्थी 25 जुलाई तक महाविद्यालय वेवसाईट पर अपना आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय द्वारा अंग्रेजी, राजनीतिक विज्ञान, एमकॉम, गणित, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान तथा रासायनिक विज्ञान विषयों के लिए प्राप्त आवेदनों की 27 जुलाई को 12 बजे तक मेरिट सूची जारी की जाएगी तथा 29 एवं 30 जुलाई को विद्यार्थियों की काउंसिलिंग होगी। स्नातकोत्तर कक्षाओं की प्रवेश प्रक्रिया की काउंसिलिंग में केवल वही विद्यार्थी भाग सकते हैं, जिन्होंने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में आयोजित प्रवेश परीक्षा में भाग लिया हो। संपूर्ण जानकारी तथा प्रोस्पेक्टस के लिए के लिए विद्यार्थी महाविद्यालय की वेबसाइट को देख सकते हैं।



### झंडूता कॉलेज में प्रवेश के लिए कल अंतिम दिन

**गोपाल कपिल, झंडूता।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया राजकीय महाविद्यालय झंडूता में 3 जून से शुरू हो चुकी है। प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। इसलिए विभिन्न संकायों में प्रवेश लेने वाले इच्छुक विद्यार्थी समय रहते अपना प्रवेश सुनिश्चित कर लें। प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थी महाविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल पर अंतिम तिथि 15 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं । प्रवेश प्रक्रिया की पूरी जानकारी के लिए विद्यार्थी महाविद्यालय पोर्टल से शैक्षणिक सत्र 2024-25 की विवरण पत्रिका डाउनलोड कर सकते हैं । इसके साथ ही बीए, बीकॉम एवं बीएससी के दूसरे और तीसरे वर्ष के विद्यार्थी भी 15 जुलाई तक बिना अतिरिक्त शुल्क के फीस जमा करवा कर दाखिला ले सकते हैं। प्राचार्य प्रो सतीश चंदेल ने कहा कि दाखिले से संबंधित अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी कॉलेज आ सकते हैं या फिर 9418959159, 9418457899 नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

# सीएम बिलासपुर को आज देंगे करोड़ों की सौगात

## पर्यटन विकास निगम के 23.11 करोड़ के होटल की रखेंगे आधारशिला

**शुभम राही, बिलासपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू रविवार को बिलासपुर पहुंच रहे हैं। किरतपुर-नेरचैक फोरलेन बिलासपुर जिला पर स्थित ओहर क्षेत्र में 23.11 करोड़ की लागत से यहां पर पर्यटन विकास निगम का आलीशान होटल बनने जा रहा है। ऐसे में रविवार को मुख्यमंत्री स्वयं इस प्रोजेक्ट की आधारशिला रखने के लिए बिलासपुर पहुंच रहे हैं। रविवार को मुख्यमंत्री 11:40 मिनट पर सुबह बिलासपुर एम्स के हैलीपेड में उतरेंगे। उसके बाद सीधे ओहर क्षेत्र में स्थित एचपीटीडीसी के रेस्तरां में जाएंगे। यहां पर ही इस आलीशान होटल के निर्माण की आधारशिला रखी जाएगी। उसके बाद मुख्यमंत्री दोपहर का भोजन ओहर एचपीटीडीसी के रेस्तरां में ही करेंगे और शाम 4 बजे वह ओहर से एम्स बिलासपुर हेलिपैड के लिए रवाना हो जाएंगे। एम्स से वह सीधे शिमला को निकल जाएंगे। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री का टूअर प्रोग्राम भी जारी हो गया है।



आपको बता दें कि किरतपुर-नेरचैक फोरलेन किनारे औहर में नेशनल स्टैंडर्ड का आलीशान होटल निर्मित करने की योजना है, जिसके लिए 23.11 करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी मिली है।

गौरतलब है कि औहर में शुरू किया गया टूरिज्म कैफे पर्यटकों की पहली पसंद बना है। हर दिन भारी संख्या में पर्यटक कैफे में रुककर ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर करने के लिए रुक रहे हैं। इससे पर्यटन विकास निगम की आय में भी इजाफा हो रहा है। आने वाले समय में यह स्थान पर्यटन के लिहाज से आकर्षण का केंद्र बनेगा। (अनंत ज्ञान)

## चेहड़ में प्रवासी महिला को सांप ने काटा

**नीरज शर्मा, घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवीं की ग्राम पंचायत लुहारवीं के गांव चेहड़ में एक प्रवासी महिला को सांप ने डस लिया। महिला को स्थानीय लोगों की सहायता से एम्स बिलासपुर लाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार मूलरूप से बिहार की ममता 28 उम्र चेहड़ में किराए के कमरे में परिवार के साथ रहती है। सुबह 5 बजे महिला को किसी चीज के काटने का एहसास हुआ। जब उठकर देखा तो कमरे में सांप दिखाई दिया। उसने पति को आवाज लगाई। पड़ोस के एक व्यक्ति ने महिला को तुरंत गाड़ी में डालकर एम्स पहुंचाया। फिलहाल महिला खतरे से बाहर बताई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# श्री नयना देवी जी में 22 .5 लाख लगी पार्किंग की बोली

**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी जी**

श्री नयना देवी जी नगर में प्राचीन गुफा के पास पार्किंग स्थल की बोली में इस बार 9.29 लाख रुपए की बढ़ोतरी हुई है। पिछली बार पार्किंग स्थल की बोली 12.76 लाख रुपये लगी थी। इस बार यह बोली 22.5 लाख रुपए लगी है। इससे मंदिर प्रशासन को 9 लाख 29 हजार रुपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ है।

गुफा के समीप मंदिर न्यास के पार्किंग स्थल की बोली मंदिर कार्यालय में करवाई गई। बोली मंदिर न्यास के मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर मंदिर न्यासी भी मौजूद रहे। बोली दाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आखिरी बोली बलबीर के नाम रही। बलबीर लाखनू ने 22 लाख 5 हजार रुपए में सर्वाधिक बोली लगाई। मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर ने बताया कि मंदिर न्यास को इस बार की बोली में 9.29 लाख का अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। (अनंत ज्ञान)




# जम्वाल ने कर्मचारियों-पेंशनर्स की देनदारी को लेकर सरकार को घेरा

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कर्मचारियों और पेंशनर्स की देनदारी को लेकर प्रदेश की सुक्खू सरकार पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि ओपीएस की बहाली का दावा करने वाली सुक्खू सरकार कर्मचारियों और पेंशनर्स को उनका हक तक नहीं दे रही है। चाहे संशोधित वेतनमान के एरियर की बात हो या महंगाई भत्ते तथा लीव-इन-कैशमेंट व डीसीआरजी डेथ कम रिलीफ ग्रांट की, कर्मचारियों और पेंशनर्स को इनके लिए तरसाया जा रहा है। इसी तरह अपनी चुनावी गारंटियां पूरी करने के बजाए लोगों से उन्हें पहले से मिल रही सुविधाएं भी छीनी जा रही हैं। डेढ़ साल में 20 हजार करोड़ रुपए का ऋण ले चुकी सरकार बताए कि यह पैसा आखिर कहां खर्च किया गया है।



जम्वाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 2016 के बाद संशोधित वेतनमान के एरियर का भुगतान नहीं किया है। 2016 से 2020 के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी अपने इस हक से वंचित हैं। 2023 के बाद सेवानिवृत्त कर्मचारियों को लीव-इन-कैशमेंट व डीसीआरजी का पैसा भी नहीं मिल रहा है। इसके लिए उन्हें हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

## अपने हथियार पुलिस थाना से ले जाएं, अन्यथा होगी कार्रवाई : भाग सिंह

**नीरज शर्मा, घुमारवीं।** पुलिस थाना घुमारवीं प्रभारी भाग सिंह ने लोगों से आग्रह किया है कि वे अपने हथियार समय पर पुलिस थाना से ले जाएं, अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के चलते पुलिस थाना घुमारवीं में कानूनी सुरक्षा बनाए रखने के लिए बंदूकें आदि जमा की गई थीं तथा लोगों को यह भी अवगत करवा दिया गया था कि जैसे ही विधानसभा चुनाव संपन्न होंगे तथा आदर्श चुनाव संहिता उठेगी उसके बाद सभी लाइसेंस धारक हथियार घर ले जा सकते हैं। लेकिन लोग अभी तक भी अपने हथियार घर ले जाने में आनाकानी दिखा रहे हैं। थाना प्रभारी भाग सिंह ठाकुर ने लोगों से आग्रह किया कि वे शीघ्र अपने हथियार घर ले जाएं अन्यथा नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों से लग रहा जाम

## संकरी हो रही घुमारवीं शहर की सड़कें, पैदल चलने वाले लोग सबसे ज्यादा परेशान

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

उपमंडल घुमारवीं शहर में बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों से सड़क संकरी हो रही है। शहर में वाहन चालक सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से वाहन खड़ा कर देते हैं, जिस वजह से शहर में पूरा दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। पूरा दिन लगने वाले इस जाम से जहां स्थानीय दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, तो दूसरी तरफ शहर भर में ट्रैफिक को लेकर अव्यवस्था का आलम बना रहता है। प्रशासन का भी इस ओर ध्यान नहीं है। इससे समस्या और विकराल रूप लेती जा रही है। शहर में जगह-जगह दोपहिया वाहन व कारें सड़क के किनारे खड़े देखे जा सकते हैं। ऐसे में पैदल चलने वाली लोगों को खासा परेशान होना पड़ता है।



घुमारवीं शहर पार्किंग स्थल बनकर रह गया है। हालांकि शहर में पार्किंग की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन द्वारा नया पार्किंग प्लान तैयार किया गया था, जिसे उपायुक्त बिलासपुर द्वारा मंजूरी दी गई थी।, लेकिन एक वर्ष का समय बीत जाने के बाद भी इस पार्किंग प्लान को प्रशासन धरातल पर नहीं उतर पाया है।

इस संबंध में नगर परिषद घुमारवीं की अध्यक्ष रीता सहगल ने कहा कि घुमारवीं बाजार में पार्किंग की असुविधा को देखते हुए नगर परिषद अलग-अलग स्थानों का चयन कर पार्किंग निर्माण के लिए प्रयासरत है। (अनंत ज्ञान)

# सीएम सुक्खू की बेटियां बोलीं- पिता के बाद मां भी बनीं विधायक



चुनाव जीतने के बाद अपनी बेटियों के साथ कमलेश ठाकुर।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर देहरा सीट से उपचुनाव जीत गई हैं। परिवार से दो सदस्य अब विधानसभा में होंगे। इस जीत से सीएम की बेटियां काफी उत्साहित हैं और उन्होंने मीडिया से बातचीत में अपनी खुशी भी जाहिर की।

सीएम की बेटियों कामून ठाकुर और रुहून ठाकुर ने कहा कि वे इस जीत से काफी उत्साहित हैं और देहरा की जनता का आभार जताती हैं, जिन्होंने उन्हें इतनी बड़ी खुशी दी है। रुहून ने कहा कि हमारे लिए बहुत बड़ी जीत है। पहले पापा के लिए खुश थे और अब मां भी जीत गई है तो बड़ी बात है। देहरा के लोगों ने मां को जिताया है और आगे भी जिताएंगे। क्या सीएम सुक्खू की बेटियां राजनीति में आएंगी? इस सवाल पर रुहून ने कहाकि वे आगे की बात है जब समय आएगा तो हमें फील्ड में देखेंगे। हम तो केवल उनके बच्चों की तरह रहना चाहते हैं, लेकिन खुशी की बात है कि देहरा में इतने साल बाद कांग्रेस आई है। मेरे माता-पिता दोनों ने बहुत मेहनत की। देहरा की जनता और कार्यकर्ताओं ने मेहनत की। देहरा के लोगों ने बहुत खुशी दी है। देहरा के विकास के लिए काम होगा।



भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा जीतने के बाद घर पर पहुंची महिलाओं से आशीर्वाद लेते हुए।

# 'नवरत्न' फ्लॉप शो, सुक्खू का 'गोल'

## भाजपा के 'कुनबे' में अंदरुनी लड़ाई और गहराई, कांगड़ा में सीएम की 'एंट्री' तो हमीरपुर में नड्डा का 'उदय'

**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर**

ऑपरेशन लोट्स की वजह से हिमाचल में हुए विधानसभा उपचुनाव के बहाने भाजपा का 'नवरत्न' फ्लॉप शो साबित हुआ है। लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने 'गोल' में कामयाब रहे हैं। इन चुनावों में छह नेता धड़ाम हुए, जबकि 6 का भाग्य भी उदय हो गया। कुल मिलाकर राजनीति के इस खेल में देहरा के बहाने सुक्खू की कांगड़ा जिले में धमाकेदार एंट्री हो गई, जबकि हमीरपुर में केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का भी 'उदय' हो गया।

मुख्यमंत्री के इस गृह जिले में तीन उपचुनावों में कांग्रेस को सुजानपुर को छोड़कर अन्य 2 बड़सर और हमीरपुर में नुकसान उठाना पड़ा, जबकि इन चुनावों में मुख्यमंत्री का नारा भी खूब गुंजा। मगर मतदाताओं ने उसे ज्यादा तवज्जो नहीं दी, इसलिए हाथ का साथ भी सुक्खू को कहीं न कहीं अपने गृह जिले में कमजोर कर गया है। उन्हें भी जिला की राजनीति में अब नई रणनीति के तहत काम करने की जरूरत रहेगी।

भाजपा की अंदरुनी लड़ाई इन तमाम चुनावों के बाद अब और ज्यादा गहरा गई है। भाजपा निश्चित रूप में अब इस लड़ाई के ऐसे निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। जिसमें अनुशासन, जवाबदेही और आइसोलेशन की स्थिति सवालों के घेरे में है। ऑपरेशन लोटस का सबसे ज्यादा असर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की राजनीति पर पड़ा है।

इसमें भी यदि हमीरपुर जिला कह लिया जाए, तो गलत नहीं होगा। अब क्योंकि बड़सर और हमीरपुर में दोनों प्रत्याशी जीत गए हैं। हालांकि, भीतरघात करने वालों की यहां किसी भी स्तर पर कमी नहीं थी। लेकिन पहले इंद्रदत्त लखनपाल के असर रसूख और उसके बाद हमीरपुर में आशीष शर्मा का प्रबंधन इन उम्मीदवारों के लिए भविष्य की राजनीति को जिंदा रखने में कामयाब रहा है।

हमीरपुर जिला में सुजानपुर में भले ही राजेंद्र राणा चुनाव हार गए हों, लेकिन तीन में से दो सीटें जिला की राजनीति में नड्डा के खाते में ही पड़ेंगी। जिला की भाजपा राजनीति में भी अब बड़े स्तर पर पोस्टमार्टम होगा। (अनंत ज्ञान)



देहरा में कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर की जीत का जश्न मनाते कांग्रेसी कार्यकर्ता।

### 13 का आंकड़ा खास

**हमीरपुर** के आशीष शर्मा का लकी नंबर 13 है। उनका 13 जून को ही टिकट अनाउंस हुआ था। 13 को ही रिजल्ट निकला और खास बात यह भी रही, कि तीनों उपचुनावों में कुल 13 उम्मीदवार ही खड़े थे। यानी आशीष के लिए 13 का अंक इस बार भी लक्की साबित हुआ।

### देहरा में सीएम ने अपना सिक्का जमाया

**नालागढ़** में डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने खुद को और बेहतर साबित किया। यही स्थिति कांग्रेस को मजबूती दे गई।

### ऑपरेशन लोटस बनाम कांग्रेस की एकजुटता

**ऑपरेशन** लोटस के बाद कांग्रेस सरकार के बने रहने को लेकर जो भ्रम पैदा हुआ उपचुनावों का दौर शुरू हुआ। उसमें एक बात साफ जाहिर हो गई कि इस पार्टी का पूरा कुनबा एकजुट होकर चुनावों में डटा रहा और अंतिम समय तक फिर वही स्थिति यानी जो आंकड़ा 2022 के चुनाव में उसके पास था। वही 40 का फिर से बना रहा।

### धर्माणी रहे अन लक्की

**कैबिनेट** मंत्री मंत्री राजेश धर्माणी उपचुनाव में अन लकी रहे। वे हमीरपुर के प्रभारी थे। लेकिन पार्टी चुनाव हार गई इससे पहले बड़सर में भी उन्हें चुनाव प्रभारी बनाया गया था वहां भी चुनाव कांग्रेस नहीं जीत पाई। जिला मुख्यमंत्री का था, इसलिए इस जिले में जो हालात थे, वह पहले से ही गुदगुदाने वाले नहीं थे।

### एक-दूसरे को पटकनी देने में लगे रहे भाजपा नेता

**पूर्व** मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व में पिछले कुछ समय से जो हालात तैयार हुए, उसमें पार्टी का कुनबा चुनावी दौर में कमजोर साबित हुआ। खेमेबाजी में नेता एक-दूसरे को पटखनी देने में लगे रहे, लेकिन अब भाजपा के भीतर नए सिरे से नेतृत्व को लेकर मंथन का दौर तो शुरू होगा ही, क्योंकि अभी तक पूर्व मुख्यमंत्री धूमल के इर्द-गिर्द घूमने वाली राजनीति में फिलहाल पहले डायवर्सन नजर आने लगी है। अब जिला के संगठनात्मक ढांचे की राजनीति में बदलाव होगा और इसमें 'धुरी' का काम राजेंद्र राणा, आशीष शर्मा और ईद लखनपाल के इर्द-गिर्द घूमना शुरू हो सकता है।



हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र के हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा को विजयी होने पर बहुत बधाई व असीम शुभकामनाएं। हमीरपुर के भाजपा कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम व पार्टी की जीत के लिए उनके समर्पण को मेरा नमन। मैं इस बड़ी जीत के भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं। आशा ही नहीं, पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत विजन में हमीरपुर के चहुंमुखी विकास में व देवभूमि हिमाचल को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने में एक विधायक के रूप में आशीष शर्मा अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## हिमाचल विधानसभा में मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी पहली बार एक साथ आएंगे नजर

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल विधानसभा में पहली मर्तबा पति-पत्नी एक साथ नजर आएंगे। हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उनकी पत्नी कमलेश ठाकुर के रूप में प्रदेश के इतिहास में पहली मर्तबा यह कारनामा हुआ है, क्योंकि देहरा विधानसभा सीट पर हुए उप चुनाव में कमलेश ने जीत हासिल की है। वे अब सुक्खू के साथ सदन में बैठी हुई नजर आएंगी। हिमाचल की किसी भी सरकार में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ।



वर्ष 2017 के चुनाव में पिता पुत्र के रूप में वीरभद्र सिंह और उनके बेटे विक्रमादित्य सिंह सदन में पहुंचे थे। मगर पति-पत्नी के रूप में यह पहली मर्तबा इतिहास रचा गया है।

अब हिमाचल की विधानसभा में महिला सदस्यों की संख्या तीन हो गई है, जिनमें रीना कश्यप, अनुराधा राणा और अब कमलेश ठाकुर भी उनके साथ शुमार हो गई हैं। दर असल में देहरा विधानसभा सीट कांग्रेस ने पहले कभी नहीं जीती। यह पहला मौका है, जब कमलेश ठाकुर के रूप में कांग्रेस ने वहां पहली जीत हासिल की है। यह उपचुनाव अजीबो-गरीब माहौल में हुआ है।

जब डेढ़ साल पहले निर्दलीय रूप में होशियार सिंह चुनाव जीते थे, लेकिन ऑपरेशन लोट्स के कारण जो हुआ, इस वजह से होशियार सिंह भाजपा में शामिल हुए और अब इस चुनाव में जब कमलेश ठाकुर ने शगुन के रूप में लोगों से वोट मांगे, तो होशियार सिंह चुनाव में हार गए। (अनंत ज्ञान)

# सीएम ने 7 दिन हमीरपुर में लगाए, सीट नहीं जितवा पाए : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार पिछले डेढ़ वर्ष से चल रही है। इस मध्य लोकसभा चुनाव हुए सरकार ने पूरी ताकत झोकी, करोड़ों रुपए व सरकारी मशीनरी लगाई, परंतु भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काम पर व भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत से चारों लोकसभा सीटें जीती। इन लोकसभा चुनावों में 68 विधानसभाओं में से 61 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा जीती।

उन्होंने कहा की 10 जुलाई के तीन उपचुनावों में भाजपा ने हमीरपुर सीट जीती और मुख्यमंत्री

### यह उपचुनाव कांग्रेस ने लोभ-लालच के आधार पर जीता

महोदय के अपने जिला की सीट भाजपा ने जीती। मुख्यमंत्री ने करोड़ों रुपए इस उपचुनाव पर लगाए, पूरी सरकार को चुनाव अभियान में लगाया, उम्मीदवार पर निराधार मुकदमे बनाए गए। उन्होंने कहा की भाजपा को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए डर, भय और आतंक का माहौल प्रदेश में खड़ा किया गया।



डॉ. राजीव बिंदल

मुख्यमंत्री ने 7 दिन हमीरपुर के गली-मोहल्लों में लगाए, परंतु वह हमीरपुर सीट फिर भी नहीं जितवा पाए। बिंदल ने कहा कि नालागढ़ के चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने व मुख्यमंत्री ने करोड़ों रुपए व्यय किए। हर मोहल्ले में दारू व नशे के अड्डे खोल दिए। लोगों को बंदूक की नोक पर धमकाया गया। इसी प्रकार से देहरा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार के पीछे बड़ी मात्रा में पुलिस बल लगाकर रखा और हर चुने हुए प्रतिनिधियों को डराया व धमकाया गया।

यह उपचुनाव लोभ, लालच व भय के आधार पर कांग्रेस द्वारा जीता गया। हिमाचल की जनता यह सब जानती है कि भारी भरकम भ्रष्टाचार के आरोप सरकार पर लग रहे हैं, वह धन किस काम पर लगाया गया है। इसके कई प्रमाण हमारे समक्ष है। उन्होंने कहा की हिमाचल में सरकार चुनाव लड़ रही थी न की कांग्रेस पार्टी।

# आशीष शर्मा की पत्नी को मतगणना केंद्र में जाने से रोका

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा को समर्थक कंधों पर उठाकर मतगणना केंद्र तक ले आए। वहां पर उनकी पत्नी स्वाति शर्मा भी पहुंच गई। बाल स्कूल मैदान की ओर से बनाए गए एंट्री गेट पर जैसे ही आशीष शर्मा अपनी पत्नी के साथ एंट्री करने लगे पुलिस ने उन्हें रोक लिया और कहा कि अंदर एक ही जा सकता है।

पुलिस ने उनकी पत्नी को बार-बार कहने के बाद अंदर नहीं जाने दिया। वहीं, मीडिया कर्मी भी कवरेज करने के लिए अंदर जाना चाह रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें भी अंदर नहीं जाने दिया। पुलिस के इस व्यवहार से उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा की पत्नी स्वाति शर्मा ने भी पुलिस के इस व्यवहार पर आश्चर्य व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने पहली बार उनके साथ ऐसा व्यवहार किया जिसका आश्चर्य है। हालांकि, आशीष शर्मा ने डीएसपी से बात की लेकिन उसके बाद भी अंदर नहीं जाने की अनुमति नहीं मिली। आशीष शर्मा ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह से फोन पर बात की उसके बाद उनकी पत्नी को अंदर जाने दिया। उसके बाद काउंटिंग हाल तक उनकी पत्नी साथ रही। इस बारे में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि जो भी निर्देश थे उनके अनुसार उम्मीदवार और काउंटिंग एजेंट को ही अंदर आने की अनुमति थी। उन्होंने बताया कि जीत के बाद परिस्थितियां बदल जाती हैं, इसलिए डीएसपी हमीरपुर ने मुझे इस बारे में बताया फिर उन्हें अंदर आने दिया गया। (अनंत ज्ञान)



आशीष शर्मा की पत्नी स्वाति शर्मा जिन्हें मतगणना केंद्र के एंट्री गेट पर पुलिस ने रोक लिया।



मतगणना केंद्र के बाहर भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा के आने का इंतजार करते भाजपा समर्थक।



विधानसभा उपचुनाव में जीत दर्ज करने के बाद आशीष शर्मा को मतगणना केंद्र तक कंधों पर उठाकर ले जाते समर्थक।



आशीष शर्मा को जीत मिलने के बाद नादौन के पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री व महिलाएं विजयी चिन्ह बनाते हुए।

# नालागढ़ में केएल ठाकुर को इस्तीफा पड़ा भारी

## लोगों की नाराजगी नहीं हुई दूर, हरदीप बावा ने 8990 मतों से हराया

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप सिंह बावा ने 34,608 वोट प्राप्त कर रिकॉर्ड कायम कर दिया है। विधानसभा के इतिहास में पहली बार किसी कांग्रेस प्रत्याशी को 34 हजार तक वोट मिले है।

हरदीप बावा की इस जीत से कांग्रेस एक बार फिर मजबूत हो चुकी है। उपचुनाव में कांग्रेस की लहर के आगे पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर समेत पूर्व मंत्रियों व विधायकों की फौज भी भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर को जीत नही दिला पाई। कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप बावा ने भाजपा से प्रत्याशी केएल ठाकुर को 8990 मतों से पराजित किया। हरदीप बावा को 34,608 मत पड़े और भाजपा से केएल ठाकुर को 25,618 मत प्राप्त हुए जबकि आजाद प्रत्याशी हरप्रीत सैनी को 13025 वोट पड़े।



केएल ठाकुर

हरदीप बावा ने पहले राउंड से ही बढ़त बना ली थी जिसे भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर अंत तक नहीं तोड़ पाए। बावा ने नालागढ़ के मैदानी व पहाड़ी क्षेत्रो में भाजपा से लीड ली। पहाड़ी क्षेत्र से कांग्रेस के हरदीप बावा ने 25 सौ से अधिक लीड है वहीं मैदानी क्षेत्र में 6400 से अधिक लीड लेकर भाजपा को हर पंचायत स्तर पर पराजित किया।

### जयराम सहित बड़े नेता भी नहीं बचा सके

**नालागढ़** सीट पर भाजपा ने अपनी पूरी फौज को उतार रखा था जिसमें नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर समेत पूर्व मंत्री एवं प्रभारी सुखराम चौधरी, राज्यसभा मेंबर डॉ. सिकंदर, पूर्व मंत्री राजीव सहजल समेत कई विधायकों को तैनात किया था जो सभी सीट निकाल पाने में फेल साबित हुए।

### केएल के इस्तीफे के बाद उपचुनाव हुआ

**वर्ष** 2022 में आजाद तौर पर केएल ठाकुर को 13 हजार की लीड मिली। जिसके बाद केएल ठाकुर ने भाजपा में आने के बाद इस्तीफा दिया तो उपचुनाव के समीकरण बने और भाजपा ने केएल ठाकुर को टिकट देकर चुनाव लड़ाया लेकिन केएल ठाकुर दोबारा जीतने में नाकाम साबित हुए।

**बाजीगर** विधानसभा क्षेत्र बनने के बाद खुला कांग्रेस का खाता, देहरा को जिला बनने की जगी आस

# सीएम की पत्नी के सिर देहरा का सेहरा

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

देहरा कोई नहीं तेरा के नारे वाले देहरा में सीएम की पत्नी के सिर जीत का सेहरा सजने के बाद देहरा के जिला बनने की सबसे बड़ी तथा चिर लंबित मांग के पूरा होने की आस लोगों में जगी है।

कांगड़ा जिला की देहरा विधानसभा सीट यहां से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर के कांग्रेस की प्रत्याशी होने के कारण हॉट सीट बन गई थी, वहीं 2008 में विधानसभा सीट बने देहरा में हुए कुल 4 चुनावों में पहली बार कांग्रेस यहां जीत का परचम लहरा पाई है। देहरा को जिला बनाने की मांग यहां की मुख्य मांग रही है तथा इस जीत के कारण यहां के लोगों को उम्मीद है कि उनकी ये चिर लंबित मांग पूरी हो पाएगी। इसके अलावा सीएम को जीत का तोहफा देने के बाद क्षेत्र के विकास को लेकर कांग्रेस की ओर से की गई घोषणाओं के भी पूरा होने की आस भी लोगों में जगी है।



कमलेश ठाकुर

इन घोषणाओं में देहरा में एसपी कार्यालय खोलने तथा लोक निर्माण विभाग का मंडल कार्यालय खोलने के अलावा पानी, सड़क तथा बेसहारा पशुओं की समस्या को हल करने की घोषणाएं अहम हैं। परिसीमन के बाद 2008 में विधानसभा क्षेत्र बने देहरा में अब तक 3 चुनाव तथा एक उपचुनाव हुआ है। साल 2012 के चुनावों में यहां से भाजपा के उम्मीदवार रविंद्र सिंह रवि ने पहली बार जीत दर्ज की तथा इसके बाद 2017 तथा 2022 के चुनावों में निर्दलीय चुनाव लड़ कर होशियार सिंह ने लगातार जीत दर्ज क। यह पहला मौका है कि चौथी बार इस सीट के लिए हुए उपचुनाव में होशियार सिंह को 9399 मतों के बड़े अंतर से सीएम की पत्नी तथा कांग्रेस की उम्मीदवार कमलेश ठाकुर ने जीत दर्ज की। विधानसभा सीट बनने के बाद यह कांग्रेस की पहली जीत है। प्रदेश के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब कोई पति-पत्नी एक साथ विधानसभा में बैठेंगे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### जीत पर हिम जन जागरण मंच ने बांटे लड्डू



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां ।** हिम जन जागरण मंच ने कांग्रेस द्वारा दो सीट पर विजय परचम लहराने पर दोनों विजयी प्रत्याशियों कमलेश ठाकुर और बावा हरदीप को बधाई संदेश भेजा है। मंच के अध्यक्ष डॉक्टर नरेश विरमानी जी ने दोनों विजयी प्रत्याशियों के साथ साथ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुख्खू और आरएस बाली को भी बधाई दी है। डॉक्टर विरमानी जी ने नालागढ़ और देहरा की जनता की सकारात्मक सोच की सराहना करते हुए इस जीत को नकारात्मक शक्तियों की हार बताया है। उन्होंने कहा कि यह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत हैं। इस अवसर पर उनके साथ अशोक गौतम, कुलदीप कौशल, राजमल चौधरी, राजेंदर मलहोत्रा, पूजन भंडारी, जनक राज, पवन सूद, अनमोल चौधरी, महंत शिवगीरी, सुरजीत परमार, कर्म चंद भाटिया आदि भी मौजूद रहे।

### कमलेश की जीत से कांग्रेस कार्यकर्ता गदगद



**शिवम शर्मा, देहरा ।** देहरा उपचुनाव में कांग्रेस की कमलेश ठाकुर की शानदार जीतपर शनिवार को पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर खूब जश्न मनाया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को जीत की बधाई दी।

# सीएम की पत्नी कमलेश ठाकुर का हुआ देहरा

## उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह को 9339 मतों दे दी शिकस्त

**सालबिया शर्मा, गरली**

देहरा विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की कमलेश ठाकुर ने भाजपा के प्रत्याशी होशियार सिंह ठको 9 हजार 399 मतों से हराकर जीत हासिल की है। पहले चार राउंड में पिछड़ने के बाद कमलेश ठाकुर ने अच्छी खासी बढ़त बना ली और अंत में 9399 मतों से जीत हासिल की। उन्हें कुल 32 हजार 737 मत पड़े, इनमें 32 हजार 125 वोट ईवीएम तथा 612 वोट डाक मतपत्र के माध्यम से पड़े। वहीं, भाजपा के होशियार सिंह 23 हजार 338 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इनमें 22 हजार 860 वोट ईवीएम तथा 478 वोट डाक मतपत्र के माध्यम से पड़े। निर्दलीय प्रत्याशी अरुण अंकेश स्याल को 67, सुलेखा चौधरी को 171 तथा संजय शर्मा को 43 वोट पड़े। नोटा को 150 वोट पड़े।



देहरा में कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर के साथ जीत का जश्न मनाते पार्टी के कार्यकर्ता।

### ईवीएम के वोट

**ईवीएम** से कुल वोट 55 हजार 408। इनमें कांग्रेस की कमलेश ठाकुर को 32 हजार 125, भाजपा के होशियार सिंह को 22 हजार 860, आजाद उम्मीदवार अरुण अंकेश स्याल को 65, सुलेखा चौधरी को 167, संजय शर्मा को 43 तथा नोटा को 148 वोट पड़े।

### पोस्टल वोट

**देहरा** उपचुनाव में कुल 1098 पोस्टल वोट पड़े। इनमें कमलेश ठाकुर को 612, होशियार सिंह को 478, अरुण अंकेश स्याल को 2, सुलेखा चौधरी को 4 और नोटा को 2 वोट पड़े।

### वोट प्रतिशतता

**वोट** प्रतिशतता की बात करें तो कांग्रेस की प्रत्याशी कमलेश ठाकुर को 57.94 प्रतिशत और भाजपा के उम्मीदवार होशियार सिंह को 41.30 प्रतिशत वोट पड़े। (अनंत ज्ञान)

## कमलेश ने जीत के बाद लक्ष्मी नारायण मंदिर में नवाया शीश

**शिवम शर्मा, देहरा**

देहरा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर ने चुनाव जीतने के बाद सबसे पहले लक्ष्मी-नारायण मंदिर चनौर पहुंचीं। उन्होंने यहां पूजा-अर्चना की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह मनकोटिया के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मलेश ठाकुर के गले में फूलमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और कमलेश ठाकुर की जीत की खुशी में पटाखे फोड़े तथा लड्डू बांटकर जश्न मनाया। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने कहा कि देहरा विधानसभा क्षेत्र कमलेश ठाकुर की देहरा उपचुनाव में बहुत बड़ी जीत हुई है। (अनंत ज्ञान)

## कमलेश की शानदार जीत पर देहरा में जश्न

### उपमंडल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ढोल की थाप पर डाला भांगड़ा, पटाखे फोड़े

**शिवम शर्मा, परागपुर**

देहरा उपचुनाव में कांग्रेस की कमलेश ठाकुर की शानदार जीत पर उपमंडल देहरा भर के भिन्न-भिन्न इलाकों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा खूब जश्न मनाया। दयाल नैहरनपुखर हार मिटां करियाडा ढलियारा बीहण बडलठोर डाडासिबा कुंदलीहार व देहरा बाजार आदि इलाकों में कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े ब लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। ढोल की थाप पर महिला मोर्चा व कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जमकर भांगड़ा डाला।

इस दौरान कमलेश ठाकुर की शानदार जीत पर मंडल पदाधिकारियों द्वारा अपने सभी क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और जनता का आभार प्रकट किया, जिन्होंने इतनी बढ़त कांग्रेस प्रत्याशी को दी और उन्होंने इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भी बधाई दी। (अनंत ज्ञान)



कांग्रेस पत्याशी कमलेश ठाकुर की जीत का जश्न मनाती एक कांग्रेस कार्यकर्ता।

## कांग्रेस पार्टी की जीत पर नगरोटा बगवां में इंटक ने मनाया जश्न



देहरा और नालागढ़ में कांग्रेस की जीत का जश्न मनाते इंटक की नगरोटा बगवां की इकाई के सदस्य।

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां की स्थानीय इंटक इकाई ने उपचुनाव में देहरा और नालागढ़ में कांग्रेस की जीत पर जश्न मनाया। जिला कांगडा इंटक वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव ठाकुर के नेतृत्व में स्थानीय इकाई ने बावा हरदीप के चुनाव जीतने पर खुशी का इजहार करते हुए लड्डू बांटे और पटाखे फोड़े। मीडिया से बात करते हुए जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव ठाकुर ने बाबा हरदीप सिंह की जीत को इंटक की जीत बताया और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होने कहा कि बाबा हरदीप सिंह के विधानसभा में पहुंचने से इंटक को संबल मिला है और बावा हरदीप मजदूर और इंटक कर्मचारी वर्ग की समस्यायों को हल करने को तरजीह देंगे व इंटक के लिए अहम भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह को भी बधाई दी और सभी संगठन सदस्यों द्वारा पूर्व परिवहन मंत्री स्वर्गीय जीएस बाली द्वारा नगरोटा बगवां में परिवहन निगम का बस डिपो खुलवाने के लिए उनको याद किया गया। इस अवसर पर महासचिव रविंदर कुमार, वरिष्ठ उपप्रधान नरेश, जिला कार्यकारिणी सदस्य सुधीर चौधरी, संगठन मंत्री अनु चौधरी, कोषाध्यक्ष शिव कुमार, अमित आजाद,रविंदर कुमार, नगरोटा बगवां परिवहन कर्मचारी यूनियन प्रधान संजीव सोनी, चंद्र मोहन, कुलदीप कुमार, सुनील वालिया, विशाल एवं अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## देहरा में पहली बार कांग्रेस को मिला अपना विधायक

**अनंत ज्ञान, देहरा**

हिमाचल प्रदेश के विधानसभा क्षेत्र देहरा में पहली बार कांग्रेस को अपना विधायक मिला है। भारी मतों से जीत दर्ज कर कांग्रेस प्रत्याशी ने देहरा में रिकॉर्ड बनाकर नया इतिहास रच दिया है। विधानसभा क्षेत्र देहरा में जनता धरतीपुत्र का साथ न चलकर यहां की बेटी (ध्याण) के साथ चली। मुख्यमंत्री की पत्नी कमलेश कुमारी के सिर जीत का ताज सजा। जब से देहरा विधानसभा क्षेत्र बना है, तब से अब तक कांग्रेस यहां जीत नहीं पाई थी।

## कांग्रेस की जीत मुख्यमंत्री सुक्खू की लोकप्रियता का प्रमाण : सुदर्शन

**संजीव महाजन, नूरपुर**



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने कांग्रेस की हिमाचल प्रदेश में दो विधानसभा उपचुनाव मे भारी मतों से जीत को लेकर आलाकमान व कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि के उप चुनावों में कांग्रेस पार्टी की बंपर जीत मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की लोकप्रियता का प्रमाण है। निरंतर हो रहे उपचुनावों में बड़ी जीत हासिल करना सरकार की लोकप्रियता का प्रमाण है। यह बात प्रदेश प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने जसूर में प्रेस वार्ता के दौरान कही। विशेषकर देहरा तथा नालागढ़ में कांग्रेस के दो विधायक बने हैं। हमीरपुर में मात्र 1500 मतों से कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव हारे है, लेकिन जनता ने जोरदार समर्थन दिया है। प्रदेश प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने बताया कि शिखर पर पहुंचना बड़ी बात नहीं है। लेकिन शिखर पर बने रहना बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि देहरा को बतौर मंत्रीपद से भी नवाजा जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

## जनता ने धनबल को हराकर जनबल को दिया अपना समर्थन : किशोरी लाल




**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

हिमाचल प्रदेश सरकार में मुख्य संसदीय सचिव एवं विधायक किशोरी लाल ने देहरा एवं नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनावों के परिणाम आने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिठाई एवं पठाखे फोड़कर जीत का जश्न मनाया। इसके साथ हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के वाइस चेयरमैन रविंदर बिट्टू एवं बीपीए के अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिमला में उनके निवास स्थान पर जाकर पार्टी की जीत को लेकर शिष्टाचार भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इसके साथ किशोरी लाल ने कहा कि यह जीत आम जनता की जीत हुई है।

प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की आम जनता के हितों में किए जा रहे कार्यों एवं आधुनिक विकास को मद्देनजर रखते हुए जनता ने अपना पूर्ण सहयोग दिया है। इसके साथ किशोरी लाल ने कहा कि बागी विधायकों एवं भाजपा नेताओं की धनबल योजना के माध्यम से सरकार को गिराने की कोशिशो को नकारते हुए कांग्रेस पार्टी में अपना विश्वास जताया है। किशोरी लाल ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सराकर पूरी मजबूती के साथ पूरे पांच वर्ष अपने कार्यकाल को पूरा करेगी। इसके साथ उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की रणनीति से काफी वर्षों बाद देहरा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी ने शानदार जीत हासिल की है। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## इस साल पिछले साल के मुकाबले बढ़ी आम की पैदावार

**राकेश डोगरा, डरोह**

मौल घाटी में अबकी बार इस बरसात में आम की पैदावार अधिक देखने को मिल रही है। पिछले साल भी आम के पेड़ों पर बहुत बौर लगा था, लेकिन कुछ ऐसी तेजाबी बारिश हुई कि सारा का सारा झड़ गया और काला पड़ गया। इस बार तो आम की एक एक डाली पर न जाने कितने ही आम के गुच्छे लगे दिखाई दे रहे हैं।

देसी आम यानी खाने में खट्टे-मीठे होते हैं, लेकिन जो दशहरी या चौसा इत्यादि किस्में हैं, बड़े ही मीठे होते हैं। ग्रामीण लोग जंगली या उनके घर के आसपास लगे आमों को इकट्ठा करके खूब आचार मुरब्बा डालते हैं। आमचूर भी खूब बनाते हैं। आम पापड़ भी बनाते हैं। यह इतने स्वादिष्ट होते हैं कि जी करता है खाते ही रहें। यह सीजन साल में एक बार ही तो आता है। प्रत्येक को इसका फायदा उठाना चाहिए। अबकी बार आम थोड़ा देरी से पका। जाहिर सी बात है कि इस दफा गर्मी भी बहुत हुई। पहाड़ी इलाकों में इतनी ज्यादा गर्मी नहीं होती थी। शायद हम ही इसके जिम्मेदार हैं। वृक्ष लगाते नहीं हैं और इन्हें काटते जा रहे हैं। इसके बारे में हम सबको गम्भीरता से विचार करना होगा।



अगर पर्यावरण स्वच्छ और हरा भरा होगा,तो ही हम जीवित रह पाएंगे। इसे बचाने के लिए हमें मंथन करना होगा। (अनंत ज्ञान)

## पेंशनर संघ जवाली ने ज्वाला माता मंदिर लब में की बैठक

**अनिल छांगू, ज्वाली**

पेंशनर संघ जवाली खंड की बैठक शनिवार को ज्वाला माता मंदिर लब के परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रधान सुखदेव शर्मा ने की। इस बैठक में पेंशनरों की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर संघ के सलाहकार रघुवीर सिंह लालिया, रत्न चंद, जगदीश चंद्र, हरवंश सिंह, मनोहर लाल, शंकर दास, गोपाल कृष्ण, लेख राज, अमरीक सिंह, ओम प्रकाश क्षत्रिय आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



### 108 किलो सोने की तस्करी का मामला

## तस्करी के मुख्य आरोपी थे गिरफ्तार किए गए तिब्बती

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

भारत-तिब्बत बॉर्डर पर लद्दाख में तस्करी हो रहे 108 किलो सोने के मामले में केंद्रीय जांच एजेंसियों ने गुपचुप कारवाई की। सूत्रों की मानें तो गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी सोना तस्करी मामले के मुख्य आरोपी थे। इस दौरान वीरवार को आईआरएस की टीम ने गोपालपुर से दिल्ली के रहने वाले व्यक्ति समेत इन 2 तिब्बती लोगों को देर रात गिरफ्तार किया।

सूत्रों के अनुसार तिब्बती मूल के दोनों व्यक्ति वीरवार को टैक्सी से गोपालपुर के एक होटल में पहुंचे थे। ये दोनों रात करीब 7.15 बजे होटल पहुंचे, जबकि जांच एजेंसी की टीम पुलिस सहित 8.30 बजे होटल में पहुंच गई। इसके बाद व्यापक पूछताछ के बाद टीम दोनों को गिरफ्तार कर लौट गई। बताते चलें कि केंद्रीय जांच एजेंसियों ने मंगलवार को सोने की रिकॉर्ड खेप के साथ पकड़े दो आरोपियों से पूछताछ के बाद अपने स्तर पर ये कारवाई की तथा इसकी भनक तक किसी को नहीं लगने दी गई। गोपालपुर के जिस होटल में ये दो तिब्बती लोग ठहरे थे, वहां जमा करवाए गए आधार कार्ड में एक तिब्बती की शिनाख्त दिल्ली निवासी के रूप में हुई है जबकि दूसरे व्यक्ति की ओर से होटल के एंट्री रजिस्टर में आधार कार्ड न होने की सूरत में रजिस्टर में नाम पते की जानकारी दर्ज करवाई थी। इस संदर्भ में जब डीएसपी पालमपुर लोकेंद्र नेगी से संपर्क किया गया तो उन्होंने इस पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार किया। उधर, जब एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि चूंकि मामले की जांच केंद्रीय एजेंसियां कर रही हैं तथा ऐसे में गोपालपुर में गिरफ्तारी को लेकर पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी गई है। (अनंत ज्ञान)

**प्रतिक्रिया** उपचुनाव के नतीजे आने पर पूर्व सांसद ने भारतीय जनता पार्टी पर किया कटाक्ष

## उधार के सुहाग से वंश नहीं बढ़ता : कृपाल परमार

**अनिल छांगू, जवाली**



उधार के सुहाग से कभी वंश नहीं चलते और जो प्रयास भाजपा ने हिमाचल प्रदेश में किया है उसको प्रदेश की जनता ने सिरे से नकार दिया है। यह टिप्पणी पूर्व राज्यसभा सांसद कृपाल परमार ने शनिवार को अपने फेसबुक पेज पर भारतीय जनता पार्टी पर की। उन्होंने लिखा कि हिमाचल प्रदेश में पिछले 6 महीनों से चल रहे राजनीतिक नाटक का अंत हो गया और भारतीय जनता पार्टी पिछले 5 साल से अपने कार्यकर्ताओं और स्थापित नेताओं को जलील करके दूसरे दलों से नेताओं को आयात कर रही थी एक तरह से देवभूमि की जनता ने उसे पर पूर्ण विराम लगा दिया। हिमाचल की प्रबुद्ध जनता ने यह साबित कर दिया है कि राजनीतिक रूप में एक परिपक्व और सूझबूझ मतदाता इस प्रदेश में बसते हैं और किसी राजनीतिक नौटंकी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करते।

गत पांच वर्षों में प्रदेश मेंजगत प्रकाश नड्डा, जयराम ठाकुर और राजीव बिंदल की तिकड़ी काम कर रही है और इस तिकड़ी को क्यों और कैसे अभय दान प्राप्त है किसी को समझ नहीं आया। जयराम ठाकुर 2017 में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बने केंद्र सरकार से भरपूर मदद मिलने के बाद भी वह प्रदेश में अपनी छाप नही छोड़ पाए और उनकी नासमझी के कारण आज भी प्रदेश में प्रदेश को और भाजपा को नुकसान हो रहा है लेकिन कोई पूछने वाला नहीं। जयराम ठाकुर के मुख्यमंत्री काल में एक लोकसभा और तीन विधानसभा के उपचुनाव हुए चारों चुनावो में भाजपा को मुंह की खानी पड़ी, लेकिन केंद्र में बैठे श्री जगत प्रकाश नडडा ने उनका बचाव किया क्योंकि हिमाचल के मामले में केंद्रीय नेतृत्व की तरफ से श्री जगत प्रकाश नड्डा को फ्री हैंड मिला हुआ था और उसका खामियाजा आज तक बीजेपी हिमाचल प्रदेश भुगत रही है। प्रदेश में नगर निगम के चुनाव में भी भाजपा को भारी नुकसान उठाना पड़ा लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद जिस तरीके से 2022 के विधानसभा चुनाव में टिकटों का बंटवारा हुआ वह भी कई प्रश्न खड़े करता है और उसका हश्र भी चुनाव में भाजपा को भुगतना पड़ा कि भाजपा तीन इंजन की सरकार के बावजूद प्रदेश में सत्ता से बाहर हो गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं कोई कार्रवाई नहीं

2019 के लोकसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शानदार सफलता मिली और हिमाचल प्रदेश में एक रिकॉर्ड बना भाजपा को लगभग 70 फ़ीसदी मत प्राप्त हुए लेकिन 2024 के लोकसभा के चुनाव तो भाजपा चारों सीटें जीती लेकिन यहां पर 580000 वोटो का भाजपा को नुकसान हुआ जो कि लगभग 14 फीसदी बनता है। 2017 और 2022 के विधानसभा के चुनाव में भी पार्टी को लगभग 6 प्रतिशत मतों का नुकसान हुआ है। राज्यसभा के चुनाव के दौरान शुरू हुआ ऑपरेशन जिसका अंत आज हुआ है उसमें भारतीय जनता पार्टी को 9 में से 6 विधानसभा क्षेत्र में बुरी तरह से हार का सामना देखना पड़ा। जो तीन सीटें भाजपा जीतीं, उनमें से दो हमीरपुर जिला की धूमल परिवार के कारण जीतीं। अब सवाल यह उठता है की जो पार्टी यह दावा करती थी कि हम डंडा भी खड़ा कर दें उसको भी जिता लाएंगे उसकी ऐसी दुर्दशा क्यों है। (अनंत ज्ञान)


### कार्यालय ग्राम पंचायत टिल्ली विकास खण्ड सदर मंडी

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत टिल्ली कहान्वाल विकास खंड सदर जिला मंडी के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु वर्ष 2024-2025 के लिए विभिन्न विकास कार्यो के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुशार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है |निविदाएँ दिनांक 25.07.2024 को 11 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। निविदाएँ इसी दिनांक 25.07.2024 को अपराहन 3 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व् निविदा दाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी।

| क्र0 स0 | सामग्री का विवरण | मात्रा जिसमे मूल्य वाछित है | क्र0 स0 | सामग्री का विवरण | मात्रा जिसमे मूल्य वाछित है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रेत (खड/ नदी ) | प्रति घन मीटर | 10 | जे0सी0 बी0 हेतु | प्रतिघंटा |
| 2 | रेत (क्रेशर ) | प्रति घन मीटर | 11 | Land T मशीन हेतु | प्रतिघंटा |
| 3 | बजरी (खड /नदी) 10MM, 20MM, 40MM | प्रति घन मीटर | 12 | मिक्सचर मशीन हेतु | प्रतिघंटा |
| 4 | बजरी (क्रशर) 10MM, 20MM, 40MM | प्रति घन मीटर | 13 | सीमेंट किराया; लोडिंग व् अनंलोडिंग प्रति बैग के हिसाब से मंडी से कार्य स्थल तक | प्रति बैग |
| 5 | पत्थर/कटस्टोन | प्रति घन मीटर | 14 | निमार्ण व् लेखन नागरिक सुचना पट्ट | प्रति बोर्ड |
| 6 | बोल्डर/सोलिंग | प्रति घन मीटर | 15 | नर्सरी : पौधे, अमरुद ,पल्म , सेब ,अनार ,निम्बू , आड़ू, जपानी फल आदि . | प्रति पौधा |
| 7 | ईंट (2nd class) | प्रति नंबर | 16 | सड़क से कार्यस्थल तक हर तरह की निर्माण सामग्री की गाड़ी द्वारा दुलाई | प्रति घनमीटर |
| 8 | सैटरिंगव् भवन सैटरिंग | प्रति स्केयर फुट | 17 | निर्माण सामग्री की घोड़ों द्वारा दुलाई . | प्रति घनमीटर |
| 9 | R,C,C पाइप व् कौल्लर 300MM, 450MM, 600MM, 900MM, | प्रति नंबर | | | |

नियम व शर्तें :-1. निविदाएं केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जाएँगी किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने वाली निविदा स्वीकार नहीं की जायगी . 2. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण ,पैन संख्या ,GSTनम्बर होना आवश्यक है . 3. ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होगे (M FARM)उपलब्ध न करवाने पर सामग्री सम्बधित रोयल्टी PWD की दर के हिसाब से काटी जाएगी . 4. सामग्री की आपूर्ति लो0नि0विभाग की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी | 5. निर्माण सामग्री कार्यस्थल या जंहा तक गाड़ी जाती है वहाँ उपलब्ध करवानी होगी। 6. समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओ के लिए कार्य आदेश निर्गत करने,सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाए किसी भी समय रदद करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 7. ग्राम पंचायत के सप्लाई आडर के अनुरूप ही सप्लाई स्वीकार की जायेगी। 8. दरों का उल्लेख करते समय TEX INCLUDEDया EXCLUDEDका उल्लेख करना भी आवश्यक है। 9. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व् अस्वीकृत सामग्री की अदायगीदेय नहीं होगी! 10. इसमे रेत 900CUM, बजरी 700 CUM, पत्थर/कट स्टोन 1000 CUM, बोल्डर 1100 CUM, ईंट 30000 न0 वर्ष 2018-19 के लिए अनुमानित इतना ही मटीरियल लगेगा। 11. सामग्री लेने का अंतिम मूल्य /निर्णय विभाग की JUSTIFICATIONव पारित निविदादाता के साथ NEGOTIATIONअनुशार/उपरान्त किया जायेगा।

प्रधान/ सचिव ग्राम पंचायत टिल्ली कहान्वाल विकास खंड सदर जिला मंडी

## न्यूज ब्रीफ

### पीजी कक्षाओं में दाखिले के लिए मांगे आवेदन

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां।** उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में स्नातकोत्तर उपाधि के लिए 27 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित हैं। वाणिज्य, अंग्रेजी, गणित में स्नातकोत्तर के लिए 30 जुलाई को प्रथम मेरिट सूची जारी होगी। गौरतलब है एमकॉम के लिए 60 सीटें, एमए अंग्रेजी एवं एमएससी गणित प्रत्येक में 30 सीटें उपलब्ध रहेंगी। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सोनी ने कहा कि आवेदक राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां की अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सोनी ने कहा कि स्नातक कक्षाएं 23 जुलाई से नियमित रूप से संचालित की जाएंगी। (अनंत ज्ञान)

### ठगी मामले में पुलिस रिमांड पर भेजे आरोपी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** दुबई में नौकरी दिलवाने के नाम पर करोड़ों की ठगी के मामले में पुणे से बाप- बेटे के बाद मुख्य आरोपी शिवांकुर के जीजा को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तीनों को शनिवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से अदालत ने तीनों को 16 जुलाई तक के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है । उधर, धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

### फ्री के कल्चर से कल्याण नहीं हो सकता: रवीश

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार द्वारा टैक्स भरने वालों की बिजली सब्सिडी बंद करने के निर्णय का उपभोक्ता कल्याण परिषद के जिला अध्यक्ष रवीश मृगेंद्रा ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की जवाबदेही तय करके उपभोक्ताओं को सब्सिडी नहीं, अपितु गुणवत्तायुक्त सुविधाएं देने हेतु सरकारों को प्रयासरत रहना चाहिए। फ्री के कल्चर से कभी भी समाज का कल्याण नहीं हो सकता।

### आर्मी की एंबुलेंस की टक्कर से एक घायल

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के अंतर्गत नरवाणा में आर्मी एंबुलेंस नंबर 275-18के 011918 के नामालुम चालक ने अपने वाहन को लापरवाही व तेज रफतारी से चलाकर स्कूटी एचपी 39 एफ -3789 को टक्कर दी, ओर मौका से भाग गया, जिस कारण युद्धवीर निवासी धंणा डाकघर बगली तहसील व जिला कांगड़ा (हि.प्र.) घायल हो गया । इस सन्दर्भ में अभियोग जेर धारा 281, 125 भारतीय न्याय संहिता व 187 मोटर वाहन अधिनियम में पंजीकृत पुलिस थाना किया गया है।

### मोहिंदर सिंह ने नेहा के लिए किया रक्तदान

संजीव महाजन, नूरपुर। नूरपुर ब्लड डोनर्स क्लब से प्रेरित होकर आज बहुत से



युवा रक्तदान के लिए आगे आ रहे हैं और रक्तदान के क्षेत्र में नूरपुर ने एक अलग पहचान बनाई है। जानकारी के अनुसार क्लब के सदस्य मोहिंदर सिंह को जोंटा निवासी अजय ठाकुर का फोन आया जिसमें उन्होंने बताता कि बाघनी निवासी नेहा (डिलीवरी केस) सिविल हॉस्पिटल नूरपुर में दाखिल हैं तथा उनको इन दो यूनिट बी पॉजिटिव रक्त की जरूरत हैं। नूरपुर ब्लड डोनर्स क्लब के सदस्य मोहिंदर सिंह ने नेहा के लिए सिविल हॉस्पिटल पठानकोट के ब्लड बैंक में रक्तदान किया। ( अनंत ज्ञान)

# जनबल की जीत, धनबल की हुई हार : पठानिया

## उप मुख्य सचेतक ने देहरा और नालागढ़ में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत पर जनता को दी बधाई

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कांगड़ा जिला के देहरा में जनबल की जीत हुई जबकि धनबल हार गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के तीन उपचुनावों में से दो कांग्रेस प्रत्याशियों के जीतने पर कांग्रेस के नव निर्वाचित विधायक कमलेश ठाकुर एवं नालागढ़ के नव निर्वाचित बावा हरदीप सिंह सहित देहरा ओर नालागढ़ की जनता को दी बधाई।

पठानिया ने कहा 2022 के विधानसभा के चुनावों में जिला कांगड़ा की जनता ने कांग्रेस को भरपूर समर्थन दे कर 10 सीटो पर कांग्रेस प्रत्याशी जीताकर भेजे थे। इसी बीच मे कांगड़ा से दो विधायकों के इस्तीफे के कारण कांग्रेस विधायकों की संख्या 9 रह गयी थी आज देहरा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के जीतने से कांग्रेस विधायकों की संख्या दस हो गयी है। उपचुनाव होने पर जिला कांगड़ा के जनता ने फिर से काँग्रेस पर



कांग्रेस प्रत्याशियों के जीतने पर मुख्यमंत्री का मुंह मीठा करवाते हुए।

विश्वास व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह की कुशल नेतृत्व एवं कुशल कार्य प्रणाली को देखते हुए फिर से कांग्रेस की दस सीटे कांग्रेस की झोली में दी है। कांग्रेस पर हमेशा से कांगड़ा जिला की जनता ने विश्वास जताया है। पठानिया ने कहा कि डेढ़ साल बाद भी कांग्रेस पार्टी विधानसभा में 40 विधायकों के साथ सरकार में पूर्ण बहुमत है। प्रदेश की जनता धनबल पर नही बल्कि जनबल पर विश्वास रखती है। इन उपचुनावों में बता दिया कि लोकतंत्र की हत्या करने वालों पर प्रदेश की जनता कभी भी स्वीकार नहीं करती । विधानसभा में महिलाओं की संख्या एक से बढ़ कर तीन हो गयी है अब विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा देखने को मिलेगी, जिससे प्रदेश की महिलाओं इसका बहुत लाभ मिलेगा।

### कमलेश की जीत पर सतपाल सिंह रायजादा ने डाला भांगड़ा



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** देहरा से कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर की जीत पर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी रहे सतपाल सिंह रायजादा का खूब वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कहा गया 'वोट पाणी पंजे ते, होशियारू लाना मजे ते'। सोशल मीडिया पर यह पोस्ट काफी वायरल हो रही है। कमलेश ठाकुर की जीत पर ढोल-नगाड़ों पर सतपाल रायजादा नाचते-गाते हुए नजर आ रहे हैं।

# भाजपा को अपने ही नेताओं को भूलना पड़ रहा भारी : संजय चौधरी

## कहा, भाजपा हाई कमान को करना होगा इस पर मंथन

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

हिमाचल में वर्ष 2022 में सत्ता में बाहर हुई भाजपा को उपचुनाव में भी नुकसान उठाना पड़ा है। कहीं न कहीं उपचुनाव में भाजपा को अपनों के ही विरोध का सामना करना पड़ा है। हिमाचल में लोकसभा चुनाव के साथ धर्मशाला, सुजानपुर, बड़सर, गगरेट, कुटलैहड़ और लाहौल-स्पीति में उपचुनाव हुए हैं। इसमें धर्मशाला और बड़सर को छोड़कर अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ा है। वहीं, इसके बाद तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में दो पर कांग्रेस और एक पर भाजपा ने जीत हासिल की है। देहरा और नालागढ़ कांग्रेस तो हमीरपुर भाजपा की झोली में गई है। इन उपचुनाव में कहीं न कहीं भाजपा के पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं की अनदेखी हुई है। यह बात पूर्व विधायक संजय चौधरी ने कहीं उन्होंने कहा कि कहीं ना कहीं भाजपा हाईकमान कर्मठ नेताओं व कार्यकताओं की अनदेखी कर रही है जो तन मन से भाजपा के साथ जुडें हुए है। लेकिन भाजपा हाईकमान को अपने कर्मठ नेताओं व जमीनी स्तर पर कार्य कर रहें कार्यकताओं को छोडकर ना जाने क्यों बाहर से नेताओं को इमपोट करने में लगी हुई है जोकि भविष्य मे और भी घातक सिद्व हो सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा हाईकमान हिमाचल में अपने ही भाजपा के दिग्गज नेताओं को ना जाने क्यों पिछे की लाईन में खडा कर भूल चुकी है मै उन नेताओं की बात करी रहा हू जो कभी हिमाचल में भाजपा की आन बान व शान कहलाते थे, लेकिन उन नेताओं को विशवास में नहीं लिया जा रहा है यह भाजपा पार्टी के लिए ठीक नही है क्योंकि यही कारण है कि जिसका खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ा है। उन्होंने कहा की भाजपा पार्टी को इस पर मंथन करना होगा। (अनंत ज्ञान)

# लायंस क्लब ने रोपे 200 से ज्यादा पौधे

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



इंदौरा में समाज व पर्यावरण हित में विशेष भूमिका निभा रही लायंस क्लब द्वारा मिनर्वा ग्रुप ऑफ कॉलेज इंदौरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन जगदीश सैनी और कॉलेज के प्रबंधक अध्यक्ष जरनैल सिंह पटियाल ने लायन्स सदस्यों का विशेष रूप से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर अत्री की देखरेख में कॉलेज के प्रांगण और इसके साथ ही अन्य क्षेत्र में लगभग 200 से ज्यादा भिन्न-भिन्न प्रजाति के पौधे रोपित किए गए। अध्यक्ष डॉक्टर मोहनलाल अत्री, सेक्रेटरी सीएस लायलपुरी, कैशियर विजय पासी और पब्लिक रिलेशन अफसर सुरेंद्र महाजन ने बताया कि क्लब की ओर से प्रदूषित हो रहे पर्यावरण को बचाने के लिए जहां पर 1000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य की पूर्ति हेतु आज फलदार, शायदार और अन्य प्रजाति के पौधे के 200 पौधे रोपित किए गए । उन्होंने कहा कि क्लब अपने सदस्यों की सहायता से पर्यावरण हेतु ऐसा अभियान आगे भविष्य में भी जारी रखेगी।

मौके पर विशेष रूप से उपस्थित हुए जिला पब्लिक रिलेशन अफसर राजीव खोसला ने क्लब की ओर से पर्यावरण हित में उठाए गए कदमों की प्रशंसा की । उन्होंने कहा कि पौधे लगाना नितांत आवश्यक है और हम सभी का यह फर्ज बनता है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाए व दूसरों को जागरूक करें। कॉलेज के अध्यक्ष पटियाल और प्रोजेक्ट चेयरमैन जगदीश सैनी ने कहा कि आज जो प्राकृतिक आसंतुलन हो रहा है वे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण है। उन्होंने कहा कि हमें न केवल पौधे लगाने चाहिए, बल्कि उनकी परवरिश भी करनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# टांडा में एक्स-रे करवाने के लिए रोगियों को पड़ रहा भटकना





**आशीष दमीर, कांगड़ा**

टांडा मेडिकल कॉलेज में दिन-प्रतिदिन स्वास्थ्य सुविधाओं के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। टांडा अस्पताल दूरदराज से उपचार हेतु आने वाले रोगियों को भटकना पड़ रहा। पर्ची बनवाने के बाद घंटो जीरो बिल, डिस्चार्ज, एक्सरे, एमआरआई, इत्यादि के लिए रोगियों को भूखे प्यासे इंतजार करना पड़ता है। इतना ही नहीं इसके बाद भी कॉलेज प्रशासन द्वारा कईयों को अगली डेट दे दी जाती है। ऐसा ही आलम शनिवार को टांडा अस्पताल में देखने को मिला। जहां रोगियों को घंटों एक्स-रे के लिए भटकना पड़ा। यहां आए रानीताल से सुभाष चंद, लंज से नीतू देवी, प्रागपुर से कल्पना, बड़ोह से चंपा देवी, योल से विशाल कुमार इत्यादि ने बताया कि यहां हालत सुबह से ही ऐसे बने हुए हैं। उनका कहना है की इतनी दूर से लोग सरकारी अस्पताल में इस उम्मीद से आते है कि उनका इलाज मुफ्त में हो जाएगा। वहीं सरकारी अस्पतालों के इस लचर रवैए से मजबूरन लोगों को भारी भरकम पैसे खर्च कर निजी अस्पतालों में जाने को विवश होना पड़ रहा है।

इतना ही नहीं अस्पताल में रोगियों को एमआरआई, अल्ट्रासाउंड, ऑपरेशन, के लिए काफी लंबी तरीके दी जा रही है। यहां पर एमआरआई के टेस्टों के होने के बाद रिपोर्ट लेने के लिए दी गई तारिख पर आने पर भी लोगों को आगे की तारीख देकर टाल दिया जाता है। धर्मशाला से आए सौरव ठाकुर ने बताया की उन्हें अपनी एमआरआई की रिपोर्ट के लिए आज लगातार तीन दिन से टांडा के चक्कर काटने के बाद आज रिपोर्ट मिली है ऐसे न जाने कितने लोग है जो टांडा अस्पताल की बेरुखी के चलते हताश हो रहें हैं। आलम यह है कि मजबूर मरीजों को प्राईवट अस्पतालों में जाना पड रहा है।

इस बाबत बात करने पर टांडा मेडिकल कॉलेज के एमएस डॉक्टर अशोक वर्मा ने कहा कि यहां पर मरीजों की संख्या दिनप्रतदिन बढ़ती जा रही है और हमारे पास स्टाफ न के बराबर है, जिस कारण मरीजों को समस्याओं का सामना करना पड रहा है। उन्होंने कहा की कई बार सरकार को स्टाफ की कमी के बारे लिखा गया है लेकिन उस पर अभी तक कुछ भी नहीं हो पाया है। (अनंत ज्ञान)

# बरसात के मौसम में स्क्रब टाइफस से करें अपना बचाव : डॉ. अल्पना



कांगड़ा में पत्रकार वार्ता करतीं एसएमओ कांगड़ा डॉ. अल्पना व मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ. मोनिका राज।

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

बरसात के मौसम में स्क्रब टाइफस के मरीजों की गिनती में अचानक वृद्धि हो जाती है और घास काटने से इस बीमारी से संक्रमित होने की संभावना और बढ़ जाती है। यह जानकारी कांगड़ा में पत्रकारों से रू-ब-रू होते हुए एसएमओ कांगड़ा डॉ. अल्पना ने दी। उन्होंने बताया कि स्क्रब टाइफस एक रिकेटसिया नामक जीवाणु से फैलता है और ये पिसुओं में पाया जाता है। संक्रमित पिस्सू, जंगली चूहों में पाए जाते हैं और घास तथा खेतों में से आकर घरों में आ जाते हैं। संक्रमित पिस्सू स्वस्थ आदमी को काटता है और स्क्रब टाइफस फैलाता है।

डॉ. अल्पना का कहना है कि लोगों को स्क्रब टाइफस और अन्य जीवाणु तथा वायरस जनित रोगों से बचाव को लेकर शिक्षित एवं जागरूक करने पर बल दिया जा रहा है। इसके लक्षण जैसे बुखार आना, कंपन होना, सिर दर्द, जोड़ों में दर्द होना और कभी-कभी मरीज को चमड़ी पर खून के धब्बे जैसे हो सकते हैं। इसमें एक एशर बनता है इसकी रोकथाम के लिए इन बातों का ध्यान रखें। (अनंत ज्ञान)

### ये सावधानी बरतें

घर के आस-पास घास या झाड़ियां न उगने दें तथा समय-समय पर सफाई करते रहें। शरीर को स्वच्छ रखें और हमेशा साफ कपड़े पहनें। आसपास जलजमाव बिलकुल न होने दें। घर के अंदर और आसपास कीटनाशकों का छिड़काव अवश्य करें। खेतों में काम करते समय हाथ व पैरों को अच्छे से ढककर रखें। बरसात के मौसम में इस बीमारी के रोगियों की संख्या बढ़ जाती है। समय पर डाक्टर को दिखाने पर इसका आसानी से इलाज संभव है। यह रोग एक आदमी से दूसरे को नहीं फैलता है। स्क्रब टायफस का ज्यादा प्रकोप जुलाई से अक्टूबर तक रहता है। इस मौसम में अधिकतर लोग खेतों और घासनियों में घास काटते हैं। इस वार्ता में उनके साथ मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ, मोनिका राज भी मौजूद रहीं।

# डाडासीबा के वार्ड तीन में आधी रात को धू-धू कर जली गाड़ी

**पिंकी, डाडासीबा**



पंचायत डाडासीबा के वार्ड 3 में एक स्कॉर्पियो गाड़ी को जलाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार मध्य रात्रि 1 के करीब स्कॉर्पियो गाड़ी का जोरदार धमाका हुआ। स्थानीय ग्रामीणों ने देखा कि यहां पार्क की गई गाड़ी में आग लगी हुई थी और गाड़ी धू-धूकर जल रही थी। उन्होंने तुरंत गाड़ी के मालिक भूपेंद्र कुमार पुत्र तिलक राज को फोन द्वारा सूचित किया गया तब भूपेंद्र सिंह मौके पर आए तब तक स्कॉर्पियो गाड़ी आग की भेंट चढ़ चुकी थी। भूपेंद्र ने बताया कि वह सब्जी की दुकान करते हैं और शाम को हर रोज की तरह उन्होंने सड़क के किनारे अपनी गाड़ी पार्क की थी। यहां अन्य गाड़ियां यहां पर खड़ी रहती हैं। यह हादसा पहली बार हुआ है।

उन्होंने बताया कि घटना से कुछ घें पहले इसी गांव के एक व्यक्ति के साथ उनकी यहां किसी बात को लेकर कहासुनी व गाली-गलौज हुआ था और उसने मुझे धमकी दी थी कि रात को मैं तुम्हारी गाड़ी को जला दूंगा। भूपेंद्र सिंह ने पुलिस को दी गई शिकायत में कहा कि मेरी गाड़ी को उपरोक्त व्यक्ति ने ही आग के हवाले किया है। उन्होंने इसकी शिकायत डाडासीबा पुलिस चौकी को दे दी है। उधर, इस संबंध में पुलिस चौकी डाडासीबा हेड कांस्टेबल विवेक शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मौके पर पुलिस पहुंची है तथा छानबीन की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### सड़क पर पलटा ट्रक, चालक जख्मी

**आशीष दमीर, कांगड़ा ।** पुलिस थाना कांगड़ा के तहत दौलतपुर में शनिवार शाम को एक ट्रक के सड़क पर पलट जाने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस थाना कांगड़ा की टीम मौके पर पहुंची तथा घायल चालक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज टांडा ले जाया गया है। जानकारी के अनुसार हादसे के वक्त



ट्रक में केवल चालक ही मौजूद था। दौलतपुर के पूर्व प्रधान अश्वनी सोनी ने बताया की जानकारी के अनुसार गाड़ी में पीने के पानी की पेटियां लोड थी। गाड़ी नई बताई जा रही है। जिस पर अभी नंबर भी नही लगा है। वाहन अनियंत्रित होकर दौलतपुर के पास चौधरी चौंक पर पलट गया। खबर लिखे जाने तक पुलिस की टीम टांडा में ही मौजूद थी, वहीं हादसे की पुष्टि करते हुए एसएचओ कांगड़ा योगेश कुमार ने बताया की घायल चालक के बयान लेने के बाद ही हादसे के कारणों का खुलासा हो पाएगा। (अनंत ज्ञान)

# सेशन जज ने वृद्ध आश्रम में जानीं बुजुर्गों की समस्याएं



**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी पठानकोट के चैयरमैन कम डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज जितेंद्र पाल सिंह खुरमी तथा सीजेएम रूपिंदर पाल सिंह आदर्श वृद्ध आश्रम झाकोलाहडी का दौरा कर बुजुर्गों की समस्याएं सुनीं।

इस मौके पर सेशन जज द्वारा बुजुर्गों का हाल-चाल जाना तथा उन्हें मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस मौके पर जज साहब ने बताया कि जिला कानूनी सेवाएं अथारिटी द्वारा बुजुर्गों को मुफ्त कानूनी सहायता दी जाती है अगर उन्हें किसी भी तरह के अपने अधिकारों के लिए कानूनी सहायता की जरूरत है तो उन्हें मुफ्त में वकील दिया जाएगा। इस अवसर पर आश्रम प्रबंधन कमेटी के प्रधान सतनाम सिंह, सुपरिटेंडेंट अंजली शर्मा, सविता, कुलविंदर कौर, सुखविंदर कौर, अंजू वाला एवं आदि उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

**प्रकटोत्सव** | मां ज्वाला जी के प्रकटोत्सव पर सुगंधित रंग-बिरंगे फूलों से सजा माता के मंदिर का गर्भ गृह

# अष्टमी की रात को माता ज्वाला को लगाए 56 भोग

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

शक्तिपीठ जवालामुखी में माता ज्वाला के प्रकटोत्सव पर विभिन्न तैयारियां की जा रही हैं। ज्वालामुखी मंदिर गर्भ गृह को सुंगधित रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया है।

गुप्त नवरात्र अष्टमी की रात शनिवार को माता ज्वाला को 56 भोग लगाए गए। इसी के साथ देर रात्रि माता ज्वाला की विशेष पूजा अर्चना व विधिवत मंत्रोक्त पूजा अर्चना पुजारी वर्ग द्वारा की जाएगी। सोमवार को गुप्त नवरात्र नवमी मनाई जाएगी। सोमवार को ही गुप्त नवरात्र का समापन होगा और विशाल यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को ही विशाल भंडारे का आयोजन किया





रंग-बिरंगो फूलों से सजाया गयास ज्वालामुखी मंदिर का गर्भ गृह।

जाएगा। माता ज्वाला के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर शनिवार से ही मंदिर में श्रद्धालुओं व स्थानीय पुजारी वर्ग द्वारा विशेष प्रसाद के भंडारे लगाए जा रहे हैं। वहीं देवी भागवत कथा का भी आयोजन ज्वालामुखी मंदिर में आचार्य प्रसन्न कुमार द्वारा किया जा रहा है।

पुजारी व न्यास सदस्य अविनेंद्र शर्मा ने बताया कि माता ज्वाला का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा और मंदिर प्रशासन की तरफ से श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### सड़क किनारे मिलीं एक्सपायरी दवाइयों

**अनंत ज्ञान, गरली।** डाडासीबा के करीब गांव बठरा के साथ सड़क किनारे एक्सपायरी दवाइयों की खेप मिली है, जो कि खुले में फेंकी हुई थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। गांव बठरा में एक्सपायरी दवाइयों की खेप मिलना कोई नया मामला नहीं है। इससे पहले अगर करीब डेढ़ या दो महीने पहले की बात करें, तों इसी क्षेत्र के गांव जदामन व आरा चौक स्थित जगंलों के बीच भी भारी मात्रा में एक्सपायरी दवाइयों की खेप मिल चुकी है।

हैरानी की बात तो यह है कि एक ही क्षेत्र में बार- बार जंगल के बीच मिल रही उपरोक्त एक्सपायर्ड डेट दवाइयां ने संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं।

# हमीरपुर सीट के उपचुनाव में 1571 मतों से जीते आशीष

## आशीष शर्मा को 27041 और पुष्पेंद्र को मिले 25470 मत, सीएम के गृह जिले में कांग्रेस की दूसरी हार



आशीष शर्मा को निर्वाचन प्रमाण पत्र जारी करते एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी। साथ में उपस्थित हैं भारत निर्वाचन आयोग के सामान्य पर्यवेक्षक चंद्रभूषण त्रिपाठी।

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर विस उपचुनाव में भाजपा के आशीष शर्मा चुनाव जीत गए हैं। उन्होंने कांग्रेस के डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा को 1571 मतों से हराया। काबिलेगौर यह है कि पिछली मर्तबा आशीष इस सीट से निर्दलीय जीते थे, लेकिन ऑपरेशन लोटस के कारण उन्होंने विधायकी से इस्तीफा देकर भाजपा ज्वाइन की थी। इससे पहले बड़सर विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव में भी कांग्रेस को नुकसान झेलना पड़ा था।

शनिवार को यहां ब्वॉयज सीसे स्कूल के परिसर में हुई मतगणना के बाद चुनाव अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने चुनाव परिणाम घोषित किया। भाजपा उम्मीदवार आशीष शर्मा को कुल 27,041 मत मिले, बकि कांग्रेस के डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने 25,470 और निर्दलीय प्रत्याशी नंद लाल ने 74 मत हासिल किए, जबकि 198 मतदाताओं ने किसी भी प्रत्याशी के पक्ष में वोट न करके नोटा का बटन दबाया। मतगणना जैसे ही शुरू हुई तो पहले लगातार तीन चरणों में कांग्रेस प्रत्याशी आगे चल रहे थे, लेकिन उसके बाद कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा की लीड टूटने का सिलसिला शुरू हुआ और अंतिम चरण तक की मतगणना के बाद 1571 मतों से भाजपा प्रत्याशी को विजय घोषित किया गया।

जैसे-जैसे आशीष शर्मा की बढ़त का सिलसिला शुरू हुआ, उनके समर्थक नारेबाजी का दौर शुरू कर गए थे और कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थक एक साथ मतगणना के स्थल के बाहर से चले गए। आशीष ने अपने प्रभाव वाले क्षेत्र में बढ़त के सिलसिले को बरकरार रखा, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा के होम के क्षेत्र में वोटों की बढ़त इतनी ज्यादा नहीं मिल पाई, जितनी उम्मीद की जा रही थी। (अनंत ज्ञान)

## भाजपा और कांग्रेस में हुआ कड़ा मुकाबला

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर के उपचुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच हुए कड़े मुकाबले में भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने 1571 मतों से विजयी हासिल की है। उपचुनाव के परिणाम सुनने के लिए बाल स्कूल हमीरपुर में सुबह से ही कांग्रेस और भाजपा समर्थकों की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी।

चुनाव परिणाम के नतीजे आते ही कांग्रेस के समर्थक डॉ. पुष्पिंद्र वर्मा के पक्ष में लगाने शुरू कर दिए। पहले चार राउंड में डॉ. पुष्पिंद्र वर्मा काफी बढ़त मिली लेकिन उसके बाद पिछड़ते चले गए। छह राउंड के बाद कांग्रेस समर्थक बाल स्कूल खेल मैदान को छोड़कर चले गए, क्योंकि 6 राउंड में भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा को काफी बढ़त मिल चुकी थी। भाजपा उम्मीदवार की जीत सुनिश्चत होते ही भाजपा समर्थकों की भीड़ बढ़ना शुरू हो गई और समर्थक अपनी गाड़ियां के साथ खेल मैदान में पहुंच गए। जहां पर जीत की खुशी में समर्थकों ने पटाखे फोड़ने शुरू कर दिए, साथ ही नारे भी लगाना शुरू कर दिए। बता दें कि भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा को 58 मतदान केंद्रों पर और कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा को 36 मतदान केंद्रों पर बढ़त प्राप्त हुई। ईवीएम के मतों की गणना के लिए 11 टेबल लगाए गए थे। पहले चार राउंड की मतगणना में डॉ. पुष्पेंद्र अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे रहे, लेकिन इसके बाद पांचवें राउंड में आशीष शर्मा आगे हो गए।

### मतगणना के पहले चार राउंडों में आगे रहे डॉ. पुष्पिंद्र वर्मा, अगले सभी राउंड में पिछड़े

इसके बाद उन्होंने शेष सभी चार राउंडों में भी अपनी बढ़त बनाए रखी और आखिरकार 1571 मतों से जीतने में कामयाब हो गए। पहले राउंड में 11 मतदान केंद्रों की ईवीएम के मतों की गिनती में डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा को 200 मतों की बढ़त मिली, जो कि दूसरे राउंड में बढ़कर 1704 हो गई। तीसरे राउंड में डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा को केवल 3 मतों की बढ़त मिली और उनकी कुल बढ़त 1707 हो गई, लेकिन चौथे राउंड में उनकी बढ़त कम होकर 883 रह गई। पांचवें राउंड में भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा 67 मतों से आगे हो गए। इसके बाद उन्होंने अपनी बढ़त बनाए रखी तथा ईवीएम की गिनती के नौवें एवं आखिरी राउंड में उनकी बढ़त 1433 हो गई। पोस्टल बैलेट्स में भी उन्हें 138 मतों की बढ़त मिली और उन्होंने 1571 मतों से जीत दर्ज की। (अनंत ज्ञान)

### आशीष को बस स्टैंड से कंधों पर उठाकर मतगणना केंद्र तक लाए समर्थक

मतगणना के 8वें राउंड के बाद भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा की जीत निश्चित हो गई थी। भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा जैसे ही बस स्टैंड पहुंचे, समर्थकों ने उन्हें कंधों पर उठा लिया और मतगणना केंद्र तक ले आए। इस दौरान समर्थकों में जबरदस्त उत्साह था और नाचते हुए युवा उपचुनाव में जीत की खुशी मना रहे थे।

## न्यूज ब्रीफ

### 15 डोगरा रेजिमेंट का स्थापना दिवस कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** 15 डोगरा रेजीमेंट का स्थापना दिवस 15 जुलाई को होटल संगम ठाकुरद्वारा में मनाया जाएगा। रोशन लाल चौहान ने बताया कि 15 जुलाई को पूर्व सैनिक और वीर नारियां स्थापना दिवस पर संगम होटल ठाकुर द्वारा पालमपुर में पहुंचे। उन्होंने बताया कि 11 बजे तक अपनी उपस्थित दर्ज करवाएं।

### नालागढ़ और देहरा में कांग्रेस की जीत पर जश्न





**शशि सोनल, नादौन।** हिमाचल में तीन विधानसभा उपचुनाव में से कांग्रेस को देहरा व नालागढ़ में मिली शानदार जीत को लेकर लोगों में खुशी का माहौल है। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बृजमोहन सोनी, प्रभात चौधरी, नरदेव परमार विक्कू, मोंटी संघू, शशि शर्मा, राज कुमार, संजीव जोगी आदि ने ढोल की थाप पर मिठाइयां आदि बांट कर खुशी का इजहार किया। कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि यह जीत मुख्यमंत्री सुक्खू की लोकप्रियता की है।

### जनता के आशीर्वाद से जीता उपचुनाव : देशराज



**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** भाजपा के जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा जिला के महामंत्री राकेश ठाकुर, अजय रिंटू वह जिला के सभी पदाधिकारीयों ने हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के जीत के लिए आशीष शर्मा को बधाई दी है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि हमीरपुर विधानसभा के उपचुनाव के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर का प्रभार क्षेत्र दिया गया था, जिसमें अनुराग ठाकुर के प्रयासों से वह जनता के आशीर्वाद एवं आशीष शर्मा की कड़ी मेहनत ने सीएम के गृह जिला से भाजपा प्रत्याशी को विजय प्राप्त हुई है। प्रदेश की सुक्खू सरकार ने हर तरह से इन चुनावों में सरकारी मशीनरी का दुरुप्रयोग किया, लेकिन फिर भी हमीरपुर की जनता ने भाजपा के उम्मीदवार आशीष शर्मा पर अपना विश्वास जताया, इसके लिए उन्होंने आशीष शर्मा को बहुत-बहुत बधाई एवं हमीरपुर विधानसभा की जनता का बहुत-बहुत आभार।

### आपकी सेवा में जुटा रहूंगा : डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हमीरपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी रहे डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा है कि चुनाव हारने के बाद भी वह हमीरपुर की जनता के लिए इस तरह समाज सेवा में जुटे रहेंगे, जिस तरह पहले लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि 25000 से ज्यादा मतदाताओं ने उन पर विश्वास जताया है। इसलिए उनकी सेवा में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा चुनाव में हार-जीत अलग विषय है, लेकिन सेवा में कोई कमी नहीं आएगी। कांग्रेस की सरकार प्रदेश में 5 साल चलेगी और इसमें जनता के विकास में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं छोडूंगा।

### जीत पर आशीष समर्थकों ने लगाए नारे

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** नवनिर्वाचित भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा की जीत पर समर्थक गदगद हो गए। इस अवसर पर जहां वे भाजपा नेताओं के अतिरिक्त आशीष शर्मा व उनकी पत्नी स्वाति शर्मा के पक्ष में नारेबाजी कर रहे थे तो उनकी नजर भाजपा के कुछ अंदरखाते जो विरोध कर रहे थे, उन पर पड़ी। फिर आशीष के समर्थक उन्हें देखते ही आग बबूला हो गए। उन्होंने आशीष शर्मा का विरोध करने वालों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वे नारे लगाते रहे, गद्दारों को मारो जूते। नारों की गूंज सुनते ही भाजपा नेताओं ने इसमें हस्तक्षेप करके मामले को शांत किया। इस मौके पर भाजपा केकुछ लोगों ने मैदान से वापस जाना ही उचित समझा। यह घटनाक्रम चर्चा का विषय बना हुआ है। आशीष शर्मा ने गसोता महादेव मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की।

### चमनेड़ में आशीष को मिले सबसे ज्यादा 498 वोट

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा को सबसे ज्यादा 498 वोट चमनेड बूथ नंबर 69 पर वोट मिले। जबकि सबसे कम वोट बूथ नंबर 25 हमीरपुर में 141 के रूप में मिले। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. पुष्पिंद्र वर्मा को मटाहणी बूथ नंबर 15 में 639 वोट मिले, जबकि बूथ नंबर तलासी में सबसे कम 50 वोट मिले हैं।

### हमीरपुर के सभी लोगों का मिला प्यार : स्वाति शर्मा



स्वाति शर्मा | उमेश शर्मा | रणधीर शर्मा | आशीष शर्मा

**रवि ठाकुर, हमीरपुर।** हमीरपुर भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा की जीत होने पर बाल स्कूल परिसर हमीरपुर में कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ कर जश्न मनाया तो जोरदार नारेबाजी भी की। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने अपनी जीत का श्रेय हमीरपुर की देवतुल्य जनता को दिया है। प्रत्याशी आशीष शर्मा की पत्नी स्वाति शर्मा ने कहा कि सभी लोगों का प्यार मिला है और आज फिर से नजर आया है इसलिए सबका दिल से आभार जताते है। उन्होंने कहा कि हर चुनाव लडाई होती है और जंग लडी जाती है और आज जनता की जीत हुई है। वहीं, प्रत्याशी आशीष शर्मा के भाई उमेश शर्मा ने जनता का धन्यवाद किया और आशीष को बधाई देते हुए कहा कि बहुत मुश्किल समय था, लेकिन फिर भी जनता ने पूरा साथ दिया है और भाजपा ने भी पूरा साथ दिया है।

वहीं, हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव प्रभारी रणधीर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने अपनी ओर से हर तरह के हथकंडे अपनाने के बावजूद भी जीत भाजपा की हुई है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने अनैतिक ढंग अपनाए और कर्मचारियों के तबादला करने की धमकी दी, लेकिन फिर भी अहम जीत दर्ज की है।





मतगणना केंद्र के बाहर भाजपा समर्थक आशीष शर्मा की जीत पर विजयी चिन्ह बनाते हुए।

### आशीष की जीत सीएम के गृह जिले में सबसे बड़ी हार : राणा

**सुजानपुर।** हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा की जीत सच्चाई की जीत है और यह प्रदेश के मुख्यमंत्री के गृह जिले में उनकी सबसे बड़ी हार है। यह बात पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा की जीत पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कही।

पूर्व विधायक ने कहा कि आशीष शर्मा को बड़ी-बड़ी ताकतों ने हराने और डराने में कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन जीत सच्चाई की हुई। प्रदेश के मुख्यमंत्री हमीरपुर में गली-गली घूमते रहे। हर चौक-चौराहे पर जाकर उन्होंने भाषण दिया, लेकिन उनके गृह जिले में परिणाम क्या सामने आए, आज जग जाहिर हैं। आशीष शर्मा बेशक कम मतों से जीते हैं, लेकिन जिस विधानसभा क्षेत्र में उनकी जीत हुई है, उसमें उनकी जीत अपने आप में ही पूरे प्रदेश की सबसे बड़ी जीत है। इसलिए मुख्यमंत्री दो सीटों पर जीत का जश्न तो मना रहे हैं, लेकिन अपने गृह जिले में उनका क्या हाल है, जहां उनकी लगातार जमीन खिसक रही है।

### धन-बल के आरोपों पर हमीरपुर की जनता ने सुक्खू को दिया करारा जवाब : आशीष

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर से जीते भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर करारा हमला किया है। उन्होंने चुनाव जीतने के बाद कहा कि सीएम के धन बल के झूठे आरोपों का हमीरपुर की जनता ने करारा जवाब दिया है।

मशीनरी का दुरुपयोग कर जिस तरीके से उन्हें हराने के लिए पूरी सरकार हमीरपुर में बैठी और रोज-रोज नए-नए आरोप उन पर लगाते रहे, जनता को भ्रम में डालते रहे, उसके बावजूद भी हमीरपुर की जनता हमीरपुर के बेटे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रही।

इससे बड़ा और करारा जवाब मुख्यमंत्री को और कोई नहीं हो सकता, जिन्होंने हमीरपुर को गृह जिला कहकर झूठी संवेदना के जरिए जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया, उस पर उनकी राजनीति को जनता ने औंधे मुंह गिराया है। चुने हुए विधायकों के साथ मुख्यमंत्री कैसा व्यवहार करते थे, इसका जवाब जनता ने दे दिया है। भाजपा के भितरघात को लेकर भी जवाब दिया और कहा कि यदि सभी लोग मिलकर चलते और ऐसा नहीं करते, तो मार्जिन और ज्यादा होता, लेकिन जिन्होंने काम नहीं किया, यह काम पार्टी का है। (अनंत ज्ञान)



#### क्या बोली आशीष की पत्नी

जीत के बाद आशीष शर्मा की पत्नी स्वाति शर्मा ने कहा कि यह जीत महादेव और देवी माता की जीत है। इसमें जनता का प्यार और आशीर्वाद भरपूर मिला है। इस चुनाव में कोई दुविधा नहीं थी। हर एक चुनाव ऐसे ही लड़ा जाता है। चुनावी लड़ाई जंग की तरह होती है और इसे लड़कर ही जीता जा सकता है।

#### यह जीत जनता की : उमेश

आशीष के भाई उमेश शर्मा बोले यह जीत जनता की है, जिस तरीके से इस लड़ाई को लड़ा गया इससे बड़ी खुशी और कोई नहीं हो सकती। अब हमीरपुर की जनता के विकास में पहले की तरह और ज्यादा जवाब देही के साथ जुटे रहना है।

**जीत** आशीष शर्मा की जीत पर बोले जिला भाजपा सचिव विनोद ठाकुर

## अनुराग ठाकुर के प्रयासों और हमीरपुर की जनता के आशीर्वाद से हुई जीत

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

सांसद अनुराग ठाकुर के प्रयासों और हमीरपुर की जनता के आशीर्वाद से भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा उपचुनाव जीत गए हैं। आशीष शर्मा की जीत के बाद मुख्यमंत्री अपने गृह जिले में हार गए हैं। यह बात जिला भाजपा सचिव विनोद ठाकुर ने आशीष शर्मा की जीत के बाद कही।

उन्होंने कहा कि अनुराग सिंह ठाकुर के प्रभार क्षेत्र की हमीरपुर सीट बीजेपी ने जीत ली है। भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा विशेष रूप से इस सीट पर अनुराग सिंह ठाकुर को जिम्मेदारी दे रखी थी। इस पर वह खरा उतरे हैं और हमीरपुर सदर की सीट भाजपा के खाते में आई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विकास की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन आज उन्हें अपने क्षेत्र में ही हार का सामना करना पड़ा है।

सांसद अनुराग ठाकुर ने अपने संबोधन के दौरान हमीरपुर की जनता से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की थी और खुलकर कहा था कि प्रदेश की यह सरकार झूठ बोलने वाली है। झूठे वादे करने वाली है। डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में इस सरकार ने मात्र झूठ बोला है और हमीरपुर जिला की जनता को ठगा है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमीरपुर जिला की समस्याओं को सुलझाने और समस्याओं को सरकार के पक्ष रखने के लिए आशीष शर्मा और पूरे हमीरपुर की आवाज बनाकर आगे आएंगे, इस बात का उन्हें पूरा विश्वास है।



मंच पर मौजूद अनुराग ठाकुर के साथ अन्य

#### धूमल परिवार का दबदबा कायम

**हमीरपुर** सीट पर जीत दर्ज करने के साथ ही हिमाचल के हमीरपुर जिले में धूमल परिवार का दबदबा कायम रहा है। तीनों सीटों पर सिर्फ अनुराग ठाकुर के जिम्मे वाली हमीरपुर सीट पर ही भाजपा को जीत मिली है।

#### जनता ने अनुराग के कद को और बढ़ाया

**अब** तक हमीरपुर जिले में हुए तीनों उपचुनाव में भाजपा ने बड़सर के बाद हमीरपुर को जीतकर सांसद अनुराग ठाकुर के राजनीतिक कद को और बढ़ाया है, प्रो. धूमल के प्रभावी क्षेत्र ओल्ड बमसन व मेवा ने भाजपा प्रत्याशी और हमीरपुर की साख को बचाने का कार्य किया है।

## जीत की खुशी



विस उपचुनाव में जीत दर्ज करने के बाद आशीष को मतगणना केंद्र तक कंधों पर उठाकर ले जाते समर्थक।



विधानसभा उपचुनाव में आशीष शर्मा को जीत मिलने के बाद नादौन के पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री व महिलाएं विजयी चिन्ह बनाते हुए।



मतगणना केंद्र के बाहर भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा के आने का इंतजार करते भाजपा समर्थक।



विधानसभा उपचुनाव में जीत दर्ज करने के बाद निर्वाचन अधिकारी से मिले प्रमाण पत्र को दिखाते हुए भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा।



मतगणना केंद्र के बाहर उपचुनाव में जीत दर्ज करने के बाद समर्थक हार पहना कर स्वागत करते हुए।



भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा घर पर अपनी पत्नी और समर्थकों के साथ।



विधानसभा हमीरपुर उपचुनाव में मतगणना के दौरान निर्देश देते निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मुनीष सोनी।



विधानसभा हमीरपुर उपचुनाव में पोस्टल बैलेट पेपरों की गणना करते हुए कर्मचारी।

**खुश** लोग अपनी आंतरिक दुनिया का निर्माण करते हैं, दुखी लोग अपनी बाहरी दुनिया को दोष देते हैं। – **दलाई लामा**

## संपादकीय

# बिजली का झटका

बिजली राज्य हिमाचल में इनकम टैक्स भरने वाले, मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक और अफसरों समेत करीब दस लाख उपभोक्ता 125 यूनिट फ्री बिजली सुविधा से वंचित हो जाएंगे। इसके साथ ही एक परिवार-एक मीटर के आधार पर ही बिजली पर सब्सिडी दी जाएगी। विपक्षी भाजपा इसे सुक्खू सरकार की ओर से दिया गया बड़ा झटका बता रही है तो वहीं, कांग्रेस इसे मुफ्तखोरी पर लगाम लगाने का प्रयास बता रही है। भाजपा ने प्रदेश सरकार के इस फैसले को जनविरोधी करार देते हुए सियासी मुद्दा बना लिया है। हालांकि हिमाचल प्रदेश में 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने सत्ता में आने के लिए खुद प्रदेश में 300 यूनिट फ्री बिजली देने का वादा किया था। अब लोग उस वादे का मजाक उड़ा रहे हैं और कह रहे हैं कि सरकार को बने हुए 18 महीने से अधिक का वक्त बीत गया है, लेकिन सरकार ने 300 यूनिट फ्री तो क्या देनी, ऊपर से 125 यूनिट फ्री की सुविधा भी बंद कर दी। दरअसल, सुक्खू सरकार यह फैसला लेने के लिए इसलिए मजबूर हुई कि हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति इस समय बेहद खराब चल रही है। हिमाचल पर करीब एक लाख करोड़ रुपए का कर्ज हो गया है।

सरकार के पास कर्मचारियों को वेतन देने तक के पैसे नहीं हैं। सारी व्यवस्था उधारी पर चली है। पिछला कर्ज उतरता नहीं है और अगला नया कर्ज ले लिया जाता है। हिमाचल को बिजली परियोजनाओं की वजह से सबसे अधिक आय होती है, लेकिन मुफ्तखोरी की वजह से बिजली बोर्ड की आर्थिक हालत भी खराब हो गई थी। इस फैसले से अब सुक्खू सरकार को सबसे बड़ा फायदा राजस्व सृजन का होगा। बिजली की खपत के लिए चार्ज करने से सरकार के लिए अतिरिक्त राजस्व उत्पन्न होगा, जिसका उपयोग वह विकास और सार्वजनिक कल्याण कार्यक्रमों के लिए कर सकती है। सब्सिडी का बोझ कम करने से केवल उन लोगों को मुफ्त बिजली देने का लक्ष्य रखकर, जिन्हें वास्तव में इसकी आवश्यकता है, सरकार अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ कर सकती है और संसाधनों को अधिक कुशलता से आवंटित कर सकती है। बिजली के लिए भुगतान उपभोक्ताओं को ऊर्जा का अधिक विवेकपूर्ण उपयोग करने, अपशिष्ट को कम करने और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है।

वास्तविक जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाकर, सरकार सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा दे सकती है। यह सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी कि संसाधन उन लोगों तक पहुंचें, जिन्हें उनकी सबसे अधिक आवश्यकता है। ऊर्जा की खपत कम होने से ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन कम हो सकता है, जो पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता में योगदान देता है। कुल मिलाकर, यह कदम सुक्खू सरकार को संसाधन आवंटन को अनुकूलित करने, दक्षता को बढ़ावा देने और अधिक न्यायसंगत समाज को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। भाजपा सरकार ने 125 यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा प्रदान करने की शुरुआत की थी। उस समय जयराम सरकार का तर्क यह था कि चूंकि हिमाचल सरप्लस बिजली उत्पादन करता है और सरकार उपभोक्ताओं के साथ उस लाभ को साझा करना चाहती थी। भाजपा सरकार ने आम आदमी को सीधा लाभ पहुंचाने के लिए महिलाओं को बसों के किराये में पचास प्रतिशत की छूट देने जैसे और भी कई कल्याणकारी फैसले लिए हैं और मुफ्त बिजली की यह योजना भी उनमें से एक है। जयराम सरकार ने लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और हिमाचल का तीव्र और संतुलित विकास सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया था।

हालांकि घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने की योजना को भाजपा सरकार का चुनावी वादा माना जाता है। इस योजना का उद्देश्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देना और कार्बन उत्सर्जन को कम करना है, लेकिन जिस हिसाब से बिजली का मिसयूज होता है उससे उद्देश्य फलीभूत नहीं होता है। सुक्खू सरकार अब राशन और आधार कार्ड नंबर से बिजली मीटर लिंक कर अमीर और और गरीब बिजली उपभोक्ताओं की पहचान करेगी। घेरलू कैटेगरी के यूजर्स के लिए बिजली की नई कीमतें 0-125 यूनिट बिजली पर 5.60 रुपए प्रति यूनिट है। देखना है कि सुक्खू सरकार का यह फैसला प्रदेश हित में कितना कारगर साबित होता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी

**चन्द्रभानु** गुप्त भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। उन पर 'आर्य समाज' का बहुत गहरा प्रभाव था। वर्ष 1926 से ही सीबी गुप्त 'उत्तर प्रदेश कांग्रेस' और 'अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी' के सदस्य बन गए थे। बांसमंडी चौराहे पर सीबी गुप्त को लोकमान्य तिलक के पैर छूने का मौका मिला। पैर छूते उन्हें न जाने कैसी प्रेरणा मिली कि उनके कदम सक्रिय राजनीति की ओर बढ़ चले। फिर तो राजनीति और समाज सेवा में ऐसी पैठ बनाई कि कई विभागों में मंत्री रहने के बाद चन्द्रभानु उत्तर प्रदेश के 3 बार मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने समाज सेवा के क्षेत्र में भी अनेक काम किए। चन्द्रभानु गुप्त का जन्म उत्तर प्रदेश में अलीगढ़ जिले के 'बिजौली' नामक स्थान पर हुआ था। उनके चरित्र निर्माण में 'आर्य समाज' का बहुत गहरा प्रभाव पड़ा और भावी जीवन में आर्य समाज के सिद्धांत उनके मार्गदर्शक रहे। सीबी गुप्त अपने विरोधियों की भी मदद करते थे। उस समय उनके बड़े विरोधियों में से एक अलगू राय शास्त्री की तबीयत बहुत खराब थी। यह बात जब चन्द्रभानु गुप्त को पता चली तो वह उनके घर पहुंच गए। चिकित्सकों को बुलाया और कहा 'इनके इलाज में कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। सारा खर्च मैं दूंगा।' वर्ष 1919 में 'रौलट एक्ट' के विरोध में प्रदर्शन करने के बाद कांग्रेसजन चन्द्रभानु की क्षमताओं के कायल हो गए। 'काकोरी रेल कांड' के क्रांतिकारियों के बचाव पक्ष में वकालत करने के बाद तो वह सुर्खियों में आ गए। चन्द्रभानु गुप्त को 1928 में लखनऊ शहर कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया। कानपुर में हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में लखनऊ से डेलीगेट भी चुने गए। पूरे राष्ट्रीय आंदोलन में उन्होंने सक्रिय सिपाही की भूमिका निभाई। ■



**चन्द्रभानु गुप्त**
**जन्म :** 14 जुलाई, 1902
**मृत्यु :** 11 मार्च, 1980

## अपनी बात



**उम्मीद** की जानी चाहिए कि जिस तरह से गर्मी के इस सीजन में पर्यटकों का हुजूम उमड़ा और होटलों की ऑक्यूपेंसी सौ प्रतिशत तक पहुंच गई, उसी तरीके से आने वाले समय में भी हिमाचल में बेशुमार पर्यटक आएंगे। बस इतना ध्यान में रखें कि हिमाचल की शांत वादियों का लुत्फ उठाएं और यहां के पर्यावरण को दूषित न करें, नहीं तो हिमाचल में भी मैदानी इलाकों जैसे रंगत दिखने लगेगी और तब उस परिस्थिति में लोग यहां कम आएंगे। सरकार और पर्यटन विभाग को चाहिए कि वह पर्यटकों को और ज्यादा आकर्षित करने के लिए नए पैकेज तथा स्कीमें लेकर आए ताकि सुविधाओं को देखकर पर्यटक निसंकोच हिमाचल आते रहें। साथ ही पुलिस प्रशासन को चाहिए कि वह कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमों का कड़ाई से पालन करे। यदि कोई हुड़दंग करता है तो उसके खिलाफ सख्ती से पेश आए ताकि इस मंशा वाले दूसरे पर्यटकों को भी सबक मिले। हिमाचल का पर्यटन फलता-फूलता रहना चाहिए, इसी में प्रदेश की भलाई है। –**सुमित अवस्थी, पांवटा साहिब**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# भारतीय संस्कृति और मर्यादा का अंतस

प्रत्यक्ष पर्यावरण प्रकृति की संरचना है। भारत के प्राचीनकाल में भी प्राकृतिक पर्यावरण की उपस्थिति मनमोहक थी। प्रकृति को देखते, उसके विषय में सोचते और सुनते मनुष्य ने भी सृजन कर्म में जाने-अनजाने भागीदारी की। आज का भारत हमारे पूर्वजों, अग्रजों के सचेत कर्मों का परिणाम है। मनुष्य द्वारा किए गए सुंदर सत्कर्म संस्कृति हैं। प्रकृति स्वाभाविक है, लेकिन संस्कृति मनुष्य की रचना है। संक्षेप में विश्व के प्रत्येक जीव की लोकमंगल कामना और उसके लिए किए गए कर्म संस्कृति है। संस्कृति किसी एक व्यक्ति या समूह के कर्मफल का परिणाम नहीं होती।

भारतीय संस्कृति के विकास में विज्ञान और दर्शन की महत्ता है। कोई अंधविश्वास नहीं। रूप, रस, गंध, शब्द और स्पर्श प्रत्यक्ष इंद्रिय बोध के हिस्से हैं। पूर्वजों की 'मंगल भवन अमंगल हारी' कर्मठ चेतना से संस्कृति का विकास हुआ। सारांशत: भारत के बुद्धि विवेक और ज्ञान प्रज्ञान का सर्वोत्तम संस्कृति है। राष्ट्र के सभी अंगभूत घटक एक स्वर, एक लय, एक प्रीति, एक छंद और एक रस समरस स्पंदित होकर अपनी संस्कृति गढ़ते हैं। संस्कृति भारत के लोगों के दर्शन, भाषा, धर्म, कला, आशा, संवेदना, अनुभूति, प्रीति, धीरज, साहस संयम और मर्यादा का अंतस है। भारतीय संस्कृति हजारों वर्ष की तपसाधना का सृजन है। मार्शल ने लिखा है, 'अनेक प्रमाणों में भारत में एक अत्यंत विकसित संस्कृति की उपस्थिति का पता चलता है। इसके पीछे अवश्य ही भारत की धरती का लंबा इतिहास होना चाहिए।' ऋग्वेद दुनिया का प्राचीन शब्द प्रमाण है। प्राचीन समाज का विज्ञान है और तत्कालीन समाज की संस्कृति का दर्पण है। वैदिक साहित्य में सामाजिक संगठन के स्वर्ण सूत्र हैं। यहां दर्शनशास्त्र है। विज्ञान है। योग और भौतिक विज्ञान है। प्राचीन इतिहास में इस भूखंड की आस्था जैसा प्रश्नाकुल दर्शन अन्यत्र नहीं मिलता। यहां आस्था और वैज्ञानिक विवेक साथ-साथ चलते हैं। हिंदू धर्म में एक साथ तर्क और प्रतिप्रश्न दिखाई पड़ते हैं। यहां धर्म का विकास हुआ है। यह इतिहास बड़ा मजेदार है।



लेखक : हृदयनारायण दीक्षित
यूपी विस के पूर्व अध्यक्ष

पहले प्रकृति का अध्ययन, विवेचन और विश्लेषण। फिर प्रकृति की शक्तियों का आदर। इन्हें देवता कहा गया। प्रकृति में नियमबद्धता देखी गई। वैदिक ऋषियों ने इस नियमबद्धता को मनुष्य के जीवन के लिए मार्गदर्शी व प्रेरक बताया। भारत में इसी सबसे विश्वप्रिय दृष्टिकोण का विकास हुआ। कौटिल्य ने दार्शनिक दृष्टिकोण अपनाकर दुनिया का पहला अर्थशास्त्र लिखा। इसी तरह अभिनय कला के सभी सरोकारों को समझते हुए भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र लिखा। चरक ने चरक संहिता और पाणिनि की अष्टाध्यायी और पतंजलि का योगसूत्र हिंदुओं की ओर से सारी दुनिया के लिए पुरस्कार है।

ब्रिटिश सत्ता के दौरान यूरोपीय सभ्यता को श्रेष्ठ और भारतीय संस्कृति को छोटा और हेय बनाने का प्रयास किया गया है। पंडित नेहरू भी यूरोप की संस्कृति से प्रभावित थे। उन्होंने रामधारी सिंह 'दिनकर' की पुस्तक 'संस्कृति के चार अध्याय' की भूमिका में लिखा, 'जब पश्चिम के लोग समुद्र पार से यहां आए, तब भारत के द्वार दरवाजे एक खास दिशा की ओर खुल गए। आधुनिक औद्योगिक सभ्यता बिना किसी शोरगुल के इस देश में प्रवेश कर गई। नए विचारों और नए भावों का हम पर हमला हुआ और भारतीय बुद्धिजीवी अंग्रेज बुद्धिजीवियों की तरह सोचने का अभ्यास करने लगे।' इस वक्तव्य के अनुसार भारतीय बुद्धिजीवियों द्वारा अंग्रेज बुद्धिजीवियों की तरह सोचना खास प्रतिष्ठा है।

अंग्रेज बुद्धिजीवियों के हित साम्राज्यवादी थे। उनके लक्ष्य ईसाईयत के प्रचार से जुड़े थे। सभ्यता इकहरी नहीं होती। प्रत्येक सभ्यता का एक दर्शन होता है। एक उद्देश्य होता है। स्वयं को प्रकट करने की अपनी शैली होती है। यह सारी बातें हिंदू धर्म और परंपरा में पहले से मजबूत रही हैं, लेकिन नेहरू और उनसे प्रभावित बुद्धिजीवी यूरोप से वैचारिक आयात कर रहे थे, इसलिए इतिहास के अनेक प्रश्न महत्वपूर्ण हैं। हिंदू इतिहास संकलन की शैली यूरोपीय इतिहास संकलन से भिन्न है। भारतीय बुद्धिजीवियों ने महाकाव्यों, पुराणों और वैदिक साहित्य के रूप में भारत की सभ्यता और संस्कृति की नींव मजबूत की थी, लेकिन प्राचीन भारत में यूरोपीय ढंग से इतिहास का संकलन नहीं हुआ।

अंग्रेजों ने अपनी सत्ता चलाने के लिए भारत के सम्यक अध्ययन को जरूरी पाया। ब्रिटिश विद्वानों ने इतिहास की यूरोपीय शैली को अपनाते हुए भारतीय इतिहास का विवेचन किया। मार्क्सवादी विद्वान रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय' में लिखा है, 'ब्रिटेन वालों ने जब यहां शासन कायम किया, तब उन्हें औपनिवेशिक प्रशासन के हित में इसकी आवश्यकता प्रतीत हुई। जब 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आए, तब शासकों को हिंदुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था करने में कठिनाई का अनुभव हुआ।

अत: 1776 में सबसे अधिक प्रामाणिक मानी जाने वाली मनुस्मृति का अंग्रेजी अनुवाद 'ए कोड ऑफ जेंटू लॉज' के नाम से कराया गया। यह सब बातें मार्क्सवादी विद्वान की हैं। 1784 में कोलकाता में 'एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल' की स्थापना विलियम जोन्स ने की। वस्तुत: भारत की सभी संस्थाओं को अंग्रेजीराज की मजबूती के लिए इस्तेमाल करने का काम उस समय के आधुनिक विद्वानों के द्वारा किया जा रहा था।

रामशरण शर्मा ने लिखा है, 'उन्हें महसूस हो गया कि जिन विदेशी लोगों पर उन्हें शासन करना है, उनके रीति-रिवाज और सामाजिक व्यवस्था का गहन ज्ञान प्राप्त करना होगा। क्रिश्चियन मिशनों के धर्म प्रचारकों ने भी हिंदू धर्म की दुर्बलताओं को जानना आवश्यक समझा ताकि वे धर्म परिवर्तन करा सकें और इसके द्वारा ब्रिटिश साम्राज्यवादियों को मजबूत बना सकें। ब्रिटिश विद्वानों के इतिहास ग्रंथ पक्षपातपूर्ण रहे हैं। उन्होंने इतिहास का विरुपण किया है। हम भारत के लोग जन्म से, अनुभव से, अध्ययन और परिश्रम से विश्व की प्रतिष्ठित संस्कृति के उपासक हैं। संप्रति विदेशी सभ्यता और संस्कृति को आधुनिकता बताकर तथ्य गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। हमारा वर्तमान हमारे भूत का विस्तार है और हमारे आज के श्रमतप भविष्य का भारत रच रहे हैं। आधुनिकता के नाम पर विदेशी संस्कृति का आह्वान और हिंदू संस्कृति की उपेक्षा स्वीकार्य नहीं है। भारत की आधुनिकता भारत की परंपरा का ही विकास होनी चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# वायु प्रदूषण पर नियंत्रण जरूरी

वायु प्रदूषण के संदर्भ में हाल ही में जारी आंकड़े देश में भयावह स्थिति की तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। मौजूदा स्थिति के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 100 में से लगभग 12 लोगों की मौत खराब हवा के कारण होती है। एक रिपोर्ट में दिल्ली को विश्व का सबसे प्रदूषित शहर बताया गया था। पूरे वर्ष यहां की हवा खराब रहती है। सर्दी में समस्या और बढ़ जाती है। इस मसले पर अदालत से लेकर संसद तक चिंता जताई जा चुकी है, फिर भी स्थिति में सुधार नहीं है।

ऐसा लगता है कि इस क्षेत्र में किसी ने कोई काम नहीं किया। जैसे ही सर्दी बढ़ेगी सरकारें एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति शुरू कर देंगी। वाराणसी में भी वायु प्रदूषण से होने वाली मौत 10 प्रतिशत से अधिक है। इसके अलावा भी तमाम ऐसे इलाके हैं, जहां वायु प्रदूषण मानव जीवन पर भारी पड़ रहा है। देश के स्वच्छ वायु मानदंड डब्ल्यूएचओ के 15 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर के दिशा-निर्देश से चार गुना अधिक है। यह बेहद परेशान करने वाला आंकड़ा है। इसही वजह से वायु प्रदूषण के लिहाज से बेहतर माने जाने वाले शहरों में भी लोगों की जान जा रही है। मुंबई, कोलकाता बेंगलुरु और चेन्नई जैसे शहरों में हवा अपेक्षाकृत साफ रहती है, लेकिन इन शहरों में भी प्रदूषण से मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार हवा में पीएम 2.5 का स्तर डब्ल्यूएचओ के मानक से अधिक होने से यह नौबत आती है।



लेखक : योगेश कुमार सोनी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अब तो मौसम के बदलते स्वरूप की वजह से ऐसी बीमारियां सामने आ रही हैं, जिनका नाम कभी सुना भी नहीं गया, साथ ही कम उम्र में मधुमेह, कैंसर व हार्ट अटैक जैसी बीमारियों ने हमें आईना दिखाना शुरू कर दिया है। आश्चर्य यह है कि इतना सब कुछ होने के बाद भी हम वैसे के वैसे हैं। सर्दियों के दिनों में कोर्ट भी दिल्ली को गैस चैंबर तक घोषित कर देता है। पिछले कुछ वर्षों से दिवाली के बाद प्रदूषण बहुत परेशान करता है। आंखों में जलन होना, गले में खराश रहने के अलावा थोड़ी दूर का स्पष्ट दिखाई तक नहीं देता। बच्चों, बुजुर्गों व अस्थमा के मरीजों के लिए तो आफत आ जाती है।

इस खतरनाक प्रदूषण की वजह से स्कूलों को बंद करना पड़ता है। हद यह है कि व्यवस्था तंत्र प्रणाली को भली-भांति पता है कि लोगों का जीवन प्रदूषण की वजह से खत्म होता जा रहा है, लेकिन उनकी सक्रियता व गंभीरता का धरातल पर कोई असर न दिखना मानव जीवन को खत्म कर रहा है और इसके अलावा हम आने वाली पीढ़ी को अपने हाथों से मारने जैसा काम कर रहे हैं। प्रदूषण के मुद्दे पर सबकी सोच एक जैसी है, पर सुधरना कोई नहीं चाहता। बहरहाल, स्वास्थ्य जैसे मामलों में लापरवाही करना या हल्के में लेना हमें ही नुकसान पहुंचाता है। हद तो यह है कि हम हाईटेक होने के चक्कर में अपने हेल्थ की ओर बिलकुल भी ध्यान नहीं दे रहे। इससे जीवन पर लगातार संकट बना हुआ है। प्रदूषण की जंग जीतने के लिए सरकार को कड़े कदम उठाने होंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



### गांव में मेरा आशियां था

वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

*गांव में मेरा एक आशियां था,*
*खुशियों का प्यारा एक जहां था।*
*सुबह थी वहां की मस्त सुहानी,*
*हर कोने की थी वहां एक कहानी।*
*बचपन की यादें वहां भरी पड़ीं,*
*मेरे सपनों की दुनिया इनसे जुड़ी।*
*पंछियों के गीत, खेतों की महक,*
*कोयल की कूक, गौरैया की चहक।*
*गाय का ताजा दूध और ठंडा पानी,*
*मां की लोरी, दादी की कहानी।*
*पेड़ों की छांव वह नदी का किनारा,*
*सुकून से भरा था हर पल हमारा।*
*अब शहर की गलियों में हैं उलझे,*
*वे सारे सपने, रह गए अनसुलझे।*
*गांव में बुढ़ापा भी तब जवां था,*
*गांव में मेरा एक आशियां था।*

# अब ब्रिटेन में सख्ती से कसे जाएं खालिस्तानी

ब्रिटेन के हालिया चुनावों में लेबर पार्टी की महत्वपूर्ण जीत से साबित हो गया कि ब्रिटेन की राजनीति में भारतीय प्रवासी समाज की भूमिका बेहद खास है। ब्रिटेन के चुनाव परिणाम यह बताते हैं कि वहां की राजनीति में भारतीय प्रवासियों की ताकत बढ़ती ही जा रही है। निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सहित 26 भारतीय मूल के नेता नई संसद के लिए चुने गए हैं। सुनक ने उत्तरी इंग्लैंड में रिचमंड एवं नॉर्थलेरटन सीट पर 23,059 वोट के अंतर के साथ दोबारा जीत हासिल की।

सुनक की पार्टी की शिवानी राजा ने लीसेस्टर ईस्ट की सीट जीत ली है। लीसेस्टर ईस्ट में लड़ाई में कई दिग्गज शामिल थे, जिनमें पूर्व सांसद क्लाउड वेबे और कीथ वाज शामिल थे, जिन्होंने निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ा था। कीथ वाज भी भारतीय मूल के ही हैं। वे पहले भी संसद के सदस्य रहे हैं। शिवानी राजा शिक्षा की दुनिया से जुड़ी हुई हैं। वह लंबे समय से कंजरवेटिव पार्टी की एक्टिविस्ट हैं। भारत में जन्मे कनिष्क नारायण पूर्व वेल्श की सीट से जीत गए हैं। वे भी कंजरवेटिव पार्टी के उम्मीदवार थे। बिहार के मुजफ्फरपुर के मूल निवासी कनिष्क नारायण 12 साल की उम्र में ब्रिटेन गए थे। उन्होंने ऑक्सफोर्ड और फिर स्टैनफोर्ड में पढ़ाई की। भारतीय मूल की सुएला ब्रेवरमैन ने फेयरहैम और वाटरलूविल सीट जीती है। उनके पिता गोवा के और मां तमिल मूल की हैं। पंजाबी हिंदू परिवार से संबंध रखने वाले गगन मोहिंदर फिर से साउथ-वेस्ट हर्टफोर्डशायर सीट से चुनाव जीत गए हैं। निवर्तमान संसद के सदस्य नवेंदु मिश्र लेबर पार्टी की टिकट पर स्टॉकपोर्ट सीट से कामयाब रहे हैं। वो मूल रूप से कानपुर से हैं। ब्रिटेन की निवर्तमान संसद में भी 15 भारतीय मूल के सांसद थे। ब्रिटेन के आम चुनाव 2024 में, कुल 107 ब्रिटिश-भारतीय उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे। भारत-ब्रिटेन संबंधों को देखा जाए तो इसके प्रमुख रूप से पांच आयाम हैं। ब्रिटेन भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश है, जबकि भारत भी ब्रिटेन में नई परियोजनाएं शुरू करने के मामले में तीसरा सबसे बड़ा देश है।



लेखक : आरके सिन्हा
स्तंभकार और पूर्व सांसद

भारत के लिए ब्रिटेन एक महत्वपूर्ण आयातक देश है। हालांकि यह भारत को बहुत बड़ी मात्रा में निर्यात भी करता रहा है। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में भारतीय कंपनियों की भी अहम भूमिका है। भारतीयों की स्वामित्व वाली 700 से ज्यादा कंपनियों ने ब्रिटेन में एक लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार दिया हुआ है। टाटा ग्रुप की ही कंपनियों ने ब्रिटेन में हजारों लोगों को रोजगार दिया हुआ है। वहां हिंदुजा, लक्ष्मी मित्तल, स्वराज पॉल जैसे बहुत सारे बड़े उद्योगपति स्थायी रूप से रहकर ही देश-विदेश में अपना काम कर रहे हैं। इसके अलावा, भारत के हजारों छात्र ब्रिटेन में पढ़ाई करने भी हर साल जाते हैं। हां, भारत के युवाओं में अमरीका, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी में पढ़ाई, नौकरी या निवेश करने का चलन भी बढ़ रहा है।

भारत और ब्रिटेन के बीच 200 साल से भी अधिक का पुराना संबंध है। दोनों ही देश सांस्कृतिक संस्थानों और अंग्रेजी के माध्यम से जुड़े हैं। दोनों देशों के आपसी संबंधों को मजबूत रखने में ब्रिटेन में रहने वाले करीब 15 लाख प्रवासी भारतीयों की अहम भूमिका है। ये प्रवासी भारतीय न केवल ब्रिटेन और भारत के बीच एक मजबूत पुल का काम कर रहे हैं, बल्कि, इन्होंने भारत की संस्कृति से ब्रिटेन को संपन्न भी किया है। प्रवासी भारतीय ब्रिटेन में हर क्षेत्र में प्रभावशाली रूप से मौजूद है। अब चाहे वो व्यापार, राजनीति, खेल का क्षेत्र हो या कोई और, इन्होंने सभी क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है।

भारत को ब्रिटेन की नई सरकार से यह भी यही उम्मीद रहेगी कि पिछले साल भारतीय उच्चायोग पर हुए हमले के लिए जिम्मेदार तत्वों पर अब कठोर एक्शन लिया जाये। ऋषि सुनक सरकार ने भी खालिस्तान समर्थक संगठनों पर चाबुक चलानी शुरू कर दी थी। ये संगठन ब्रिटेन में बैठकर भारत के खिलाफ आतंकवाद या नफरत की आग फैलाने की साजिश में लगे हुए हैं। इन संगठनों में इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन, खालसा टेलीविजन लिमिटेड, खालिस्तानी टेलीविजन चैनल वगैरह शामिल हैं। ब्रिटेन में खालिस्तानी फंडिंग नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए बनाई गई स्पेशल टास्क फोर्स ने खालिस्तान समर्थकों के 300 से ज्यादा बैंक खाते जब्त कर 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम जब्त की है। भारत-ब्रिटेन संबंधों में बेहतरी तब ही कायदे से आएगी, जब वहां खालिस्तानी समर्थक कसे जाएंगे।

अब भारत-ब्रिटेन का यह लक्ष्य रहेगा कि दोनों देश व्यापार, प्रौद्योगिकी और सुरक्षा में सहयोग बढ़ाएं। पिछली 4 जुलाई को ब्रिटेन में हुए संसदीय चुनावों के परिणाम व्यापक रूप से अपेक्षित थे। किएर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी को 34 फीसद वोटों के साथ हाउस ऑफ कॉमन्स में 650 सीटों में से 410 सीटों पर जीत मिली। वे अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बन गए हैं। उनकी भी भारतीय सनातनी परंपराओं में गहरी आस्था है, और वे नियमित रूप से हिंदू मंदिरों में जाते रहे हैं।


हालिया चुनाव परिणाम भारत- ब्रिटेन संबंधों के लिए चुनौतियां और अवसर दोनों ही प्रस्तुत करते हैं, जो पिछले दो दशकों में लगातार मजबूत होते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर से बात की और उन्हें पीएम चुने जाने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने विगत शनिवार को ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री से बात करते हुए, उन्हें लेबर पार्टी की उल्लेखनीय जीत पर बधाई दी। बातचीत में दोनों नेताओं ने भारत-ब्रिटेन की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री को मोदी जी ने भारत आने का निमंत्रण भी दिया। भारत और ब्रिटेन के बीच आपसी संबंध मजबूत करने के लिहाज से एफटीए का काफी महत्व है। इस मुद्दे पर आगे बढ़ने के लिए दोनों ही देश कोशिशें कर रहे हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# परीक्षा व्यवस्था की प्रमाणिकता की चुनौती

प्रतिष्ठित 'नीट' की परीक्षा पेपर लीक की घटना से अधर में लटकी है और उसकी प्रमाणिकता खतरे में है। ऐसे ही यूजीसी की शोधवृत्ति और अध्यापकी की पात्रता दिलाने वाली 'नेट' की ताजा परीक्षा रद्द कर दी गई है, कारण है कि परीक्षा का प्रश्न पत्र छात्रों तक परीक्षा शुरू होने के पहले ही पहुंच गया था। जानकारी के हिसाब से कुछ खास स्थानों पर ही इस शैक्षिक हादसे के किरदार सक्रिय थे। यह सांस्कृतिक परिवर्तन को भी बता रहा है।

ताजा घटनाओं से परीक्षा की प्रक्रिया में बाधा आई। अपने परिश्रम का प्रतिसाद न पाने के कारण परीक्षार्थियों में घोर निराशा पैदा हुई है। इन संवेदनशील मामलों को लेकर अब तक की हुई तहकीकात से खबर यही आ रही है कि हादसा स्थानीय था, और उसका प्रभाव सीमित था। इन परीक्षाओं के षड्यंत्र में परीक्षार्थी, उद्यमी और नेता आदि अनेक किस्म के लोगों की मिलीभगत का धीरे-धीरे पर्दाफाश हो रहा है। लापरवाही, बेईमानी और भ्रष्टाचार की तमाम कहानियां सामने आ रही हैं। गिरफ्तारी हो रही है, जांच जारी है और अदालती कार्रवाई भी चल रही है। यह सब पूरा कानूनी है, यानी पर्याप्त समयसाध्य है, और आगे भी अनंत काल तक चलता रहेगा। इतिहास बताता है कि इस तरह के मामलों का परिणाम अनिश्चित रहता है, पर यह कथा किसी भी तरह नई नहीं है। पहले भी ऐसी घटनाएं ज्ञात और अज्ञात रूप से होती रही हैं, परंतु जरूरी सुधार नहीं हो सके हैं। इन सबका सम्मिलित परिणाम युवा वर्ग में कुंठा को बढ़ाने वाला है और उनके करियर बनाने में बाधक है।



लेखक : गिरीश्वर मिश्र
हिंदी विवि वर्धा के पूर्व कुलपति

दरअसल परीक्षा और उसके परिणाम भारतीय जीवन के ऐसे प्रमुख स्तंभ के रूप में स्वीकृत हो चुके हैं, जो पूरे आदमी पर जन्म भर अपना प्रभाव बनाए रखते हैं। वे अपरिवर्तनीय ब्रह्म रेख जैसे होते हैं जिनको ढोते ही रहना होता है। परिणाम देने वाले होने के कारण आकर्षण और प्रलोभन के अनिवार्य केंद्र बनकर परीक्षा का भूत विद्यार्थियों और अभिभावकों के मन-मस्तिष्क पर बुरी तरह से छाया रहता है। चूंकि परीक्षा के ताले में ही भविष्य कैद हो छिपा रहता है और सभी उसकी कुंजी की तलाश में रहते हैं। यह हमारी शिक्षा व्यवस्था का कष्टदायी पक्ष है, जिधर अभी तक कोई खास ध्यान नहीं दिया जा सका है। सत्य यही है कि आज जीवन में परीक्षा का प्रभुत्व इतना बढ़ चुका है कि येन केन प्रकारण परीक्षा की कुंजी हासिल कर लेना सबके लिए जीवन मरण का प्रश्न बन चुका है।

इस पार या उस पार जैसी स्थिति के होने कारण साधारण विद्यार्थी अपने अध्ययन-अध्यवसाय का आधार लेते हैं और परिश्रम करते हैं। दूसरी तरफ धन और शक्तिसंपन्न ऐसे लोगों की संख्या बढ़ रही है, जो बिना पढ़े-लिखे परीक्षा पास करने की गैर कानूनी और अनैतिक जुगत लगाने की फिराक में रहते हैं और सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो सफल भी हो जाते हैं। परीक्षा के निर्णायक महत्व को देख कर परीक्षा में सफलता को सुरक्षित कराने की ललक सबके मन में होती है। ऐसी स्थिति में नकल करा कर बिना पढ़े परीक्षार्थी को परीक्षा में सही उत्तर लिखने-लिखाने तथा अंकों में हेराफेरी करने आदि द्वारा परीक्षा परिणाम को अपने पक्ष में करने का धंधा देश में बड़े पैमाने पर फैल रहा है। लाइन तोड़ कर आगे बढ़ने-बढ़ाने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। यह सब एक बड़ा व्यापार बन चुका है, जिसमें मनमाना पैसा वसूल किया जाता है।

इसके अनेक रूप हैं जिसमें संचार की प्रौद्योगिकी की भी बड़ी भूमिका है। साथ ही कोचिंग जैसी वैकल्पिक शिक्षा की व्यवस्थाएं भी इसमें जुट गई हैं। पकड़ में न आने पर इसका लाभ लेकर लोग परीक्षा में अनायास सफल होकर नौकरी-चाकरी पाने में भी कामयाब हो जाते हैं। यदि इस शार्टकट से योग्यताविहीन सफल होते लोग नौकरी और व्यवसाय में यदि कार्य की गुणवत्ता को सुनिश्चित न कर सकें तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। आज शिक्षा, परीक्षा और नौकरी का दुश्चक्र तेजी से फैल रहा है। रोजगार के अवसर अपर्याप्त हैं। भारत जनसंख्या की दृष्टि से विश्व में प्रथम पद पर पहुंच चुका है, पर जीने के संसाधन बेहद सीमित हैं। देश एक बड़ा बाजार हो चुका है, पर उत्पादक न हो कर खरीददार है। साथ ही हमारी व्यवस्था न पर्याप्त है न चुस्त फलत: सभी प्रतीक्षारत हैं। विश्व में युवा देश के रूप में भारत से आशा बंधती है, परंतु इस युवा शक्ति को नियोजित करना अत्यंत आवश्यक है। समाज और सरकार दोनों को इस युवा शक्ति को उपेक्षा कर अशक्त न बनाएं। युवा वर्ग को सुशिक्षित और समर्थ बनाने की जरूरत है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** उपमंडल हरोली के तहत संत ढांगू वाले राजकीय महाविद्यालय बीटन में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विद्यार्थी बीए, बी-कॉम तथा बीएससी में 15 जुलाई तक दाखिला के सकते हैं। प्राचार्य डॉ. सुनीता गोयल ने बताया है कि 15 जुलाई शाम 5 बजे तक सभी विद्यार्थी अपनी फीस जमा करवा सकते हैं। इसलिए सभी विद्यार्थी कॉलेज वेबसाइट पर जाकर लॉगिन करके अपने फार्म भर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी महाविद्यालय में भी संपर्क कर सकते हैं।

### कांग्रेस की जीत पर दी बधाई



**राजेश शर्मा, ऊना।** देहरा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर और नालागढ़ के उपचुनाव में कांग्रेस के हरदीप सिंह बावा की जीत पर ऊना जिले के नेताओं ने बधाई दी है। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा, चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू, गगरेट के विधायक राकेश कालिया, कांग्रेस प्रवक्ता डॉक्टर विजय डोगरा, सुरेंद्र ठाकुर समेत कई लोगों ने इसे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और सरकार की जीत बताया है। उनका कहना है कि प्रदेश में भाजपा को मुंह की खानी पड़ी है। कांग्रेस ने अपना पुराना आंकड़ा हासिल कर लिया है। इन नेताओं ने कहा कि प्रदेश में सुक्खू सरकार और मजबूत होकर उभरी है। भाजपा द्वारा सरकार गिराने का प्रयास किया गया था, लेकिन इसमें भाजपा ने प्रदेश महज राजनीतिक अस्थिरता पैदा की है। प्रदेश की जनता ने भाजपा को सबक सिखाया है। इस जीत पर जिले में कई जगह मिठाई भी बांटी गई।

### रात को 11 बजे पकड़ा जहरीला कोबरा



**ए कुमार, सुजानपुर।** स्नेक सेवर नाम से मशहूर माथुर धीमान ने एक परिवार को सांप के डर से मुक्ति दिलाई है। माथुर धीमान ने बताया कि बीड़ बगेड़ा के साथ पलाही गांव में कोबरा रमेश चंद के दरवाजे के साथ ईंटों में छिपा था। इंडियन कोबरा प्रजाति का यह सांप जिसका वैज्ञानिक नाम नाजा है, बेहद जहरीला होता है। सांप लगभग छह फुट लंबा था, जिसे माथुर धीमान ने रेस्क्यू करके जंगल में छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि उन्हें रात के समय में फोन पर सूचना मिली कि यह सांप घर के पास दरवाजे के साथ ईंटों में छिपा हुआ है। इस पर उन्होंने रात में ही मौके में पहुंचकर बड़ी मुश्किल से शाम को काबू कर परिवार को इसके डर से मुक्ति दिलाई।

# झारखड-पंजैन सड़क पर नहीं लगा एक वर्ष से डंगा, हो सकता है बड़ा हादसा

## बीते वर्ष आपदा आने पर टूटी थी उक्त सड़क, विभाग से नहीं हुआ समस्या का हल

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के थाना कला के गांव पंजैन थाना में बने सबसे बड़े पहाड़िया मंदिर को जाने बाली सड़क मंदिर से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर बीते वर्ष बरसात के दिनों में एक तरफ से सड़क क्षतिग्रस्त होने पर कोई बड़े हादसे को निमंत्रण दे रही है। मंदिर के गद्दीनशीन बाबा अशोक कुमार जी द्वारा कई बार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को बताया, लेकिन एक वर्ष में समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ।

बता दें कि उक्त बाबा पहाड़िया मंदिर में हर दिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और हर शनिवार और रविवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु नतमस्तक होकर आशीर्वाद लेते हैं। बाबा अशोक जी के स्थानीय भक्तों ने भी कई बार विभाग को इस समस्या के बारे में अवगत करवाया, लेकिन फिर भी लोनिवि कुंभकर्णी नींद से नहीं जागा है और किसी बड़े दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। ऐसा भी नहीं है कि उक्त सड़क से श्रद्धालु मंदिर ही जाते हैं, वल्कि उक्त सड़क से दर्जनों घरों को सड़क सुविधा भी मिलती है। अब शादियों का सीजन शुरू हो चुका है और हर गांव में शादियां हो रही हैं और छोटी बड़ी गाड़ियों की आवाजाही उक्त सड़क से होती है, लेकिन फिर भी एक वर्ष से आ रही सड़क की समस्या को विभाग खत्म नहीं कर पाया है और अब बरसात शुरू हो चुकी हैं।



पंजैन के लिए लिंक रोड जहां डंगा प्रस्तावित है

जब भी कोई व्यक्ति सेवादार या अन्य इस समस्या को लेकर विभाग को अवगत करवाता है तो विभाग कार्य शुरू करने और टैंडर प्रतिक्रिया पूरी होने की बात करता है, लेकिन सड़क की बड़ी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है।

**19 से 26 अगस्त तक बाबा पहाड़िया मंदिर में चलेगा धार्मिक सम्मेलन**

बताते चलें कि बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैहन में 19 से 26 अगस्त तक रक्षाबंधन के उपलक्ष्य पर बाबा जी का छत्र पूजन होगा और आठ दिन के इस बड़े कार्यक्रम में हजारों की संख्या में छोटी-बड़ी गाड़ियों की आवाजाही मंदिर में होगी।

### सीएम के पास श्रद्धालुओं ने पहुंचाई समस्या

गांव पंजैन के बाबा पहाड़िया मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं ने उक्त सड़क की समस्या और लोक निर्माण विभाग के सुस्त रवैया को लेकर मुख्यमंत्री सुक्खू को अपना दुखड़ा सुनवाया। मुख्यमंत्री ने शीघ्र उसके समाधान करने का आश्वासन दिया और 19 से 26 अगस्त के बीच खुद बाबा पहाड़िया मंदिर के निमंत्रण पर आने का आश्वासन भी दिया है।

### हर हाल में होगा समस्या का हल : विक्रमादित्य

प्रदेश के लोनिवि के मंत्री विक्रमादित्य सिंह से बात की तो उन्होंने कहा कि 19 अगस्त से पहले उक्त सड़क की समस्या हर हाल में हल होगी। श्रद्धालुओं की समस्या पर लोनिवि अधिकारियों क्यों गौर नहीं किया, इस पर उनसे ज़बाब तलबी की जाएगी।

# ऑस्ट्रेलिया का स्टडी वीजा दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी

**राजेश शर्मा, ऊना**

**पुलिस ने की मामले की जांच शुरू**

आस्ट्रेलिया का स्टडी वीजा लगवाने के नाम पर एक युवक से लाखों की ठगी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। सदर थाना ऊना के तहत संतोषगढ़ के एक युवक से ऑस्ट्रेलिया में स्टडी वीजा के नाम पर करीब 11 लाख की ठगी हुई है। मामले को लेकर युवक ने चंडीगढ़ के एक एजेंट के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। साथ ही इसकी शिकायत ऊना पुलिस को भी सौंपी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी एजेंट के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में राहुल सैनी निवासी वार्ड नंबर तीन, संतोषगढ़ ने बताया कि उसने मैकेनिकल डिप्लोमा किया है और वह उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाना चाहता था। इसके लिए वह चंडीगढ़ के एजेंट खुशपाल सिंह से मिला। उन्होंने दस्तावेज देखते हुए उसे ऑस्ट्रेलिया स्टडी वीजा पर भेजने की बात कही। एजेंट द्वारा उन्हें भरोसा दिया गया और कई सपने भी दिखाए गए। उच्च शिक्षा के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया में रोजगार मिलने तथा कई ऐसे सुहावने सपने दिखाता था और कई लोगों के उदाहरण भी देता था। युवक का आरोप है कि बीते फरवरी माह में फाइल तैयार करने के लिए उसने 55 हजार रुपए, कुछ दिन बाद दो लाख रुपए और कुछ दिन बाद फिर 8 लाख अकाउंट में जमा करवाए। इसके बाद मई माह में एंबेसी की फीस के रूप में 46 हजार रुपए ऑनलाइन भेजे। जब भी एजेंट पैसा मांगता था, इसको पैसा भेज दिया जाता था।

उसने युवक को संभावित समय भी बताया था और कई लोगों से बात भी कराई थी। अब स्टडी वीजा तो एजेंट हर बात पर टालमटोल करने लगा है। राहुल सैनी ने बताया कि कुल 11 लाख एक हजार रुपए खुशपाल सिंह को उसने दिए, लेकिन कोई फाइल नहीं लगाई गई है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर उससे ठगी हुई है। एजेंट खुशपाल सिंह ने रुपए मिलने के बाद युवक का फोन उठाना भी बंद कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर चंडीगढ़ के खुशपाल सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# मर्डर के चारों आरोपितों को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की हटली पंचायत के दनोह गांव में बलदेव सिंह की हत्या के मामले में हिरासत में लिए गए चारों आरोपितों को अदालत ने 4 दिन सोमवार तक के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। गौर हो कि बुधवार रात गांव में रास्ते के निर्माण को लेकर दो गुटों में खूनी झड़प हुई थी। चार लोगों ने मिलकर बलदेव सिंह की हत्या कर दी थी। इसके चलते वीरवार देर रात पुलिस ने चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया था। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया, जहां उन्हें चार दिन का पुलिस रिमांड दिया गया।

बता दें कि उपमंडल बंगाणा की हटली पंचायत के दनोह गांव में दो गुटों में बुधवार देर शाम को मारपीट हो गई थी। मारपीट की इस वारदात में एक गुट के एक व्यक्ति बलदेव सिंह की मृत्यु हो गई थी, जबकि तीन लोग घायल हो गए थे।

पुलिस के मुताबिक बलदेव सिंह व उसका परिवार अपनी जमीन में पानी की निकासी के लिए रास्ते को दुरुस्त कर रहा था कि दूसरे गुट के लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में घायल बलदेव सिंह व उसके परिवार के तीन अन्य सदस्यों को स्वजनों ने क्षेत्रीय अस्पताल बंगाणा में पहुंचाया था, लेकिन चिकित्सकों की टीम ने जांच के बाद बलदेव सिंह मृत घोषित कर दिया था।

पुलिस के मुताबिक हमला करने वाले लोगों में अनिल कुमार, सुखदेव सिंह, दाताराम, कमला देवी शामिल थे। इस संबंध में थाना प्रभारी अनिल उपाध्याय ने बताया कि जमीनी विवाद के चलते उक्त घटना हुई थी। (अनंत ज्ञान)

# बिजली छूट मामले में मिलीजुली प्रतिक्रिया

**राजेश शर्मा, ऊना**



जगत राम शर्मा



डॉ. विजय डोगरा



भानु शर्मा



हटली के रोहित

राज्य सरकार की ओर से बिजली के 125 यूनिट फ्री योजना में बदलाव को लेकर लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रिया है। यह टैक्स देने वालों को योजना से बाहर किया गया है, साथ ही एक ही व्यक्ति के एक से अधिक मीटर पर भी सुविधा बंद की गई है, ऐसे में सरकार के फैसले को अधिकांश जनहित में बता रहे हैं।

ऊना के देहलां गांव के जगत राम शर्मा ने कहा कि कई लोगों के घरों में एक ही व्यक्ति के पांच से छह मीटर भी लगे हैं। ऐसे घरों में बाहरी राज्यों के लोगों को मकान भाड़े पर दिए हैं। कुछ भवनों को भाड़े पर चढ़ाया गया है, ऐसे लोगों को छूट नहीं होनी चाहिए थी, अब सुधार हुआ है।

डॉक्टर विजय डोगरा का कहना है कि राज्य सरकार की ओर से विस्तृत अध्ययन करके यह योजना में बदलाव का फैसला किया है। जनहित के लिए यह अत्यंत्य जरूरी भी है। जिन लोगों की आय ठीक है, इन लोगों को सब्सिडी की जरूरत नहीं थी। सरकार का फैसला स्वागत योग्य है। उनका कहना है कि गरीबी रेखा से नीचे गुजर बसर करने वालों को यह फायदा मिलना चाहिए।

बंगाणा के हटली निवासी रोहित का कहना है कि को टैक्स देते हैं, उनको सुविधाएं भी वैसी मिलनी चाहिए। उनके पैसे से ही विकास संभव है। यह मामूली सहयोग हो सकता है, लेकिन इससे कहीं न कहीं टैक्स देने वाले लोगों में नकारात्मक भावना भी नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि बिजली पर सब्सिडी या सबको मिले अन्यथा सभी वर्गों की बंद की जाए।

ऊना की भानु शर्मा का कहना है कि किसी भी फैसले को सियासत से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। किसी व्यक्ति द्वारा अपने अलग अलग जगह चार से पांच मीटर लगवा रखे हैं और वह भाड़े के पैसे भी प्राप्त कर रहा है तो ऐसे लोगों को मात्र एक मीटर पर सब्सिडी दी जानी चाहिए। इसके अलावा बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को फिजिकल वेरिफिकेशन करवाकर सब्सिडी देनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# तीनों दिग्गजों ने साबित किया वर्चस्व, बचाई प्रतिष्ठा

**राजेश शर्मा, ऊना**



**मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और अनुराग के लिए थी चुनौती**

हिमाचल प्रदेश में तीन विधानसभा सीटों की हुए उपचुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के तीन सियासी कद्दावर नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई थी। इन नेताओं ने कहीं न कहीं अपनी प्रतिष्ठा को बचा लिया है।

हालांकि हमीरपुर से भाजपा की जीत ने जिले से संबंधित मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की चिंता को जरूर बढ़ा दिया है, क्योंकि इस जिले में तीन उपचुनावों में बड़सर और हमीरपुर में भाजपा ने जीत हासिल की है, ऐसे में कहीं न कहीं हमीरपुर जिले में कांग्रेस बैक फुट पर भी रही है।

राजनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो कांग्रेस के लिए हमीरपुर सदर में आशीष शर्मा के गढ़ को भेदना कठिन चुनौती भी थी। हमीरपुर सदर से भाजपा उम्मीदवार आशीष के व्यक्तिगत प्रभाव के साथ-साथ सांसद बने अनुराग ठाकुर को प्रभारी लगाया गया था। चुनाव में अनुराग के नेतृत्व में हमीरपुर सदर से भाजपा का पलड़ा शुरू से ही भारी नजर आ रहा था।

सांसद अनुराग ठाकुर ने लगातार इस विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के साथ मंच साझा करके उनकी जीत को सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किया। इस प्रयास में अनुराग ठाकुर न केवल हमीरपुर की जनता के सामने अपना वर्चस्व दिखाने में सफल हुए, बल्कि केंद्रीय नेतृत्व को भी उन्होंने इस प्रदर्शन से सोचने के लिए जरूर मजबूर कर दिया है। बता दें कि अनुराग ठाकुर इससे पहले केंद्रीय मंत्री थे, लेकिन वर्तमान केंद्रीय सरकार में उनको अभी तक मंत्रिमंडल में जगह नहीं दी गई है। इस परीक्षा के बाद उन्हें भी कोई पुरुस्कार जरुर मिलने की उम्मीद बनी है।

देहरा विधानसभा क्षेत्र से प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को अपनी पत्नी कमलेश ठाकुर की जीत सुनिश्चित करने के लिए भी एक चुनौती थी। इस विधानसभा क्षेत्र में करीब 25 सालों से कांग्रेस को जीत हासिल नहीं हो पाई थी।

देहरा से कांग्रेस के कमलेश ठाकुर की रिकॉर्ड मतों से हुई जीत मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के लिए एक संजीवनी भी है। सीएम के अपने जिले में दो विधानसभा सीटों पर भाजपा को जीत मिली है, ऐसे में देहरा से जीत उनके सियासी रुतबे को लेकर अहम मानी जा रही थी। यहां मुख्यमंत्री अपनी प्रतिष्ठा बचाने में कामयाब रहे हैं। राज्य के फायर ब्रांड नेता उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के लिए भी नालागढ़ का उपचुनाव किसी चुनौती से काम नहीं था। नालागढ़ के उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार हरदीप सिंह बावा के चुनाव को उन्होंने स्वयं चुनौती के रूप में स्वीकार किया था और यहां भी उन्होंने भाजपा के तीलिसम्म को तोड़ते हुए कांग्रेस के उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित बनाकर राज्य में अपनी पैठ मजबूत की है।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री लगातार नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे थे और उन्होंने हरदीप सिंह बावा की जीत को सुनिश्चित बनाने के लिए पूरी ताकत भी झोंक रखी थी। (अनंत ज्ञान)

# डीएवी स्कूल आलमपुर में शिक्षकों की कार्यशाला का समापन



कार्यशाला में मौजूद विभिन्न स्कूलों के अध्यापक व गणमान्य।

**ए कुमार, सुजानपुर,**

डीएवी स्कूल आलमपुर में क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र द्वारा शिक्षकों की तीन दिवसीय 11 से 13 जुलाई तक क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। हिमाचल प्रदेश जोन- बी के अंतर्गत डीएवी के आठ विद्यालयों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। इसमें डीएवी आलमपुर ,डीएवी नगरोटा सूरियां, डीएवी रैहन, डीएवी तियारा, डीएवी मनई, डीएवी गोहजू, डीएवी बनखंडी, डीएवी पट्टाजाट्टियां सहित एलकेजी से कक्षा बारहवीं तक के सभी संकायों के शिक्षकों ने भाग लिया व अपने नवीनतम अनुभवों से अवगत कराया। (अनंत ज्ञान)

# हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भद्रकाली ने जिले में झटका पहला स्थान

**सन्नी पुरी, गगरेट**

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत चलाए जा रहे कायाकल्प कार्यक्रम में पाया मुकाम**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत चलाए जा रहे कायाकल्प कार्यक्रम में वर्ष 2023-24 के लिए स्वास्थ्य खंड गगरेट के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भद्रकाली ने जिले में टॉप किया है। इसके चलते हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भद्रकाली को पुरस्कार के तौर पर एक लाख रुपए मिलेंगे। इसके साथ ही स्वास्थ्य खंड गगरेट के दो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ पांच हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किए गए हैं। इसके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को पचास-पचास हजार रुपए की राशि के साथ हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पच्चीस-पच्चीस हजार रुपए की राशि प्राप्त करेंगे।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत चलाए जा रहे कायाकल्प कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य केंद्रों व उपकेंद्रों को हर साल विभिन्न मानकों पर परखा जाता है। इसमें स्वास्थ्य केंद्र व उपकेंद्र की सफाई व्यवस्था, रिकॉर्ड का रखरखाव व अन्य मानकों पर उक्त केंद्र की परख की जाती है।

इन मानकों पर जिला के तमाम हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी मधु चौधरी की अगुवाई में चलाए जा रहे हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भद्रकाली को प्रथम स्थान पर आंका गया है। इसके साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमलैहड़ व बढेड़ा राजपूतां को भी कायाकल्प कार्यक्रम के तहत प्रशस्ति पत्र मिला है जबकि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर संघनई, अंबोटा, चलेट, लोहारली व कोइड़ी भी प्रशस्ति पत्र पाने में सफल रहे हैं।

इसके तहत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों को उपकरण व अन्य सामान खरीदने के लिए पच्चीस-पच्चीस हजार रुपए तो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को पचास-पचास हजार रुपए जबकि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भद्रकाली को जिले भर में प्रथम रहने पर एक लाख रुपए पुरस्कार के तौर पर मिलेंगे।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के ब्लॉक प्रोग्राम अफसर हरजिंदर सिंह की मौजूदगी में खंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पंकज पराशर ने बताया कि लोगों को स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी का परिणाम है कि स्वास्थ्य खंड गगरेट के हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर भद्रकाली को जिलाभर में प्रथम स्थान पर आंका गया है। (अनंत ज्ञान)

## इश्तहार अखबारी

**न्यायालय विजय कुमार राय तहसीलदार भू-व्यवस्था एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी बड़सर, तहसील बड़सर, जिला हमीरपुर, हि.प्र.। अनुवान मुकद्दमा:- परमजीत सिंह पुत्र सुरजीत सिंह पुत्र जवाहर सिंह वार्ड नं.2 ऊना तहसील व जिला ऊना (हि.प्र.)** .... वादी

**वनाम:-** 1. राजेन्द्र कुमार पुत्र कमला देवी, 2. रविन्द्र कुमार पुत्र कमला देवी, 3. नरेश कुमार पुत्र कमला देवी, 4. गौरव शर्मा पुत्र हिमेंदर कुमार, 5. कपल देव पुत्र अमृत लाल, 6. कमलेश कुमारी विधवा अमृत लाल, 7. हरिकृष्ण भारद्वाज पुत्र सालिगराम, 8. रमेश चंद पुत्र सालिगराम, 9. हरइकवाल कृष्ण भारद्वाज पुत्र नरदेव लाल, 10. राजिन्द्र कुमार पुत्र राम नाथ, 11. महिन्द्र कुमार पुत्र राम नाथ, 12. राम देव पुत्र राम नाथ, 13. अश्वनी कुमार पुत्र राम नाथ, 14. व्यासां देवी विधवा राम नाथ, 15. गुरदयाल सिंह पुत्र नरेण, 16. गुरनाम सिंह पुत्र नरेण, 17. मोहन लाल पुत्र जगदीश राम, 18. अरविंद कुमार पुत्र जगदीश राम, 19. मोहन सिंह पुत्र ज्ञानो, 20. सोहन सिंह पुत्र ज्ञानो, 21. स्वर्णजीत सिंह पुत्र ज्ञानो, 22. गुरप्रीत कौर पुत्री ज्ञानों, 23. श्रीमति जिन्दर कौर पुत्री करमा, 24. जगतार सिंह पुत्र मेहंगा सिंह, 25. रणजीत सिंह पुत्र मेहंगा सिंह, 26. जसवंत सिंह पुत्र मेहंगा सिंह, 27. खुशहाल सिंह पुत्र कर्म चंद, 28. कुलदीप सिंह पुत्र कर्म चंद, 29. गुरदीप सिंह पुत्र कर्म चंद, 30. हरविंद्र सिंह पुत्र कर्म चंद, 31. सुरेन्द्र सिंह पुत्र कर्म चंद, 32. जसवंत सिंह पुत्र बसंता, 33. सोहन सिंह पुत्र योला राम, 34. दलवीर सिंह पुत्र दर्शन सिंह, 35. दलजीत सिंह पुत्र दर्शन सिंह, 36. मोहन लाल पुत्र सवरना, 37. शीला देवी पुत्री मलूका, 38. हरनेक पुत्र मलूका, 39. वलवंत सिंह पुत्र सावरणा, 40. श्रीमति तरसेम कौर पुत्री हुकमा, 41. श्रीमति जोगिन्द्र कौर पुत्री हुकमा, 42. श्रीमति मंजीत कौर विधवा दलविन्द्र कुमार, 43. श्रीमति सुरिन्द्र कौर पत्नी स्वर्णजीत सिंह, 44. जसविन्द्र सिंह पुत्र संसार सिंह, 45. दिलवाग सिंह पुत्र संसार सिंह, 46. श्रीमति कुलविन्द्र कौर पुत्र संसार, 47. जगत सिंह उपनाम जगतार सिंह पुत्र मंशा, 48. सुरिन्द्र सिंह पुत्र सोहन सिंह, 49. गुरमीत सिंह पुत्र मंशा, 50. उजागर सिंह पुत्र मंशा राम .....प्रतिवादीगण।

**विषय:-** प्रार्थना पत्र तकसीम अराजी खसरा नं. 92 खतौनी नं. 191, खसरा नंबरान 27,28,29,53/1 कित्ता-4 रकवा तदादी 16-12 कनाल स्थित महाल रायेंसरी निचली तहसील व जिला ऊना हि.प्र. .... प्रतिवादीगण

प्रार्थी ने उपरोक्त भूमि की तकसीम करने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र दायर कर रखा है। जिसमें प्रतिवादीगण 10, 1, 2, 3, 4, 6, 8 व 10, 11, 12, 13, 14 व 16 ता 50 को इस न्यायालय द्वारा दावा तकसीम की पैरवी हेतु समन भेजे गए,ख परंतु रिपोर्ट तामील कुनिन्दा से पाया कि वह इलाका से बाहर रहते हैं, जिस कारण उन्हें साधारण तरीके से समन होना असंभव है।

अतः उपरोक्त प्रतिवादीगण को इस इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि वह दिनांक 19/07/2024 को प्रातः 10:00 बजे कैंप कोर्ट झलेड़ा (ऊना) हि.प्र. में असालतन या वकालतन उपस्थित होकर पैरवी मुकद्दमा करें, अन्यथा उनके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाकर तकसीम स्वीकार कर दी जाएगी।

आज दिनांक ...................... को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर सहित अदालत से जारी हुई

**विजय कुमार राय, तहसीलदार भू व्यवस्था एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी बड़सर तहसील बड़सर, जिला हमीरपुर हि.प्र.**

## इश्तहार अखबारी

**न्यायालय विजय कुमार राय तहसीलदार भू व्यवस्था एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी बड़सर तहसील बड़सर जिला हमीरपुर हि.प्र.**

**अनुवान मुकद्दमा : - राजेश कुमार पुत्र रूप सिंह पुत्र लखू राम निवासी महाल लाल सिंगी तहसील व जिला ऊना** ......वादी

**बनाम:-** 1. पितांबर चंद 2. अनुरोध चंद पुत्र ओम प्रकाश 3. राकेश कुमार पुत्र मदन मोहन पाल 4. श्रीमति तजिंद्र कुमारी पत्नी राकेश कुमार 5. कुलदीप चंद 6. महेश चंद पुत्र धनी राम 7. श्रीमति यशवंती पत्नी यशपाल 8. श्रीमति कंचन शर्मा पत्नी सतीश कुमार 9. श्रीमति मीरा पत्नी सुरेश कुमार 10. जगतपाल 11. रामस्वरूप 12. रामपाल पुत्र प्रताप चंद 13. राम पाल पुत्र मोहन लाल 14. श्रीमति पुष्पा देवी पत्नी जगत राम 15. अमृत लाल पुत्र करतार चंद्र 16. सोहन लाल 17. जोगिंद्र पाल पुत्र रतन लाल 18. बिंदू वाला पत्नी हरी पाल 19. देव राज 20. सुदर्शन कुमार 21. सीता राम 22. तरसेम लाल 23. हरदयाल सिंह पुत्र स्वरूप सिंह 24. सुभाष चंद 25. मनजीत सिंह 26. अश्वनी कुमार पुत्र रघुवीर सिंह उर्फ जोगिंद्र सिंह 27. नवनांकुश पुत्र व श्रीमति सुमन देवी पत्नी राम जी दास 28. रोहित पुत्र राजेश कुमार सभी निवासी महाल लाल सिंगी तहसील व जिला ऊना हि.प्र ...............प्रतिवादीगण

**विषय:-** प्रार्थना पत्र तकसीम अरजी खाता नंबर 105 खतौनी नंबर 138, नम्वशन खसरा 886, 887, 888, 910, 911, 912, 913, 931, 932, 933, 934, 935, 936, 937, 938, 939, 968, 969, 970, 971 किता व 20 रकवा तादादी 03-24-24 हेक्टेयर स्थित महाल लाल सिंगी तहसील व जिला ऊना।

प्रार्थी ने उपरोक्त भूमि की तकसीम करने बारे इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र दायर कर रखा है। जिसमें प्रतिवादी नंबर 4. तजिंद्र कमारी पत्नी राकेश कुमार, 5. कुलदीप चंद 7. यशवंती पत्नी यशपाल 8. कंचन शर्मा पत्नी सतीश कुमार 9. मीरा पत्नी सुरेश कुमार 10. जगत पाल 11. रामस्वरूप 12. रामपाल पुत्र प्रताप चंद 18. बिंदु वाला पत्नी हरीपाल 20. सुदर्शन कुमार 22. तरसेम लाल 23. हरदयाल सिंह पुत्र स्वरूप सिंह 24. सुभाष चंद 25. मनजीत सिंह पुत्र रघुवीर सिंह उर्फ जोगिंद्र सिंह 28. रोहित पुत्र राजेश कुमार को इस न्यायालय द्वारा दावा तकसीम की पैरवी हेतु समन भेजे गए, परंतु रिपोर्ट तामील कुनिन्दा से पाया कि वह इलाका से वाहर रहते हैं, जिस कारण उन्हें साधारण तरीके से समन होना असंभव है।

अतः उपरोक्त प्रतिवादीगण को इस इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि वह दिनांक 19-07-2024 को प्रातः 10:00 बजे कोर्ट कैंप (ऊना) झलेड़ा हि.प्र. में असालतन या वकालतन उपस्थित होकर पैरवी मुकदमा करें, अन्यथा उनके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाकर तकसीम स्वीकार कर दी जाएगी।

आज दिनांक........ को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित अदालत से जारी हुई।

**विजय कुमार राय, तहसीलदार भू व्यवस्था एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी बड़सर तहसील बड़सर, जिला हमीरपुर हि.प्र.**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सिहाणा
### विकास खंड बंगाणा , जिला ऊना (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिहाणा द्वारा विभिन्न शीर्षों कें अंतर्गत विकास कार्यों हेतु वर्ष 2024-25 के लिए पंजीकृत ठेकेदारों/सप्लायरों/फर्मों/व्यक्तियों से निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु सील बंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसके लिए इच्छुक ठेकेदार/सप्लायर/व्यक्ति दिनांक 22.07.2024 को सायं 5.00 बजे तक पूर्ण रूप से भरी अपनी निविदाएं कार्यालय ग्राम पंचायत सिहाणा में जमा करवा सकता है। निविदाएं दिनांक 23.07.2024 को समय 1.00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत सिहाणा में निविदा खोलने हेतु बनाई गई समिति के समक्ष खोली जाएंगी। अतः स्थान व समय पर उपस्थित होना भी सुनिश्चित करें। निविदाएं निम्न नियमों एवं शर्तों के आधार पर ही मान्य होंगी।

1. निविदाएं सीलबंद लिफाफे में देनी अनिवार्य हैं। अधूरी खुली 22.07.2024 उपरांत प्राप्त निविदाएं मान्य नहीं होंगी। 2. जीएसटी/सीजीएसटी दरें निविदा प्रपत्र में भरी गई दरों में ही शामिल होंगी। 3.पंजीकृत ठेकेदार/सप्लायर अपना पंजीकृत नंबर निविदा पर भरना सुनिश्चित करें। इसके साथ आरसी नंबर, जीएसटी नंबर, सीजीएसटी नंबर की छायाप्रति लगाना आवश्यक है। 4. सप्लाई की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता उत्तम होनी चाहिए। पेवर ब्लॉक का आईएसआई मार्क होना अनिवार्य है। 5. कम दर वाली निविदा को ही स्वीकृती दी जाएगी। 6. सप्लायर द्वारा समय पर सामग्री नहीं दी जाती है या सामग्री की गुणवत्ता सही नहीं पाई जाती है तो कार्यालय द्वारा इस निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा व ठीक मटीरियल न देने पर उसकी राशि बैंडर को पंचायत द्वारा नहीं दी जाएगी। 7. सामग्री की दरें जब तक नई कुटेशन नहीं ली जाती है तब तक वही रहेगी तथा मटीरियल कार्यस्थल तक पहुंचाना होगा व मटीरियल की अदायगी मटीरियल देने के उपरांत ही की जाएगी। 8. सामग्री मैटीरियल बिल के साथ एम फार्म लगाना अनिवार्य होगा अन्यथा सरकारी दरों पर रॉयल्टी काट ली जाएगी।

**निविदा प्रारूप**

| क्रं. | सामग्री का ब्यौरा | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | बजरी क्रैशर 10,20,40 एमएम, रेता धुला हुआ, डस्ट, पत्थर सोलिंग लोकल व बोल्डर | प्रति क्यूबिक मीटर |
| 2. | इंटरलॉक टाईल/पेवर ब्लॉक 40,60,80 एमएम | प्रति पीस |
| 3. | पक्की ईंटें प्रथम व द्वितीय श्रेणी | प्रति ईंट |
| 4. | पीवीसी पाईप्स आईएसआई मार्का (2 से 6 इंच मोटाई की साईज व प्रेशर दर्शाते हुए रेट प्रस्तुत करें) | प्रति फुट |
| 5. | सरिया (आईएसआई मार्का) | प्रति किलो ग्राम |
| 6. | आरसीसी पाईप (साईज दर्शाते हुए रेट प्रस्तुत करें) | प्रति फुट |
| 7. | हार्डवेयर सामग्री (आईटम वाईज रेट प्रस्तुत करें) | --- |
| 8. | इलेक्ट्रिक फिटिंग (क्वालिटी मैटीरियल के साथ) | प्रति प्वांइट |
| 9. | सैनिटरी फिटिंग (क्वालिटी मैटीरियल के साथ) | प्रति प्वांइट |
| 10. | स्टील कार्य (रलिंग, रूफिंग आदि) | प्रति वर्ग फुट |
| 11. | एल्युमिनियम फिटिंग ग्लेजिंग के साथ | प्रति वर्ग फुट |
| 12. | खेल व फिटनेस उपकरण | --- |
| 13. | चौखट, दरबाजे, खिड़की लकड़ी/जापानी शीट/लोहा | प्रति फुट, प्रति पीस |
| 14. | शटरिंग स्टील व लकड़ी (भवन, डंगा, नाली, गली हेतु) | प्रति वर्ग फुट |
| 15. | पब्लिक सूचना बोर्ड, विकास कार्य साईन बोर्ड आदि (लिखाई एवं दीवार पेंटिंग सहित) | प्रति वर्ग फुट, प्रति बोर्ड |
| 16. | जेसीबी खुदाई पक्की/कच्ची | प्रति घंटा |
| 17. | पानी टैंकर (स्टोरेज क्षमता दर्शाते हुए) | प्रति टैंक |
| 18. | मिक्सचर मशीन तेल सहित कार्य स्थल पर | प्रति दिन |
| 19. | सीमेंट, बैग किराया बंगाणा से सीमेंट स्टोर तक व कार्य स्थल तक लोडिंग व अनलोडिंग सहित | प्रति बैग |

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत सिहाणा**
**विकास खंड बंगाणा , जिला ऊना (हि.प्र.)**



## न्यूज ब्रीफ

### शरारती तत्वों ने उखाड़ी पुल की उद्घाटन पट्टिका



**कमलेश वर्मा, मनाली।** मनाली उपमडंल के जगतसुख गांव में बने पुल की उद्घाटन पट्टिका शरारती तत्वों ने उखाड़ी फेंकी है। शुक्रवार देर रात किसी ने इस घटना को अंजाम दिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री सूक्खू ने पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह व विधायक भुवनेश्वर गौड़ की मौजूदगी में एक जनवरी, 2024 को इस पुल का उद्घाटन किया था। पीडब्ल्यूडी विभाग के वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता अनूप शर्मा ने बताया कि विभाग ने जगतसुख में उद्घाटन पट्टिका तोड़ने की शिकायत पुलिस में दर्ज करवाई है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर मनाई जीत की खुशी



**सैंज।** विधानसभा उपचुनावों में कमलेश ठाकुर व हरदीप बाबा के चुनाव जीतने पर बंजार विधानसभा के सैंज में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ कर जीत की खुशी मनाई। कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव आदिवासी कांग्रेस महेश शर्मा ने उपचुनावों में जीतने पर मुख्यमंत्री की प ी कमलेश ठाकुर और हरदीप बाबा को बधाई दी और सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। महेश शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू असली राजनीतिक योद्धा हैं। उन्होंने कम समय में ही जनता के दिलों में राज किया और उपचुनावों में जीत दर्ज की और अपने वादों को भी पूरा किया। इस मौके पर व्यापारी विकास समिति के प्रधान सुरेश कुमार, अशोक कुमार, दीवान चंद, बजीर, अनिल कुमार, जस्सी, दीपू आदि कई लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** शनिवार को लरांकेलो पंचायत के सदस्यों की ओर से माहिली बिहाल में पौधरोपण किया गया, जिसमें पंचायत के उपप्रधान ऋषि कुमार, मानव कल्याण सोसायटी के निदेशक दीपक शर्मा उपस्थित थे। लोगों ने बताया कि जुलाई 2023 में इस इलाके में पेड़ पौधों को काफी नुकसान हुआ था, जिस की भरपाई स्थानीय लोगों द्वारा ही की जाएगी। दीपक शर्मा ने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए सभी पचायतों को पौधरोपण करना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### पर्यटकों को सांस्कृतिक विरासत से परिचित करवाएगा देवलोक

**कमलेश वर्मा, मनाली।** पर्यटक नगरी मनाली की नैसर्गिक वादियों के बीच 15 मील में स्थित देवलोक सांस्कृतिक केंद्र, मनाली आने वाले पर्यटकों को पूरे हिमाचल की संस्कृति के रूबरू तो करवाएगा ही साथ में पर्यटक यहां आकर कुल्लवी नाटी सहित, यहां की स्थानीय एवं हिमाचली व्यंजनों का आनंद ले सकेंगे और यह की वेशभूषा से परिचित भी होंगे और पारंपरिक परिधान भी खरीद सकेंगे। देवलोक के महाप्रबंधक दीपज्योति ने बताया कि हिमाचल सांस्कृतिक तौर पर बहुत समृद्ध है और यहां आने वाले पर्यटक कई मायनों में यहां के नैसर्गिक सुंदरता का पूरा आनंद नहीं उठा पाते हैं इसलिए देवलोक में दिखाए जाने शो फ्लाई ओवर हिमाचल और स्पिरिट ऑफ हिमाचल के माध्यम से पर्यटक पूरे प्रदेश की संस्कृतिक और भ्रमण का आनंद ले सकेंगे। देवलोक का मुख्य उद्देश्य हिमाचली संस्कृतिक को देश के कोने-कोने तक पहुंचाना है। देवलोक के कॉरपोरेट अफेयर्स प्रमुख शिवम चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मनाली के बारे में फैलाई जाने वाली गलत भ्रांतियों और पुराने वीडियो जो सोशल मीडिया पर चल रहे हैं उनपर सख्ती से चेक होना चाहिए, ताकि पर्यटकों को मनाली के बारे में गलत सूचनाएं न मिलें। (अनंत ज्ञान)

# अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा, कब्जे हटाए

## 35 रेहड़ी और 15 खोखो पर नगर परिषद की कार्रवाई, दुकानदारों को भी दिया नोटिस

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।**

नगर परिषद कुल्लू की ओर से शहर में सड़क किनारे अवैध कब्जाधारियों पर शिकंजा कस दिया है। शहर में अतिक्रमण हटाने के नप कुल्लू के अभियान के पहले दिन शनिवार को ढालपुर से लेकर क्षेत्रीय अस्पताल होते हुए कॉलेज गेट तक फुटपाथ व सड़क किनारे रेहड़ी-फड़ी व सामान सजाकर बैठे लोगों को हटाया।

इस दौरान नगर परिषद की ओर से 35 के करीब रेहड़ी और 15 खोखे हटाये गए और उनका सामान भी जब्त किया गया। नगर परिषद कुल्लू के कार्यकारी अध्यक्ष का कार्यभार देख रहे तहसीलदार कुल्लू हरि यादव की अगुवाई में पहुंची नप की टीम और उनके इस कड़े रुख को देखते हुए शहरभर में अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया है। नप के इस अभियान के तहत अब पूरे शहरभर में अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई होगी। उधर, नप कुल्लू की इस कार्रवाई से रेहड़ी-फड़ी चलाने वालों में भारी रोष है। (अनंत ज्ञान)





नगर परिषद कुल्लू शहर में सड़क किनारे अवैध कब्जाधारियों पर शिकंजा कसते हुए।

**कब्जे में लिया सामान**

नप कुल्लू की ओर से इन अतिक्रमणकारियों को यहां से बार-बार हटाया जाता है, लेकिन कुछ समय बाद वह फिर से रेहड़ी-फड़ी और खोखे सजा देते हैं। अब नप कुल्लू ने एक बार फिर से सड़क व फुटपाथ किनारे लगाई रेहड़ी व खोखों को हटाने का अभियान शुरू किया ह, जिसके चलते नगर परिषद के कर्मचारियों और मजदूरों ने रेहड़ी-फड़ी के साथ-साथ उसमें रखे सामान को वहां से कब्जे में ले लिया है।

नप कुल्लू की ओर से शहरभर में अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत पहले चरण में फुटपाथ व सड़क किनारे से अवैध कब्जे हटाए जा रहे हैं। नगर परिषद ने क्षेत्रीय अस्पताल, शास्त्रीनगर, कॉलेज गेट सहित अन्य स्थानों से 35 के करीब रेहड़ी-फड़ी, जबकि 15 खोखे हटाये हैं। इसके अलावा अवैध रूप से बनाई दुकानों को भी हटाने के बारे में नोटिस जारी किए गए हैं।

**हरि सिंह यादव, कार्यकारी अधिकारी नप एवं तहसीलदार कुल्लू।**

# सीपीएस सुंदर ठाकुर ने 289 प्राइमरी अध्यापकों को वितरित किए मिनी टेबलेट



सीपीएस 289 प्राइमरी अध्यापकों को मिनी टेबलेट वितरित करते हुए।

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

शनिवार को खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि मुख्य संसदीय सचिव ऊर्जा वन पर्यटन व परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर ने तकनिकी तौर पर सक्षम बनाने के लिए 289 प्राइमरी अध्यापकों को मिनी टेबलेट वितरित किए।

इस अवसर पर अध्यापकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्कूलों में राष्ट्रीय तथा अंतराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा की व्यवस्था करने की लिए शिक्षा के स्तर में कोई कमी नहीं होने देंगे। सीपीएस ने कहा कि शिक्षा बेहतरी के लिए प्रदेश सरकार कृतसंकल्प है तथा इस संबंध में आने वाली कमियों व समस्याओं का समाधान हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने इस अवसर पर मैदान के लिए 15 लाख, कन्या शौचालय के लिए तीन लाख तथा प्राथमिक पाठशाला शमशी के भवन के लिए पांच लाख तथा प्राथमिक पाठशाला भुट्टी कालोनी के लिए एक लाख रुपए का प्रावधान करने की घोषणा की। उन्होनें भुट्टी कालोनी की स्टूडेंट्स की ओर से प्रस्तुत कुल्लवी नाटी के लिए प्रोत्साहन स्वरूप 15 हजार रुपए प्रदान किए। इस कार्यक्रम में 300 अध्यापक व 300 एसएमसी ने कार्यक्रम में भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

# नगर परिषद नहीं लेगी बाहरी क्षेत्र का कूड़ा

## अध्यक्ष चमन कपूर बोले- मनाली की मजबूरी समझें बाहरी नगर परिषद व पंचायतें

**कमलेश वर्मा, मनाली**

नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष चमन कपूर ने कहा कि 15 जुलाई के बाद बाहरी क्षेत्र का कूड़ा-कचरा नहीं लिया जाएगा। पानी अब सर से ऊपर चढ़ चुका है।

नगर परिषद अब सरचू से जलोड़ी जोत तक का बोझ नहीं उठा सकती है। मनाली में कपूर ने कहा कि जब तक क्षमता थी, तब तक नप मनाली ने बाहरी क्षेत्र के कूड़े का भी निष्पादन किया, लेकिन अब कूड़े के पहाड़ खड़े होने से उन्हें मजबूरन कठोर निर्णय लेना पड़ा है। नगर परिषद ने अपने जनरल हाउस में 15 जुलाई से कूड़ा न लेने का निर्णय लिया है। नगर खंड के अंतर्गत आने वाली सभी पंचायतें जब तक कूड़े के निष्पादन की व्यवस्था नहीं कर पाती, तब तक नप मनाली उनका कूड़ा कचरा लेती रहेगी। रांगड़ी में कूड़े का निष्पादन करने वाली कंपनी भी उम्मीद पर खरा नहीं उतर पाई है।

कंपनी की मनमानी के चलते नोटिस भी दिया गया है, जब तक व्यवस्था नहीं होती, तब तक नगर परिषद नगर खंड क्षेत्र के होटलों का कूड़ा भी लिया जाएगा। नगर परिषद के उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि सभी के सहयोग से शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जाएगा। कूड़े के लगे ढेर का निष्पादन करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान पार्षद चंद्रा पदान, पार्षद ललिता ने भी अपने विचार व्यक्त किए। (अनंत ज्ञान)

होटल एसोसिएशन मनाली नगर परिषद का आभार व्यक्त करती है, जब तक होटल कूड़े के निष्पादन की व्यवस्था नहीं कर लेते, तब तक नगर परिषद ने कूड़ा-कचरा लेने की हामी भरी है। होटल एसोसिएशन नगर परिषद के निर्णय का स्वागत करती है। बाहरी क्षेत्र से आने वाले कूड़े को मनाली में नहीं आने दिया जाएगा।

**मुकेश ठाकुर, होटल एसोसिएशन मनाली।**

नगर खंड की सभी पंचायतों का कूड़ा लेने के लिए नगर परिषद का आभार जताते हैं। सभी पंचायतें अपने अपने स्तर पर कूड़े के निष्पादन करने का प्रयास करेंगी, जब तक व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक नप मनाली ही इन पंचायतों के कूड़े-कचरे का निष्पादन करेगी। इस निर्णय के लिए सभी पंचायतें नप मनाली का आभार जताती हैं।

**दिले राम, प्रधान ग्राम पंचायत नसोगी।**

# पतलीकूहल खेल मैदान में लगा डोम 15 दिन में नहीं हटा तो होगा आंदोलन



पतलीकूहल मैदान में डोम लगाने की अनुमति देने के बाद विरोध करते हुए

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**


अनंत ज्ञान फॉलोअप

पतलीकूहल मैदान मामले में अब नया मोड़ आया है। एसडीएम कुल्लू के पतलीकूहल खेल मैदान में डोम लगाने की अनुमति देने से मना करने के बाद अपना ही निर्णय पलट कर फिर से डोम लगाने की अनुमति दे दी है, जिसके बाद पतलीकूहल खेल मैदान में डोम लगना शुरू हो गया है।

बता दें कि एक हफ्ते पहले कटराईं पंचायत से डोम लगाने को एनओसी मिलने के बाद पतलीकूहल व्यापार मंडल और हलाण-दो पंचायत ने खेल गतिविधियां तथा स्थानीय कारोबारियों का धंधा प्रभावित होने का हवाला देकर एसडीएम से परमिशन न देने की गुहार लगाई थी। इस आपत्ति के बाद एसडीएम ने लिखित निर्णय देकर डोम लगाने का काम रोक दिया था, लेकिन दूसरे दिन कटराईं पंचायत के एडीएम कुल्लू से मिलने के बाद एसडीएम ने अपना फैसला पलट कर आश्चर्यजनक तरीके से यहां डोम लगाने की अनुमति दे दी है। एसडीएम ने कहा कि कटराईं पंचायत ने तीन महीने के लिए डोम लगाने की अनुमति दी थी, जो लंबी अवधि थी, लेकिन प्रशासन ने पतलीकूहल व्यापार मंडल और बच्चों की खेलों के मद्देनजर अब महज 15 दिनों के लिए डोम लगाने की अनुमति दी है। पतलीकूहल व्यापार मंडल के अध्यक्ष अर्जुन गौतम ने कहा कि 15 दिन के बाद डोम नहीं हटा, तो वे सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेंगे। (अनंत ज्ञान)

# दिव्यांगों के लिए विशेष शिक्षकों के पद भरना सराहनीय: बीजू हिमदल

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** आश बाल विकास केंद्र कुल्लू के कार्यक्रम प्रबंधक बीजू हिमदल ने हिमाचल मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि बैठक में दिव्यांगजनों के हित में लिए गए दोनों फैसले सराहनीय हैं।



उन्होंने दिव्यांगों के हितों को ध्यान में रखते हुए दो महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एवं पूरे मंत्रिमंडल का आभार जताया।

बीजू का कहना है कि उन्होंने पिछले पांच सालों में जिले के विभिन्न स्कूलों का दौरा किया है बहुत से स्कूलों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चे स्कूल जाते हैं, लेकिन उनके लिए प्रयाप्त संख्या में विशेष शिक्षक नहीं हैं। हिमाचल मंत्रिमंडल की जो बैठक हुई, उसमें दिव्यांगजनों के विकास के लिए भी बेहतर निर्णय लिए गए। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए जिन विशेष शिक्षकों की आवश्यकता होती है, उनके लिए प्रदेश सरकार की ओर से 245 पदों को भरे जाने का सराहनीय निर्णय लिया गया है, जिससे उन परिवारों को बहुत राहत होगी। (अनंत ज्ञान)

# राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के लिए किया विचार-विमर्श

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



एनएचपीसी चरण-तीन की आयोजित नराकास की छमाही बैठक के दौरान अधिकारी।

गृह मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति कुल्लू-मनाली की वर्ष 2024-205 की पहली छमाही बैठक का आयोजन एनएचपीसी चरण-तीन पावर स्टेशन की ओर से शमशी स्थित जेजे रिजॉर्ट में किया गया।

बैठक की अध्यक्षता महाप्रबंधक पार्वती तीन एवं अध्यक्ष नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति कुल्लू-मनाली प्रकाश चंद ने की। बैठक में कुल्लू-मनाली स्थित केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यालय प्रमुखों और राजभाषा समन्वयकों ने भाग लिया। बैठक में राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय के उपनिदेशक (कार्यान्वयन) कुमारपाल शर्मा भी विशेष रूप से शामिल हुए।

बैठक के दौरान राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के लिए गहन विचार-विमर्श किया गया। कुमारपाल शर्मा ने राजभाषा हिंदी की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। महाप्रबंधक पार्वती-तीन एवं अध्यक्ष नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति प्रकाश चंद ने सभी कार्यालयों से एक साथ मिलकर राजभाषा कार्यान्वयन को उत्तरोतर गति देने का आग्रह किया। (अनंत ज्ञान)

# पतलीकूहल में 486 ग्राम चरस के साथ कुल्लू का युवक गिरफ्तार

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**



कुल्लू के पतलीकूहल स्थित वालू पधर में एक युवक को 486 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की जानकारी के अनुसार शनिवार को जब पुलिस थाना पतलीकूहल की टीम वालू पधर में गश्त पर थी, तो उस समय एक युवक को शक के आधार पर तलाशी के लिए रोका।

तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से 486 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने युवक को चरस सहित गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान गोपाल ठाकुर (27 वर्ष) पुत्र कालू राम निवासी बनोगी डाकघर भेखली तहसील व जिला कुल्लू के रूप में हुई है। उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना पतलीकूहल में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है और आरोपी को न्यायालय में पेश करने औपचारिकता भी पूर्ण की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# नेता प्रतिपक्ष के प्रदेश में सरकार बनाकर शपथ लेने के सपने हुए धराशायी : इंदु

**शीला कौल, बंजार**



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता इंदु पटियाल ने नालागढ़ से बाबा हरदीप सिंह और देहरा से मुख्यमंत्री सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर को शानदार जीत के लिए बधाई दी।

हिमाचल की जनता ने कांग्रेस की लोकप्रिय सरकार के प्रति विश्वास मत दिया है। कांग्रेस की दस गारंटियों में से पांच पर मोहर लग चुकी है और अन्य पांच भी समय पर पूरी की जाएंगी। शीघ्र ही सुक्खू सरकार नौकरियों का पिटारा खोलने जा रही है, जिसमें जरूरतमंद, बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता से रोजगार मुहैया करवाया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री अपने राज्य को हरित राज्य के रूप में विकसित करना चाहते हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के प्रदेश में सरकार बनाकर शपथ लेने के सपने धराशायी हो गए हैं, भाजपा की हार वास्तव में अति महत्वाकांक्षा की हार है।(अनंत ज्ञान)

# गो तस्करी पर देव समाज का फूटा गुस्सा

**कमलेश वर्मा, मनाली**



गो तस्करी मामले को लेकर बैठक के दौरान चर्चा करते हुए नग्गर ब्लॉक के प्रतिनिधि।

गो तस्करी को लेकर देव समाज के प्रतिनिधियों का गुस्सा फूटा है। नग्गर ब्लॉक के सभी प्रतिनिधियों ने शनिवार को मनाली में बैठक आयोजित कर गो माता के साथ हो रहे अत्याचार की कड़ी निंदा की।

बैठक में निर्णय लिया कि 16 जनवरी को मनाली में देव समाज के सभी लोग एकत्रित होंगे और धरना-प्रदर्शन करेंगे। देव समाज के जिला अध्यक्ष मकरध्वज शर्मा ने कहा कि गो हत्या व तस्करी किसी भी सूरत में बर्दास्त नहीं की जाएगी। हर रोज गो तस्करी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन प्रदेश सरकार इस विषय में चुपी साधे हुए है। देव समाज इन घटनाओं की कड़ी निंदा करता है। देव समाज मनाली मंडल के अध्यक्ष पन्ना लाल ने बताया कि सभी देव समाज के लोग 16 को एकत्रित होंगे। देव समाज प्रदेश के उपाध्यक्ष जय चंद ने कहा कि इस तरह की घटनाएं चिंता जनक हैं। इस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। देव प्रतिनिधि एवं पूर्व प्रधान सुंदर ठाकुर ने कहा कि रोहतांग के समीप गो से भरा ट्रक पकड़ा, लेकिन पुलिस ने भी कोई कार्रवाई नहीं की। (अनंत ज्ञान)

**परेशानी** कई स्थान अभी भी असुरक्षित, नए बस स्टैंड में जमींदोज हुए थे आठ मकान, एक साल बाद भी जमीन नहीं सुरक्षित

# आनी में आपदा के एक साल बाद भी हालात जस के तस

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**



गत वर्ष आपदा ने प्रदेश भर में कभी न भरने वाले जख्म दिए हैं। आनी कस्बे के नए बस स्टैंड में भी बीते वर्ष भारी बरसात के कारण आठ मकान पलक झपकते ही जमींदोज हुए थे, जिसमें करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ था और कई अन्य मकान भी इस वजह असुरक्षित घोषित किए गए थे।

इसके अलावा इस जगह भारी भू-स्खलन से ऊंचाई पर स्थित अन्य मकान और लोगों की निजी जमीनें भी खतरे की जद में आ गई, लेकिन आपदा के एक वर्ष बीत जाने के बाद भी यह क्षेत्र अभी तक पूरी तरह से असुरक्षित है। ऐसे में जहां आपदा में उजड़े लोग अपने भवन नहीं बना पा रहे हैं। वहीं, कई लोग ऐसे भी हैं जिनकी जमीनें बहने से जमीनों की निशानदेही करना भी किसी चुनौती से कम नहीं है। ऐसे में आपदा के एक साल बाद भी जहां आपदा में लोग अपनी जमीनें तलाश रहे हैं, वहीं नए बस स्टैंड में भूस्खलन वाली जगह के ऊपर वाली भूमि को भी अभी तक सुरक्षित नहीं किया जा सका है, जिससे पूरा क्षेत्र खतरे की जद में है। आगे फिर से बरसात का समय आने वाला है और यदि बरसात थोड़ी से भी ज्यादा होती है, तो यहां नुकसान हो सकता है। ऐसे में भू-स्खलन के ऊपरी क्षेत्र के लोगों को चिंता सता रही है कि कहीं अब वे भी न उजड़ जाएं। क्योंकि क्षेत्र अभी भी पूरी तरह से असुरक्षित है। जानकारी के मुताबिक जिला प्रशासन द्वारा भूस्खलन के कारण एनएच-305 पर गिरे मलबे को हटाने और उस मलबे को सुनियोजित ढ़ंग से ठिकाने लगाने के लिए 40 लाख रुपए का बजट जारी किया था, जिसका कार्य लोनिवि को दिया गया था और लोनिवि द्वारा इसके टेंडर लगाकर ठेकेदार को दिए गए थे। ठेकेदार द्वारा मलबे को ठिकाने लगाया गया, जिस कारण महीनों तक एनएच-305 भी अवरूद्ध रहा और वैकल्पिक सड़क से आवाजाही होती रही। (अनंत ज्ञान)

**मलबे को डंप किया नदी किनारे बना खतरा**

जमींदोज हुए मकानों के मलबे और भू-स्खलन के मलबे का अधिकतर भाग आनी की निर्माणाधीन सब्जी मंडी में डंप किया गया, जबकि टनों के हिसाब से मलबा नए बस स्टैंड के पीछे शमशरी खड्ड के किनारे किया गया है, जो आनी कस्बेवासियों के अलावा किरण बाजार, निचला तेशन, बराड़, रवाह आदि गांवों के लिए खतरा बना हुआ है। नदी किनारे पड़े विशालकाय डंपिंग के ढेर से कस्बे के नदी किनारे रहने वाले लोग खौफजदा हैं।

मलबे को हटाने के लिए लोनिवि को 40 लाख बजट दिया था, जिसके करीब 32 लाख के टेंडर लगाकर खर्च किए गए हैं, जबकि बाकी बचे पैसों को वापस भेजा जाएगा। ठेकेदार को मलबा डंप करने का स्थान सब्जी मंडी चयन किया गया था। उनकी ओर से लगाए गए टेंडर का मलबा उसी स्थान पर डाला गया, जबकि बाकी के डंपिंग कार्य को लोगों ने अपनी मर्जी से किया है।

**संजय शर्मा, एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी, निरमंड डिवीजन**

मलबे को ठिकाने लगाने के लिए एक कमेटी बनाई गई थी, लेकिन फिर भी मलबा नदी किनारे डंप करने वालों को फाइन लगाया गया है, जल्द ही मलबा हटा दिया जाएगा।

**डॉ. चमन राव, डीएफओ आनी।**



# हरदीप बावा ने केएल ठाकुर को 8990 वोट से हराया

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ उपचुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी हरदीप बावा ने जीत दर्ज की। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी व पूर्व विधायक केएल ठाकुर को 8990 मतों से पराजित किया। हरदीप बावा को 34608 मत पड़े और भाजपा के केएल ठाकुर को 25618 तथा आजाद प्रत्याशी हरप्रीत सैणी को 13025 वोट पड़े। इसके अलावा स्वाभिमान पार्टी के डॉ. के एल शर्मा को 492 व आजाद प्रत्याशी विजय सिंह को 353 वोट पड़े। डॉ. केएल शर्मा व विजय सिंह की जमानत जब्त हो गई।

हरदीप बावा ने पहले राउंड से ही बढ़त बना ली थी, जिसे भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर अंत तक नहीं तोड़ पाए। बावा ने नालागढ़ के मैदानी व पहाड़ी क्षेत्रों में भाजपा से लीड ली। पहाड़ी क्षेत्र से कांग्रेस के हरदीप बावा को 2500 से अधिक लीड है, वहीं मैदानी क्षेत्र में 6400 से अधिक लीड लेकर भाजपा को हर पंचायत स्तर पर पराजित किया। पहले राउंड में बावा ने 646 से भाजपा प्रत्यासी केएल ठाकुर से लीड ले ली थी। दूसरे राउंड में 1571, तीसरे राउंड में 2194, चौथे राउंड में 3078, पांचवें राउंड में 3548, छठे राउंड में 4137, सातवें राउंड में 4578, 8वें राउंड में 6870 व अंतिम 9वें राउंड में 8990 लीड रही। अंतिम दोनों राउंड में हरदीप बावा ने 2-2 हजार से अधिक लीड ली।

## नालागढ़ में बाहरी का टैग खत्म, अब हरदीप बावा धरतीपुत्र बने



हरदीप बावा की जीत के बाद समर्थक कंधे पर उठाकर ले जाते हुए।



एसडीएम कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप सिंह बावा को जीतने के बाद पत्र देते हुए।




**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप बावा की जीत के साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नालागढ़ में जीत के बाद विजयी जुलूस निकाला। कार्यकर्ताओं ने हरदीप बावा को फूल-मालाओं से लाद दिया और कंधे पर बैठाकर पूरे बाजार के चक्कर लगाए।

उसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ अपने निवास स्थान ढाणा में गए। नवनिर्वाचित विधायक हरदीप बावा ने जीत दर्ज करने के बाद कहा कि नालागढ़ की जनता ने उनके ऊपर जो विश्वास जताया है, उसे कभी टूटने नहीं दिया जाएगा। नालागढ़ के विकास के लिए जी-जान से काम किया जाएगा। भाजपा की ओर से उन पर जो बाहरी होने तथा स्वयं को धरती पुत्र होने की जो बात की थी, वह जनता ने पूरी तरह से नकार दी है। भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए घटिया हथकंडे अपनाए, लेकिन नालागढ़ की जनता ने सूझबूझ का परिणाम देते हुए विकास करवाने के लिए कांग्रेस सरकार का साथ दिया। उन्होंने जीत का श्रेय नालागढ़ की जनता को दिया। बावा ने कहा कि जनता ने उनपर भरोसा जताया और अब उनकी जिम्मेदारी जनता के प्रति और बढ़ गई है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है और नालागढ़ को विकास के मामले में एक मॉडल विधानसभा क्षेत्र बनाएंगे। उन्होंने नालागढ़ में कांग्रेस की जीत सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की नीति व सूझबूझ का परिणाम बताया है।

## न्यूज ब्रीफ

### दुकानों का किराया जीएसटी सहित वसूलने का निर्णय

**रविदत्त भारद्वाज, राजगढ़।** नगर पंचायत राजगढ़ की बैठक चेयरमैन ज्योति साहनी की अध्यक्षता में हुई। इसमें नगर पंचायत राजगढ़ द्वारा वर्ष-2021 से किराये पर दी गई दुकानों का किराया अब जीएसटी सहित वसूलने का निर्णय लिया गया। बैठक में वाइस चेयरमैन कपिल ठाकुर, पार्षद दिनेश ठाकुर, सुनीता, रूबी कक्कड, रणजीत सिंह, नगर पंचायत सचिव अजय गर्ग व अन्य कर्मचारी ने शिरकत कर अपनी प्राथमिकताएं बताईं। 7 अध्यक्ष ज्योती साहनी व सचिव अजय गर्ग ने बताया कि बैठक के दौरान नगर पंचायत द्वारा प्रस्तावित मनीष कुमार की निजी पार्किंग के रेट को सहमति प्रदान की गई। साथ ही नगर पंचायत की प्रस्तावित पार्किंग के नक्शे को कुछ खामियों के चलते अस्वीकार किया गया तथा निर्णय लिया कि संशोधन करने के लिए पुनः लोक निर्माण विभाग को लिखा जाएगा। इसके अतिरिक्त ईएसएल कंपनी के साथ स्ट्रीट लाइट के कॉन्ट्रैक्ट को निरस्त किया गया तथा लंबित पड़े बिल का भुगतान किश्तों में अदा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में छमरोगा में सी एंड डी वेस्ट साइट बनाने पर भी सहमति दर्ज की गई। गीला कचरा उठाने के लिए निविदा के आधार पर वाहन को किराये पर लेने का निर्णय बैठक में लिया गया। ज्योती साहनी ने बताया कि बैठक में सभी सदस्यों ने उच्च न्यायालय के निर्देशों अनुसार एमएस डब्ल्यू वेस्ट प्रोसेसिंग साइट ठौड़ कोलन में हो रहे कार्य को जारी रखने पर सहमति दर्ज करवाई और इस कार्य को जारी रखा जाएगा। इसके साथ-साथ नगर पंचायत राजगढ़ के सार्वजनिक शौचालय व सैनिटेशन के कॉन्ट्रैक्ट को दोबारा से नवीनीकरण करने का निर्णय लिया गया। आगामी बरसात को देखते हुए बैठक में जेसीबी और टिप्पर के रेट को भी निर्धारित किया गया, ताकि आपतकालीन स्थिति से निपटा जा सके। नगर पंचायत राजगढ़ में विकासत्मक कार्यों के लिए अभी हुए टेंडर प्रक्रिया के लिए भी सदन से सहमति प्रदान की गई। (अनंत ज्ञान)

### बढ़ती हुई जनसंख्या के बारे में किया जागरूक




**एसपी जैरथ, नाहन।** माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग नाहन की ओर से विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की जीएनएम तृतीय वर्ष की छात्राओं ने मेडिकल कॉलेज में लघु नाटिका प्रस्तुत कर लोगों को बढ़ती हुई जनसंख्या के बारे में जागरूक किया। यह कार्यक्रम कोई पीछे न छूटे, हर किसी की गिनती हो शीर्षक पर आधारित था। जनसंख्या दिवस पर आयोजित लघु नाटिका से लोगों को यह संदेश दिया कि बढ़ती हुई जनसंख्या अब दुनिया के लिए खुशी का नहीं, बल्कि एक गंभीर समस्या का कारण बनती जा रही है, जिस हिसाब से दुनिया में आबादी बढ़ रही है, उस हिसाब से सुविधाएं नहीं हैं। लिहाजा, बढ़ती आबादी लगातार जीवन स्तर पर असर डाल रही है और इसे बदतर बना रही है। दुनिया के हर तीसरे देश में बढ़ती आबादी के चलते गरीबी बढ़ रही है। प्रधानाचार्य रिजी गीवर्गीस ने बताया कि यदि जनसंख्या को समय रहते नियंत्रित नहीं किया गया, तो लोग अपनी आम आवश्यकताओं के लिए एक-दूसरे से संघर्ष करने लगेंगे। (अनंत ज्ञान)

### डेंगू की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य महकमा अलर्ट

**एसपी जैरथ, नाहन।** सिरमौर में डेंगू का कहर तेजी से बढ़ने लगा है। यह आंकड़ा अब 100 के पार पहुंच गया है। सबसे ज्यादा मामले नाहन शहर के अमरपुर मोहल्ला से आ रहे हैं। ऐसे में लोगों में भी दहशत का माहौल है। शहर का अलावा जिले के अन्य हिस्सों से भी अब डेंगू के मरीज अस्पतालों में उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। शहरी क्षेत्र से लगातार सामने आ रहे डेंगू के मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम अमरपुर मोहल्ला पहुंची, जहां लोगों को डेंगू की रोकथाम को लेकर जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग की सर्वे टीम में स्वास्थ्य शिक्षिका कृष्णा राठौर, सीएचओ अदिति ठाकुर के अलावा आशा वर्कर्स मीना शर्मा, निशा, रितु, शमीम, कुसुम शर्मा, उमा नेगी, सबीना, हरविंद्र कौर, अनीता और रेखा आदि ने अमरपुर मोहल्ला में घर-घर जाकर लोगों को डेंगू के लक्षणों और बचाव के बारे में जानकारी दी। इस दौरान टीम ने घर में जाकर उनके पानी के सभी तरह के बर्तन भी चेक किए, अगर किसी बर्तन में मच्छर का लारवा पाया जा रहा है, तो उसको तुरंत नष्ट किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिक्षिका कृष्णा राठौर ने बताया कि जागरूकता अभियान जारी रहेगा। (अनंत ज्ञान)

### नेपाली अधिकारियों को दिया बागवानी प्रशिक्षण



**आर मोहन चौहान, सोलन।** बागवानी और कृषि विभाग के अधिकारियों का 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने नौणी में डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के दोदिवसीय प्रशिक्षण और एक्सपोजर दौरे में भाग लिया। यह प्रशिक्षण जयकिसान इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी की ओर से प्रायोजित किया गया, जिसे विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान, विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने प्रतिभागियों को बागवानी से संबंधित विभिन्न विषयों पर व्यावहारिक प्रदर्शन और कक्षा व्याख्यान प्रदान किए। संयुक्त निदेशक संचार डॉ. अनिल सूद ने विश्वविद्यालय की ओर से प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और निदेशालय द्वारा की गई विस्तार गतिविधियों सहित विश्वविद्यालय के बारे में बताया। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय में अपनाई जा रही और शोध की जा रही प्रौद्योगिकियों को समझने के लिए प्राकृतिक खेती ब्लॉक, खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, उच्च घनत्व वाले सेब के बगीचे और कीवी ब्लॉक सहित कई प्रमुख स्थलों का दौरा किया। (अनंत ज्ञान)

### खाद्य पदार्थों की समय-समय पर जांच करें अधिकारी

**एसपी जैरथ, नाहन।** डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन के स्वास्थ्य के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों का नियमानुसार निरीक्षण और सैंपलिंग सुनिश्चित बनाएं। आगामी बरसात सीजन के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों, फलों, सब्जियों की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने सभी कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम की अनुपालना के आदेश दिए। डीसी ने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अनुसार प्रत्येक कारोबारी, डिपो होल्डर, मिड-डे मील, शराब के ठेकेदार आदि को खाद्य सुरक्षा लाइसेंस लेना अनिर्वाय है। डीसी ने कहा कि बाहरी राज्यों से आने वाले फ्रूट और सब्जी विक्रेता जो कि वाहनों के माध्यम से अपना सामान बेचते हैं उनकी गुणवत्ता पर लगातार नजर बनाए रखें। गाड़ियों में सब्जी और फल बेचने वाले लोगों के विक्रय उत्पाद की समय-समय पर जांच करें, ताकि जनता को गुणात्मक फल और सब्जियां उपलब्ध हो सकें। (अनंत ज्ञान)

### ज्वाहर पार्क सहित अन्य जगह रोपे पीपल के पौधे



**आर मोहन, सोलन।** सोलन एंपावरमेंट एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधरोपण कार्यक्रम के तहत ज्वाहर पार्क सहित शहर के विभिन्न हिस्सों में 25 पीपल के पौधे रोपे। इस दौरान शहर की बड़ी हस्तियों ने पौधरोपण में हिस्सा लिया। संस्था के प्रधान डॉ. राजेश कश्यप ने कहा कि गैर राजनीतकि संस्था होने के नाते एंपावरमेंट एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन में सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिक, बच्चे, महिलाओं सहित सभी वर्ग के लोग जुड़े हैं। पीपल के पेड़ का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व है। वैज्ञानिक महत्व यह कि पीपल दुनिया में एक मात्र ऐसा पौधा है, जो दिन-रात ऑक्सीजन देता है। (अनंत ज्ञान)

## विधानसभा उपचुनाव में जीत की खुशी में कांग्रेस कमेटी दाड़ला ने मनाया जश्न



विधानसभा उपचुनाव में जीत पर दाड़ला में खुशी मनाते कांग्रेसी।

**आशीष, दाड़लाघाट**

प्रदेश में उपचुनाव में मिली जीत के बाद कांग्रेस के कार्यकर्ता गदगद हैं और जीत की खुशी मना रहे हैं। शनिवार को विधानसभा उपचुनाव में जीत की खुशी में कांग्रेस कमेटी दाड़ला ने जश्न मनाया।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अंबुजा चौक पर पटाखे फोड़े और मिठाई बांटकर जीत की खुशी मनाई। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अर्की उपाध्यक्ष मोहन सिंह ठाकुर, दाड़लाघाट कांग्रेस जोन अध्यक्ष मनोज गौतम, ब्लॉक कांग्रेस महासचिव जगदीश ठाकुर, अंबुजा दाड़ला कश्लोग मांगू परिवहन एडीकेएम सभा दाड़लाघाट के प्रधान वेद प्रकाश शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेस नेता लाला शंकर, ब्लॉक कांग्रेस मीडिया अध्यक्ष रोशन ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस सचिव जयसिंह ठाकुर, तिलक शर्मा, राजेंद्र पंवर, अनिल गुप्ता, दीपक गजपति, धनपत करड़, उमेश, ऋषि राज गांधी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## धनतंत्र के ऊपर जनतंत्र की जीत : शुक्ला

**आशीष, दाड़लाघाट।** विधानसभा उपचुनाव में धनतंत्र के ऊपर जनतंत्र की जीत हुई है। यह बात अंबुजा दाड़ला कश्लोग मांगू परिवहन एडीकेएम सभा दाड़लाघाट के प्रधान वेद प्रकाश शुक्ला ने कही। शुक्ला ने कहा कि उपचुनाव में जन बल से धन बल की हार हुई है।

कांग्रेस ने सकारात्मक चुनाव प्रचार किया। भाजपा ने प्रधानमंत्री मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम के नाम पर वोट मांगे। अंबुजा दाड़ला कश्लोग मांगू परिवहन एडीकेएम सभा दाड़लाघाट के प्रधान वेद प्रकाश शुक्ला, उपप्रधान जय सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष तिलक गौतम, कार्यकारिणी सदस्य लाला शंकर, विद्यासागर ठाकुर, पवन ठाकुर ने कहा कि उपचुनाव में लोगों को धर्म, जाति और क्षेत्र के नाम पर बांटने के भाजपाइयों के हथकंडे काम नहीं आए। देहरा, नालागढ़ और हमीरपुर विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए और देहरा और नालागढ़ सीट पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। (अनंत ज्ञान)

## सैणी ने नालागढ़ की जनता का किया धन्यवाद अगले विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ विधानसभा उपचुनाव का चुनाव परिणाम आने के बाद बतौर आजाद उम्मीदवार 13,025 वोट लेते हुए हरप्रीत सिंह सैणी ने कहा कि जनता का भरपूर साथ मिला है और हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़े रहेंगे।

सैणी ने कहा मैं नालागढ़ की जनता का दिल से धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने मुझे इतना प्यार और समर्थन दिया। इस चुनाव में मुझे बतौर आजाद उम्मीदवार 13,025 वोट मिले, जो दर्शाता है कि नालागढ़ की जनता ने मुझ पर कितना विश्वास जताया है। यह आपकी वजह से ही संभव हो पाया है कि हम इस चुनाव में इतनी मजबूती से खड़े हो सके। सैणी ने अपने चौंकीवाला कार्यालय में अपने वर्कर्स और नालागढ़ के निवासियों को संबोधन करते हुए कहा कि यह अमूल्य वोट रूपी समर्थन ने मुझे और भी अधिक प्रेरित किया है कि मैं आपके लिए बेहतर काम कर सकूं और मैं आपकी समस्याओं को हल करने में कोई कसर नहीं रखूंगा। मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि मैं पूरी ईमानदारी और मेहनत से नालागढ़ की सेवा करूंगा। हरप्रीत सिंह सैणी ने अपने भाषण के दौरान अगले विधानसभा चुनाव लड़ने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि मैं आज आपके सामने यह घोषणा करता हूं कि मैं अगले विधानसभा चुनाव में भी नालागढ़ से अपनी उम्मीदवारी पेश करूंगा।



चौंकीवाला कार्यालय में चुनाव नतीजे आने के बाद समर्थकों के साथ चर्चा करते हुए हरप्रीत सिंह सैणी।

## सरकार को मुफ्त की योजनाएं समाप्त करनी चाहिए : जोशी

**आर मोहन चौहान, सोलन।** प्रदेश सरकार की तरफ से सस्ती बिजली की दरों के निर्णय को लेकर लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

इसको लेकर स्थानीय निवासी सुनील जोशी का कहना है कि सरकार को मुफ्त की योजनाएं समाप्त कर देनी चाहिएं, हालांकि जरूरतमंद वर्ग को कुछ चीजों में रियायत दी जा सकती है। सरकार को अर्थव्यवस्था मजबूत करने की दिशा के कार्य करना चाहिए, ताकि सरकारी ऋण का बोझ आम जनता पर न पड़े। सरकार को आय के साधन जुटाने के साथ रोजगार के अवसर भी सृजित करने चाहिए।

## अनुशासन, आत्मविश्वास लाने के लिए एनसीसी की भूमिका सराहनीय : प्रो. चंदेल

**आर मोहन चौहान, सोलन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल ने कैडेट्स के बीच अनुशासन, नैतिक मूल्यों और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की सराहना की।

विश्वविद्यालय परिसर में एक एचपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी सोलन की ओर से आयोजित दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी 197) के दौरान कैडेट्स को संबोधित करते हुए प्रोफेसर चंदेल ने व्यक्तिगत विकास में एनसीसी की भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला।



एचपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी के आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर पहुंची कैडेट्स।

शिविर में 684 कैडेट भाग ले रहे हैं, जो विभिन्न विश्वविद्यालयों, 11 कॉलेजों और नौ स्कूलों के वरिष्ठ और कनिष्ठ एनसीसी डिवीजनों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। एनसीसी कैडेट्स के व्यापक विकास के उद्देश्य से शिविर का आयोजन एक एचपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी सोलन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल संजय शांडिल की देखरेख में किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सेना और नागरिक कर्मचारियों की टीम, एनसीसी अधिकारी और विभिन्न शिक्षक भी इस शिविर का हिस्सा हैं। इस अवसर पर कर्नल संजय शांडिल ने मुख्यातिथि प्रोफेसर चंदेल और छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. केके रैना का स्वागत किया। (अनंत ज्ञान)

## जन सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने में सहयोग करें उद्योग समूह : डीसी

**एसपी जैरथ, नाहन**

डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने कहा कि सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों को कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत अपना महत्वपूर्ण योगदान समाज को देना चाहिए।

शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और अन्य सामाजिक सरोकारों से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों और ढांचागत विकास में सीएसआर की अहम भूमिका है। डीसी सुमित खिमटा नाहन में विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों के साथ सीएसआर संबंधी बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। सुमित खिमटा ने बैठक में पधारे औद्योगिक समूहों के प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि सभी समूह सीएसआर के तहत



अधिक से अधिक योगदान देकर सामाजिक दायित्व का निर्वहन करें। उन्होंने विभिन्न उद्योगों की ओर से समय-समय पर सीएसआर के तहत दिए जा रहे सहयोग की सराहना भी की। महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र साक्षी सत्ती, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील शर्मा, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा राजीव ठाकुर, उपनिदेशक उच्च शिक्षा अजीत चौहान के अलावा विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधि भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## कराड़ाघाट में स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक, खेमावती दूसरी बार बने प्रधान

**आशीष, दाड़लाघाट**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला कराड़ाघाट में स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक हुई।

बैठक के दौरान आमसभा का मुख्य एजेंडा स्कूल प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी का गठन रहा। आमसभा में 20 अभिभावकों ने भाग लिया। अभिभावकों ने सर्वसम्मति से खेमावती को दूसरी बार एसएमसी का प्रधान चुना। पदेन सदस्य नेमचंद के अलावा हीरा देवी, ममता, उमा, अनीता देवी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। जबकि, पाठशाला मुख्य



शिक्षक ओम प्रकाश चंदेल सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेंगे। अध्यापिका पूनम ठाकुर ने स्कूल के विकास कार्यों में सहयोग देने के लिए सभी अभिभावकों का आभार जताया। आमसभा में परसराम व प्रवीण शर्मा ने पाठशाला विकास कार्यों में अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। (अनंत ज्ञान)

## साइबर क्राइम की दी जानकारी

**आशीष, दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरयांज में रिजर्व बैंक आफ इंडिया के मनी वाइस प्रोजेक्ट के तहत फील्ड ट्रेनर अनिता शर्मा व उनकी सहयोगी दयावती ने विद्यालय में बच्चों को साइबर क्राइम की जानकारी दी। बच्चों को फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब आदि से किस तरह के सायबर क्राइम का शिकार हो सकते हैं, उसके बारे में जागरूक किया। इस मौके पर सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी किसी से भी शेयर करने पर किसी भी तरह का सायबर क्राइम हो सकता है। उन्होंने बच्चों को बैंक में जन धन, पीपीएफ व एजुकेशन लोन के बारे में भी जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)

## 90 रोगियों का जांचा स्वास्थ्य

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

जिले में आयुष विभाग गांव में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लोगों को घरद्वार पर स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रही है।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. इंदु शर्मा ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत आयुष विभाग ने छितकुल में एकदिवसीय बहुविशेषज्ञ निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में 90 रोगियों की स्वास्थ्य जांच की गई एवं मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। इस शिविर में 43 पुरुष व 42 महिला एवं पांच बच्चों को देखा गया।



छितकुल में निशुल्क चिकित्सा शिविर में जांच करवाते लोग।

शिविर में 61 रोगियों की शुगर व बीपी की जांच भी की गई। कुछ रोगियों को जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय में रेफर भी किया गया। इस शिविर को सफल बनाने के लिए विशेषज्ञ डॉ. सूरज नेगी, डॉ. ईश्वर दत्त शर्मा, डॉ. अमन यादव, एपीओ मनोज कुमार तथा अनीता व विन्या देवी ने अपनी सेवाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

**परेशानी** अस्पताल में उपचार करवाने आए रोगियों को होना पड़ा निराश, किसी अस्थायी एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की नियुक्ति की जाए

# अर्की अस्पताल में डेपुटेशन पर भेजे गए एनेस्थीसिया विशेषज्ञ के ऑर्डर कैंसिल

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की**

राजनीतिक पैठ के चलते कुछ अधिकारी और कर्मचारी उच्चाधिकारियों के आदेशों को कूड़े की टोकरी में डाल देते हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन के द्वारा जनता की मांग पर अर्की अस्पताल में केवल दो दिनों के लिए डेपुटेशन पर भेजे गए एनेस्थीसिया विशेषज्ञ के डेपुटेशन के आदेश तुरंत कैंसिल हो गए। दरअसल अर्की अस्पताल में लगभग 20 दिनों से एनेस्थीसिया विशेषज्ञ के अवकाश पर होने के




अर्की अस्पताल।

चलते ऑपरेशन नहीं हो पा रहे हैं। इससे ज्यादातर प्रसूता महिलाओं को इसका खामियाजा उठाना पड़ रहा है। इस बारे में मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन से भी मांग की गई थी कि शीघ्र अर्की अस्पताल में जब तक स्थायी एनेस्थीसिया विशेषज्ञ अपना अवकाश काट कर नहीं आती है। तब तक किसी अस्थायी एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की नियुक्ति की जाए, ताकि जो भी ऑपरेशन एनेस्थीसिया विशेषज्ञ के अवकाश पर होने के कारण रुके हैं वह हो सकें। मुख्य चिकित्साधिकारी सोलन द्वारा सोलन अस्पताल से एक एनेस्थीसिया विशेषज्ञ को केवल दो दिनों के लिए अर्की के आदेश दिए गए थे, ताकि ऑपरेशन निपट सकें।

दूसरी ओर अर्की में उस विशेषज्ञ के रहने के लिए लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में दो दिनों के लिए कमरा भी बुक कर दिया गया था, जैसे ही लोगों को पता चला वह अस्पताल में ऑपरेशन के लिए पहुंच गए, जिसमें ज्यादातर प्रसूता महिलाएं थीं। परंतु एनेस्थीसिया विशेषज्ञ के न आने पर सबको मायूस होकर वापस जाना पड़ा। बताया जा रहा है कि सोलन अस्पताल से जिस एनेस्थीसिया विशेषज्ञ को दो दिनों के लिए अर्की भेजा गया था, उनकी उंची राजनीतिक पैठ है। तभी आनन-फानन में मुख्य चिकित्साधिकारी सोलन को तुरंत अपने दिए हुए आदेश खारिज करने पड़े। ऑपरेशन करवाने आए मरीजों का कहना है कि इस मामले में स्थानीय विधायक अर्की व सीपीएस हिमाचल संजय अवस्थी को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए। क्योंकि उक्त एनेस्थीसिया विशेषज्ञ के इस कृत्य से साफ ज्ञात होता है कि वह जनसेवा के लिए नहीं, बल्कि आराम फरमाने आए हैं। (अनंत ज्ञान)

> मुख्यचिकित्सा अधिकारी जिला सोलन डॉ. राजन उप्पल का कहना है कि किन्ही टेक्निकल समस्या के चलते अर्की अस्पताल में डेपुटेशन पर जाने वाले एनेस्थीसिया विशेषज्ञ के आदेश कैंसिल करने पड़े। किसी अन्य जगह से अर्की डेपुटेशन पर भेजने के लिए एनिस्थिसिया विशेषज्ञ को देखा जा रहा है।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### अनाहत, टियाना विश्व जूनियर स्क्वाश के तीसरे दौर में



**नई दिल्ली।** सोलह वर्ष की अनाहत सिंह ने ह्यूस्टन में विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत ने दक्षिण अफ्रीका की डेने वान जिल को 11-3, 11-2, 11- 6 से हराया। अब उनका सामना अमेरिका की सामंथा जाफी से होगा। अनाहत को पहले दौर में बाय मिला था। भारत की टियाना परसरामपुरिया ने न्यूजीलैंड की एम्मा मेरसोन को 14-12, 11 -5, 11-5 से मात दी ।

### लॉस एंजिलिस ओलंपिक की गोल्फ स्पर्धाएं रिवियेरा में



**लुसाने।** अंतरराष्ट्रीय गोल्फ महासंघ ने घोषणा की है कि लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 की गोल्फ स्पर्धा रिवियेरा कंट्री क्लब में आयोजित की जाएंगी। रिवियेरा 1926 में बनाया गया था और दो साल बाद इसकी शताब्दी का समारोह पहली बार यूएस महिला ओपन की मेजबानी के साथ मनाया जाएगा। रिवियेरा पर फरवरी में जेनेसिस आमंत्रण टूर्नामेंट खेला जाता है जो पीजीए टूर का हिस्सा है ।

### रियल सोसिएदाद ने गोमेज के साथ किया छह साल का करार



**मैड्रिड।** रियल सोसिएदाद ने 23 वर्षीय स्पेनिश लेफ्ट बैक सर्जियो गोमेज के साथ छह साल का अनुबंध किया है। गोमेज़ मैनचेस्टर सिटी से रियल सोसिएदाद में लगभग नौ मिलियन यूरो (लगभग 9.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की फीस पर शामिल हुए और जून 2030 के अंत तक अनुबंध पर सहमत हुए। पूर्व बार्सिलोना युवा खिलाड़ी, जो स्पेनिश राष्ट्रीय टीम के साथ पेरिस ओलंपिक में खेलेंगे, मैनचेस्टर सिटी के साथ दो सत्रों के बाद क्लब में शामिल हुए, जिसमें उन्होंने 38 बार पहली टीम में प्रदर्शन किया, हालांकि उन्होंने प्रीमियर लीग में केवल 18 मैच खेला। गोमेज ने एक वीडियो में कहा कि मैं इस अवसर को लेकर बहुत खुश हूं, इमानोल के साथ प्रशिक्षण शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। हम पिछले कुछ सालों से क्लब के संपर्क में थे। रियल सोसिएदाद मुझे आगे बढ़ने का मौका दे सकता है और एक खिलाड़ी के रूप में मेरी प्रगति जारी रखने में मदद कर सकता है। यह वही है जिसकी मुझे तलाश है।

### अर्जुन ने किया कॉलिग चैंपियनशिप में कट हासिल



**एक्रोन (ओहियो, अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल (74-71) ने यहां फायरस्टोन कंट्री क्लब में खेले जा रहे कॉलिग कंपनीज चैंपियनशिप गोल्फ के कट प्रवेश कर लिया है। अटवाल ने दूसरे दौर में दो बर्डी और तीन बोगी के साथ एक ओवर 71 का कार्ड खेला। उन्होंने पहले दौर में चार ओवर 74 का स्कोर किया। वह पांच ओवर 145 के स्कोर के साथ संयुक्त 49वें स्थान पर है। स्टीवन अल्केर दूसरे दौर में 65 का कार्ड खेलने के बाद तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कुल सात अंडर के स्कोर के साथ स्टीव स्ट्रिकर पर एक शॉट की बढ़त बना ली है।

### रंधावा संयुक्त पांचवें और जीव 19वें स्थान पर





**जिनेवा (स्विट्जरलैंड)।** भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा यूरोप में 'लीजेंड्स टूर' पर स्विस सीनियर्स ओपन में चार अंडर 66 के कार्ड से संयुक्त पांचवें स्थान पर जबकि जीव मिल्खा सिंह (68) संयुक्त 19वें स्थान पर बने हुए हैं। दोनों भारतीय गोल्फर इस सत्र में अच्छा खेल रहे हैं। रंधावा ने 50 साल से अधिक उम्र के गोल्फरों के इस टूर्नामेंट में पांच बर्डी लगायी और एक बोगी कर बैठे जबकि जीव ने चार बर्डी लगाई और दो बोगी की।

### आईसीसी बोर्ड टी-20 विश्व कप के खर्चों पर करेगा चर्चा

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप के अमेरिका चरण में बजट से अधिक खर्च होने का अनुमान है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बोर्ड कोलंबो में 19 जुलाई को होने वाली वार्षिक बैठक के दौरान इस नुकसान पर चर्चा कर सकता है। टी-20 विश्व कप की ऑडिटिंग (आय और व्यय का लेखा जोखा) पूरी नहीं हुई है, इसलिए नुकसान का आंकड़ा बताना मुश्किल है क्योंकि दर्शकों के टिकट से प्राप्त राशि की पूरी तरह से गणना की जानी बाकी है। बोर्ड के प्रमुख सदस्यों का हालांकि मानना है कि टूर्नामेंट के अमेरिका चरण में हुआ नुकसान लाखों डॉलर में हो सकता है। यह पता चला है कि टूर्नामेंट निदेशक क्रिस टेटली ने इस्तीफा दे दिया है, लेकिन घटनाक्रम से अवगत सूत्रों के अनुसार इंग्लैंड के 49 वर्षीय खेल प्रशासक ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही इस्तीफा देने का मन बना लिया था। आईसीसी बोर्ड के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''कई सदस्य टेटली के प्रदर्शन से खुश नहीं हैं। उन्होंने अपना इस्तीफा दे दिया था, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता कि टी20 विश्व कप के अमेरिका चरण का इससे कोई लेना-देना है।'' उन्होंने कहा, ''कम से कम तीन आईसीसी वैश्विक टूर्नामेंट और सभी सहयोगी देशों को टी-20 अंतरराष्ट्रीय का दर्जा मिलने के कारण, प्रबंधन का काम निरंतर चल रहा है। ऐसा माना जाता है कि टेटली ने कुछ समय पहले ही अपना पद छोड़ने का फैसला किया था।'' जिन लोगों ने इस आयोजन के संचालन के लिए करीब से काम किया है, उनका मानना है कि आईसीसी वास्तव में टिकटों की बिक्री के माध्यम से अच्छी कमाई करेगी। जिस बात ने आईसीसी के प्रभावशाली सदस्यों को नाराज किया है, वह इस प्रमुख आयोजन के लिए न्यूयॉर्क शहर को एक मेजबान के तौर पर चुनना है।

**भारत vs जिम्बाब्वे** हरारे में हुए चौथे टी-20 मैच में भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे को 10 विकेट से रौंदा

# जायसवाल-गिल के अर्द्धशतक, भारत ने जीती सीरीज

**एजेंसी, हरारे**

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (नाबाद 93) के ताबड़तोड़ और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 58) के संयमित अर्द्धशतक तथा दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 156 रन की अटूट साझेदारी से भारत ने शनिवार को यहां चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 10 विकेट से रौंदकर पांच मैच की सीरीज में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल की। भारत ने इस तरह जिम्बाब्वे पर दूसरी दफा 10 विकेट के अंतर से जीत हासिल की। 2016 में इसी स्थल पर भारत ने मेजबान टीम को 10 विकेट से हराया था।

भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए कामचलाऊ गेंदबाज शिवम दूबे और अभिषेक शर्मा के शानदार प्रदर्शन से जिम्बाब्वे को सात विकेट पर 152 रन पर रोक दिया। फिर जायसवाल और गिल की मदद से उछाल भरी पिच पर यह लक्ष्य महज 15.2 ओवर में 156 रन बनाकर हासिल कर लिया। टी-20 विश्व कप में जायसवाल को खेलने का मौका नहीं मिला था, उन्होंने 53 गेंद की नाबाद पारी में विकेट के चारों ओर शॉट लगाये। उनकी पारी में 13 चौके और दो छक्के जड़े थे। गिल ने संयम से खेलते हुए जायसवाल को ताबड़तोड़ रन जुटाने दिये तथा 39 गेंद की नाबाद पारी के दौरान छह चौके और दो छक्के जमाए।

जायवाल का जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा पर बैक-ड्राइव शॉट दर्शनीय था और रिचर्ड नगारवा की गेंद पर छक्का भी उतना ही आकर्षक था। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाजों की खामियों का पूरा फायदा उठाते हुए जायसवाल ने नौ चौकों से अपना अर्द्धशतक पूरा किया जबकि तब शुभमन 15 रन पर ही थे। जिम्बाब्वे के कप्तान रजा के पास इन दोनों के चौकों छक्कों को रोकने का कोई विकल्प नहीं था। बस सवाल था कि जायसवाल अपना शतक पूरा कर पायेंगे या नहीं। या फिर गिल अपना अर्द्धशतक बनाएंगे। गिल ने अपना अर्द्धशतक पूरा किया। इससे जायसवाल के पास शतक पूरा करने के लिए रन नहीं बचे, लेकिन उन्होंने शानदार पुल-शॉट के साथ मैच खत्म किया। इससे पहले जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने 28 गेंद में 46 रन की पारी खेली, लेकिन भारत के पांचवें गेंदबाज अभिषेक (तीन ओवर में 20 रन देकर एक विकेट) और छठे विकल्प दूबे (दो ओवर में 11 रन देकर एक विकेट) ने अच्छे गेंदबाजी प्रयास से जिम्बाब्वे को दबाव में रखा। इन्होंने खतरनाक दिख रही वेस्ले माधेवेरे (24 गेंद में 25 रन) और टाडीवानाशे मारूमनी (31 गेंद में 32 रन) की सलामी जोड़ी को आउट करके मध्य ओवरों में लगाम कसी।

कप्तान रजा ने हालांकि अपनी पारी में तीन छक्के और दो चौके लगाकर जिम्बाब्वे को 150 से अधिक रन के स्कोर तक पहुंचाया। लेग स्पिनर रवि बिश्नोई को छोड़कर सभी भारतीय गेंदबाजों को विकेट मिले। पदार्पण करने वाले मध्यम गति के गेंदबाज तुषार देशपांडे (तीन ओवर में 30 रन देकर एक विकेट) का पहला स्पैल काफी अधिक फुल लेंथ वाली गेंद या बहुत शॉर्ट गेंद लेंथ वाला रहा। इससे दोनों सलामी बल्लेबाज माधेवेरे और मारूमनी आसानी से बाउंड्री बनाने में सफल रहे, लेकिन देशपांडे के लिए अच्छा रहा कि वह रजा का विकेट लेने में सफल रहे।

पहले तीन मैच में जिम्बाब्वे के लिए पहले विकेट की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी नौ रन की थी, लेकिन माधेवेर और मारूमनी ने 63 रन की साझेदारी निभाई, हालांकि यह इतनी तेज नहीं थी। बाएं हाथ के स्पिनर अभिषेक ने पहले विकेट की साझेदारी तोड़ी। उनकी गेंद पर मारूमनी पुल शॉट को टाइम नहीं कर सके और रिंकू सिंह के हाथों कैच आउट हुए। दूबे ने फिर माधेवेरे को आउट किया। उनका कैच भी रिंकू ने ही लपका। दूसरे मैच में अच्छी बल्लेबाजी करने वाले ब्रायन बेनेट (14 गेंद में नो रन) को वाशिंगटन ने अपना शिकार बनाया। दूबे और अभिषेक ने 'विकेट टू विकेट' गेंदबाजी करते हुए स्कोर गति पर लगाम कसी।



### स्कोर बोर्ड

| जिम्बाब्वे | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मधेवेर क. रिंकू ब. दुबे | 25 | 24 | 4/0 |
| मारूमानी क. रिंकू ब. अभिशेक | 32 | 31 | 3/0 |
| ब्रायन क. जायसवाल ब. वाशिंगटन | 09 | 14 | 0/0 |
| सिकंदर क. गिल ब. देशपांडे | 46 | 28 | 2/3 |
| कैंपबेल रन ऑऊट बिश्नोई | 03 | 03 | 0/0 |
| मार्यस क. ब. अहमद | 12 | 13 | 0/0 |
| क्लाइव क. रिंकू ब. अहमद | 07 | 05 | 1/0 |
| अकरम (नाबाद) | 04 | 03 | 1/0 |
| अतिरिक्त | 14 | | |
| कुल : (20 ओवर) | 152/7 | | |

**विकेट पतन** : ...63-1, 67-2, 93-3, 96-4, 141-5, 147-6, 152-7.

**गेंदबाजी** : अहमद 4-0-32-2, देशपांडे 3-0-30-1, बिश्नोई 4-0-22-0, वाशिंगटन 4-0-32-1, अभिषेक 3-0-20-1, दुबे 2-0-11-1.

| भारत | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल (नाबाद) | 93 | 53 | 13/2 |
| गिल (नाबाद) | 58 | 39 | 6/2 |
| अतिरिक्त | 05 | | |
| कुल : (15.2 ओवर) | 156 | | |

**गेंदबाजी** : नगारावा 3-0-27-0, मुजारबानी 3.2-0-25-0, चतारा 2-0-23-0, अकरम 4-0-41-0, रजा 2-0-24-0, ब्रायन 1-0-16-0.

## जेसिका हल ने 5 :19 .70 सेकंड के साथ 2000 मीटर का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

**एजेंसी, मोनाको**

इतिहास में पांचवीं सबसे तेज महिला 1500 मीटर धावक बनने के पांच दिन बाद, ऑस्ट्रेलिया की जेसिका हल शुक्रवार रात मोनाको में हरक्यूलिस ईबीएस वांडा डायमंड लीग मीटिंग में विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए अब तक की सबसे तेज 2000 मीटर धावक बन गईं।



27 वर्षीय हल ने मोनाको में 5:19.70 का समय निकाला और इथियोपिया की जेनजेबे डिबाबा द्वारा 2018 में बनाए गए 5:21.56 सेकंड के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

जीत हासिल करने के बाद हल ने वर्ल्ड एथलेटिक्स के हवाले से कहा कि यह अविश्वसनीय था। जब मैं आखिरी लैप पर अकेली थी, तो हर कोई मेरा उत्साहवर्धन कर रहा था, मैंने पूरे हफ्ते पेरिस रेस को अपने पैरों में महसूस किया। इसलिए आज मेरा लक्ष्य सिर्फ मजबूत होना था, भले ही मेरे पैर बहुत भारी हों। मैं एक अलग गति और थकान के स्तर पर दौड़ी, जो मैंने पहले कभी नहीं किया था। उन्होंने आगे कहा कि निश्चित रूप से कुछ महिलाएं हैं जो 5:19 का समय लेकर दौड़ सकती हैं, लेकिन अभी के लिए मेरा नाम इतिहास की किताबों में दर्ज है। मैंने इस रिकॉर्ड के लिए कड़ी मेहनत की।



## विम्बलडन महिला फाइनल में क्रेइसिकोवा से भिड़ेगी पाओलिनी

**एजेंसी, लंदन**

इटली की जैसमीन पाओलिनी का सामना विम्बलडन महिला एकल फाइनल में चेक गणराज्य की बारबरा क्रेइसिकोवा से होगा।

सातवीं वरीयता प्राप्त पाओलिनी का यह लगातार दूसरा ग्रैंडस्लैम फाइनल है। उन्हें फ्रेंच ओपन फाइनल में इगा स्वियातेक ने हराया था। वह 2016 में सेरेना विलियम्स के बाद एक ही सत्र में फ्रेंच ओपन और विम्बलडन फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं।

वहीं क्रेइसिकोवा ने 2021 में फ्रेंच ओपन जीता था और अगर यहां जीतती हैं तो उनका दूसरा ग्रैंडस्लैम होगा। उन्होंने महिला युगल में सात ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं। पिछली बार की चैंपियन मारकेटा वोंड्रोसोवा पहले दौर में ही हार गई थी।

## झूलन बनी महिला सीपीएल से पहले ट्रिनबागो नाइट राइडर्स की मेंटोर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी महिला कैरेबियाई प्रीमियर लीग से पहले ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) की मेंटोर बन गई हैं। अपने दो दशक के कैरियर में झूलन ने 355 विकेट लिए। उन्होंने 2022 में खेल को अलविदा कहा।



टीकेआर की कप्तान स्टार हरफनमौला डिएंड्रा डोटिन हैं जिनकी कप्तानी में टीम ने 2021 में पहला सत्र जीता था। झूलन ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा,''इतनी शानदार टीम से जुड़ना गर्व की बात है। नाइट राइडर्स ने इतना शानदार प्रदर्शन किया है और टीकेआर महिला टीम से जुड़ना शानदार है। केकेआर प्रबंधन को इसके लिए धन्यवाद।'' टीकेआर टीम में जेमिमा रौड्रिग्स, मेग लानिंग, जेस जोनासेन और शिखा पांडे जैसे खिलाड़ी भी हैं। टीकेआर को चार लीग मैच 22 से 27 अगस्त तक खेलने हैं। फाइनल 29 अगस्त को तारोबा में खेला जायेगा।

## स्कॉटिश ओपन में शुभंकर ने हासिल किया कट

**नार्थ बेरविक (स्कॉटलैंड)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने यहां स्कॉटिश ओपन के दूसरे दौर में एक ईगल से दो अंडर 68 का कार्ड खेलकर कट हासिल किया। शुभंकर इस समय संयुक्त 63वें स्थान पर बने हुए हैं। उनका दो दिन में कुल स्कोर तीन अंडर का रहा और कट यहीं तक था। पहले दौर में उन्होंने एक अंडर 69 का कार्ड बनाया था। 2020 के बाद से शुभंकर ने यहां पहली बार कट हासिल किया है। 2020 में वह संयुक्त 26वें स्थान पर रहे थे जो इस टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहिथ थिगाला ने 18वें होल में डबल बोगी के बावजूद 66 का कार्ड खेला।



## विम्बलडन फाइनल में अल्काराज का सामना जोकोविच से

**एजेंसी, लंदन**

स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने रूस के दानिल मेदवेदेव को हराकर विम्बलडन फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना नोवाक जोकोविच से होगा। अपना 21वां जन्मदिन मनाने से कुछ महीने दूर अल्काराज अगर जीत जाते हैं तो उनका लगातार दूसरा विम्बलडन और चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब होगा। उन्होंने मेदवेदेव को 6-7, 6 -3, 6-4, 6-4 से हराया।



जीत के बाद उन्होंने कहा,'' लग रहा है कि अब मैं नया नहीं हूं। मुझे पता है कि फाइनल में कैसा लगता है। मैं पहले भी खेल चुका हूं और उसी प्रदर्शन को दोहराऊंगा।'' पिछली बार भी फाइनल में उनका सामना जोकोविच से ही था। जोकोविच ने 25वीं वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेत्ती को 6-4, 7-6, 6-4 से हराया। जोकोविच के 2014 और 2015 में रोजर फेडरर को हराने के बाद से पहली बार लगातार दो फाइनल समान प्रतिद्वंद्वियों के बीच होगा।

जोकोविच इस सत्र में किसी भी टूर्नामेंट के फाइनल में नहीं पहुंच सके हैं। जून में उन्होंने दाहिने घुटने का आपरेशन भी कराया। उन्हें यहां क्वार्टर फाइनल में वॉकओवर मिला था जब उनके प्रतिद्वंद्वी एलेक्स डि मिनौर ने कूल्हे की चोट के कारण नाम वापस ले लिया। एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले और ग्रास, क्ले और हार्ड तीनों कोर्ट पर खिताब जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी अल्काराज अब 22 वर्ष की उम्र से पहले दो विम्बलडन खिताब जीतने वाले बोरिस बेकर और ब्योर्न बोर्ग के बाद तीसरे खिलाड़ी बनने से एक जीत दूर है।

## विम्बलडन पुरुष फाइनल देखने आएंगी वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन

**लंदन।** कैंसर का उपचार करा रही ब्रिटेन की वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन विम्बलडन टेनिस चैंपियनशिप में पुरुष एकल फाइनल के विजेता को ट्रॉफी प्रदान करेंगी। उनके कार्यालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। खुद टेनिस खिलाड़ी रह चुकी मिडलटन आल इंग्लैंड लॉन टेनिस की संरक्षक के रूप में फाइनल देखने आएंगी। इसके बाद वह कार्लोस अल्काराज और नोवाक जोकोविच के बीच होने वाले फाइनल के विजेता को ट्रॉफी प्रदान करेंगी। कैंसर के उपचार के लिए कीमोथेरेपी कराने की जानकारी देने के बाद 42 वर्ष की मिडलटन दूसरी बार ही सार्वजनिक तौर पर नजर आएंगी। पिछले महीने वह किंग चार्ल्स के जन्मदिन की परेड में बकिंघम पैलेस की बालकनी में नजर आई थीं।



## श्रीलंका क्रिकेट ने की महिला एशिया कप में प्रशंसकों के लिए निशुल्क प्रवेश की घोषणा

**एजेंसी, दांबुला**

श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने शुक्रवार को घोषणा की है कि आगामी महिला टी-20 एशिया कप 2024 में प्रशंसकों के लिए मुफ्त प्रवेश होगा, जो 19 जुलाई से शुरू होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इंडिया टूर्नामेंट के पहले दिन अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से रंगीरी दांबुला इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भिड़ेगी।

एसएलसी ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर पुष्टि की कि इस टूर्नामेंट में श्रीलंका, भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, यूएई, नेपाल, मलेशिया और थाईलैंड हिस्सा लेंगे। भारत, पाकिस्तान, यूएई और नेपाल ग्रुप-ए में और बांग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया और थाईलैंड ग्रुप-बी में हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट में कुल 15 मैच खेले जाएंगे। एसएलसी ने कहा कि बहुप्रतीक्षित आठ देशों का महिला टी-20 एशिया कप 2024, 19 जुलाई, को आरडीआईसीएस, दांबुला में शुरू होगा।




इस टूर्नामेंट में श्रीलंका, भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, यूएई, नेपाल, मलेशिया और थाईलैंड प्रतिस्पर्धा करेंगे, जो एशियाई क्षेत्र में महिला क्रिकेट में सबसे महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में से एक है। भारत, पाकिस्तान, यूएई और नेपाल ग्रुप-ए में प्रतिस्पर्धा करेंगे, और बांग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया और थाईलैंड ग्रुप-बी में प्रतिस्पर्धा करेंगे। टूर्नामेंट में दो सेमीफाइनल और फाइनल सहित कुल 15 मैच होंगे।

महिला टी-20 एशिया कप 2024 का उद्घाटन मैच यूएई और नेपाल के बीच खेला जाएगा। मेजबान टीम-20 जुलाई को बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। विक्रमरत्ने ने कहा कि महिला टी20 एशिया कप 2024 का सफल परिणाम विश्व स्तर पर महिला क्रिकेट को आगे बढ़ाएगा।

**परिचर्चा इन सर्च ऑफ ग्लोरी** इंडियाज प्रोस्पेक्टस इन द 2024 ओलंपिक' में पूर्व ओलंपियन बोले-

## सतत चलनी चाहिए भारत की ओलंपिक तैयारी

**एजेंसी, कोलकाता**

पूर्व ओलंपियनों का मानना है कि ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारी सतत चलने वाली प्रक्रिया होनी चाहिए और अधिकारियों को खेलों के कुछ महीने पहले ही नहीं जागना चाहिए।

इंडियन चैंबर आफ कॉमर्स द्वारा शुक्रवार रात यहां आयोजित परिचर्चा 'इन सर्च आफ ग्लोरी: इंडियाज प्रोस्पेक्टस इन द 2024 ओलंपिक' में पूर्व ओलंपियनों ने भाग लिया था। ओलंपिक 1964 की स्वर्ण पदक विजेता और 1968 की कांस्य पदक विजेता हॉकी टीम के सदस्य रहे गुरबख्श सिंह ने कहा,'' ओलंपिक आने पर ही हम जागते हैं , पूरा देश जागता है । यह रवैया बदलना चाहिए।''



हॉकी में 2024 ओलंपिक में भारत की संभावना के बारे में उन्होंने कहा,''हमें कठिन पूल मिला है। पहला लक्ष्य सेमीफाइनल में पहुंचना होना चाहिए सिर्फ जीत की सोच के साथ मैदान पर उतरना होगा।'' जिम्नास्ट दीपा करमाकर ने कहा,''अपने भीतर सब कुछ हासिल करने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए।'' रियो ओलंपिक 2016 में कांस्य पदक से मामूली अंतर से चूकी करमाकर ने कहा,''चौथे स्थान पर रहने के बाद मैंने कोच बिश्वेश्वर नंदी सर से कहा कि मुझ पर भरोसा करने वाले करोड़ों भारतीयों का सामना कैसे करुंगी। उन्हें मुझसे इतनी अपेक्षाएं थी। मैं सीधे अगरतला जाना चाहती थी, लेकिन उन्होंने कहा कि पूरा देश तुम्हारा इंतजार कर रहा है।''

उन्होंने कहा,'' और मेरे आने के बाद जिस तरह से स्वागत हुआ, मैं दंग रह गई। मुझे याद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कितने प्रेरक शब्द कहे थे और उन्हें मेरे प्रदर्शन के हर मिनट की तफ्सील से जानकारी थी।'' नंदी ने कहा,'' भारत में जिम्नास्टिक पांच या छह राज्यों में ही खेला जाता है । इसमें बदलाव जरूरी है ताकि दीपा के नक्शे कदम पर और भी युवा चल सकें।'' पूर्व ओलंपियन तीरंदाज राहुल बनर्जी ने कहा कि एक खिलाड़ी को हमेशा नाकामियों से सीखना चाहिए। उन्होंने कहा,'' अगर आप पहला टूर्नामेंट जीतते हैं तो जश्न मनाते हैं और दूसरा हारने पर आपको नाकाम करार दिया जाता है ''

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम सोरेन ने केजरीवाल की पत्नी से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। अरविंद केजरीवाल कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में जेल में हैं। केजरीवाल के सरकारी आवास पर हुई इस बैठक के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह भी मौजूद थे। 'आप' ने इस मुलाकात का एक वीडियो 'एक्स' पर पोस्ट किया और इसे शीर्षक दिया, 'तानाशाही के खिलाफ 'इंडिया' एकजुट है।''

### पार्षद जसबीर ने मैंगो पार्क में किया पौधरोपण




**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** वार्ड नंबर 24 से पार्षद जसबीर सिंह बंटी ने वार्ड के लोगों और चंडीगढ़ टेंट डीलर सोसायटी के साथ मिलकर सेक्टर 42सी स्थित मैंगो पार्क में पौधरोपण किया। इस नेक कार्य मे सेक्टर 36 थाना प्रभारी जय प्रकाश सिंह और वार्ड की आरडब्ल्यूए व एमडब्ल्यूए ने पूरा सहयोग दिया। इस बीच स्थानीय आरडब्ल्यूए और एमडब्ल्यूए सहित समाजसेवियों ने लोगों को हरियाली बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। पार्षद जसबीर सिंह बंटी ने लोगों से नगर निगम की तरफ से भी पौधरोपण के लिए मदद दिलाने का भरोसा दिया। (अनंत ज्ञान)

### कॉलेज के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** शनिवार को श्री हनुमंत धाम सेक्टर 40-बी में पिंक ब्रिगेड के द्वारा श्री हनुमंत धाम में चल रहे चैरिटेबल कोर्सेज के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष में मुख्यातिथि सतपाल गुप्ता चेयरमैन ऑफ माता मनसा देवी भंडारा कमेटी, चेयरमैन ऑफ चंडीगढ़ व्यापार मंडल और चेयरमैन चंडीगढ़ लाइफ लाइन समिति, उनके साथ गेस्ट ऑफ ऑनर संजीव चड्ढा चंडीगढ़ व्यापार मंडल के जनरल सेक्रेटरी और गुरुशरण बतरा पैटरन आफ चंडीगढ़ व्यापार मंडल शामिल हैं। आज इस उपलक्ष में चैरिटेबल कोर्सेज के अंतर्गत चलने वाले विभिन्न कोर्सेज कंप्यूटर सेंटर, स्टेनो, टैली ,इंग्लिश स्पीकिंग तथा वहां चल रहे कोचिंग सेंटर के दसवीं तथा 12वीं के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रधान श्रीमती नीना तिवारी ने कहा कि श्री हनुमंत धाम सेक्टर 40 बी में विभिन्न प्रकार के चैरिटेबल कोर्सेज चलाए जाते हैं, जो कि नाम मात्र डोनेशन पर चलाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि सभी पेरेंट्स इतनी फीस अफोर्ड नहीं कर पाते हैं तो इसी को ध्यान मे रखते हुए श्री हनुमंत धाम में बहुत ही कम रीजनेबल फीस पर यह सब करवाया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### नाइजीरिया में स्कूल ढहा, 22 छात्रों की मौत



**अबुजा (नाइजीरिया)।** उत्तर-मध्य नाइजीरिया में दो मंजिला स्कूल के ढहने से 22 छात्रों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि प्लैटो राज्य के बूसा बुजी में स्थित स्कूल की इमारत उस वक्त ढह गई जब बच्चे सुबह पढ़ाई करने के लिए पहुंचे थे। इन बच्चों में अधिकतर की उम्र 15 वर्ष या उसे कम थी। प्लैटो पुलिस के प्रवक्ता अल्फ्रेड अलाबो ने बताया कि इमारत ढहने से मलबे में कुल 154 छात्र फंस गए थे, जिनमें से 132 को बाहर निकाल लिया गया और उन्हें विभिन्न अस्पतालों में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। इस हादसे में 22 छात्रों की मौत हो गई।

### डोडा में खाई में गिरी बस, दो की मौत, 25 घायल

**डोडा।** जम्मू संभाग के पहाड़ी डोडा जिले में शनिवार को एक बस अनियंत्रित होकर 200 फुट गहरी खाई में गिर गई, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना सुबह करीब 10.25 बजे भटियास के पास तब हुई, जब निजी मिनी बस भलेसा से थाथरी जा रही थी। बचावकर्मियों को एक महिला मौके पर मृत मिली, जबकि एक अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। नौ अन्य घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। इनका इलाज डोडा के सरकारी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि मैं लगातार संपर्क में हूं। हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है।

### भारत का सतत विकास लक्ष्य सूचकांक में स्कोर बढ़ा



**नई दिल्ली।** भारत का सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) स्कोर 2023-24 में बढ़कर 71 हो गया है, जो कि 2020-21 में 66 था। एसडीजी स्कोर बढ़ने की वजह गरीबी में कमी आना, पर्याप्त काम उपलब्ध होना, पर्यावरण के लिए एक्शन और अन्य कारणों में सुधार होना है। नीति आयोग की एसडीजी इंडिया इंडेक्स में यह जानकारी दी गई है। नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया कि सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला, स्वच्छ भारत, जन धन, आयुष्मान भारत- पीएमजेएवाई, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पीएम-मुद्रा योजना, सौभाग्य और स्टार्ट-अप इंडिया जैसी योजनाओं से तेज विकास देखने को मिला है।

# पीएम मोदी ने मुंबई वासियों को दी 29,400 करोड़ की सौगात

## लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार मुंबई पहुंचे प्रधानमंत्री

**एजेंसी, मुंबई**

लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार पीएम मोदी मुंबई पहुंच गए हैं। उनकी तरफ से 29,400 करोड़ के प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी गई है। असल में रविवार को पीएम मोदी ने गोरेगांव पहुंचे थे] जहां पर उन्होंने एक लिंक रोड और टनल प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी।



पीएम मोदी ने गोरेगांव में नेस्को प्रदर्शनी केंद्र से 16,600 करोड़ रुपए की ठाणे-बोरीवली टनल प्रोजेक्ट और गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड प्रोजेक्ट की आधारशिला रखने का काम किया है। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र वह राज्य है, जिसकी विकसित भारत के निर्माण में बड़ी भूमिका है। महाराष्ट्र के पास गौरवशाली इतिहास है। महाराष्ट्र के पास सशक्त वर्तमान है। महाराष्ट्र के पास समृद्ध भविष्य का सपना है। महाराष्ट्र वह राज्य है, जिसकी विकसित भारत के निर्माण में बड़ी भूमिका है।

कई प्रोजेक्ट्स की आधारशिला को लेकर भी पीएम मोदी ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मुझे महाराष्ट्र और मुंबई के लिए 3 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स के शिलान्यास और लोकार्पण का अवसर मिला है। इन प्रोजेक्ट्स से मुंबई और आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। इनमें रोड और रेल परियोजनाओं के अलावा महाराष्ट्र के नौजवानों के कौशल विकास की बहुत बड़ी योजना भी शामिल है। इनसे महाराष्ट्र में बड़ी संख्या में रोजगार का निर्माण भी होगा। 2-3 सप्ताह पहले ही केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र के लिए वधावन पोर्ट को भी स्वीकृति दी है। 76 हजार करोड़ रुपए के इस प्रोजेक्ट से यहां 10 लाख से ज्यादा रोजगार बनेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि 21वीं सदी के भारत की आकांक्षाएं इस समय बहुत ऊंचे स्तर पर हैं। इस सदी के करीब-करीब 25 साल बीत चुके हैं। देश की जनता लगातार तेज विकास चाहती है, अगले 25 वर्ष में भारत को विकसित बनाना चाहती है।

## लगभग 15 करोड़ डॉलर का घाटा उठाकर पेटीएम से बाहर हुई सॉफ्टबैंक

**नई दिल्ली।** जापान के सॉफ्टबैंक की निवेश शाखा सॉफ्टबैंक विजन फंड अप्रैल-जून तिमाही में करीब 15 करोड़ डॉलर का घाटा उठाकर पेटीएम से बाहर हो गई। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सॉफ्टबैंक ने 2017 में पेटीएम ब्रांड की मूल कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस में किस्तों में लगभग 1.5 अरब डॉलर का निवेश किया था।

एक सूत्र ने कहा कि सॉफ्टबैंक ने 10-12 प्रतिशत के नुकसान के साथ पेटीएम से अपना कारोबार समेट लिया है। कुल नुकसान करीब 15 करोड़ डॉलर है। साल 2021 में कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले सॉफ्टबैंक के पास पेटीएम में लगभग 18.5 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। इसमें एसवीएफ इंडिया होल्डिंग्स (केमैन) लिमिटेड के माध्यम से 17.3 प्रतिशत और एसवीएफ पैंथर (केमैन) लिमिटेड के माध्यम से 1.2 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। एसवीएफ पैंथर ने आईपीओ के दौरान अपनी पूरी हिस्सेदारी 1,689 करोड़ रुपये यानी करीब 22.5 करोड़ डॉलर में बेच दी।

# एससी-एसटी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लें : पुष्कर धामी




**जगदीश शर्मा, देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अन्तर्गत गठित राज्य स्तरीय सतर्कता और अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का आयोजन 14 साल बाद किया गया।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस बैठक का आयोजन हर 6 माह में किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी बैठकों में एससी एवं एसटी आयोग के अध्यक्षों को भी विशेष सदस्य के रूप में आमंत्रित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने बैठक में निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत लंबित मामलों का समयबद्धता से निस्तारण हो, इसके लिए न्यायालयों में नियमित पैरवी की जाए। शिकायतें प्राप्त होने पर एफआईआर की कार्रवाई तत्काल की जाए और पुलिस द्वारा विवेचना तेजी से की जाए।

अधिक समय से लंबित मामलों का मिशन मोड पर निस्तारण किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए की पीड़ितों को अनुमन्य सहायता राशि यथाशीघ्र मिल जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों की समस्याओं का गंभीरता से निस्तारण किया जाए। (अनंत ज्ञान)

## नेपाल बस हादसा : एक शव बरामद

**एजेंसी, काठमांडू**

नेपाल में शुक्रवार तड़के भूस्खलन की चपेट में आकर दो बसों के उफनती नदी में बहने की घटना में एक शव बरामद किया गया है। बसों में सात भारतीय नागरिकों समेत 65 लोग सवार थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

शनिवार को मौसम में सुधार के बाद सुरक्षाबलों और गोताखोरों की मदद से बचावकर्मियों ने तलाश अभियान चलाया। पिछले कुछ दिनों में हुई भारी बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं और उनका पानी गहरे भूरे रंग का हो गया है, जिससे मलबे को देख पाना और भी मुश्किल हो रहा है।

जानकारी के मुताबिक, नेपाली सुरक्षा एजेंसियों की टीम ने शुक्रवार को उस स्थान से 5 किलोमीटर के दायरे में छानबीन की, जहां भूस्खलन में बसें बह गई थीं, लेकिन उनका पता नहीं चल सका। अंधेरा होने जाने की वजह से शुक्रवार शाम 6 बजे सर्च ऑपरेशन को रोक दिया गया। एक अधिकारी ने कहा कि 12 घंटे से अधिक समय के विराम के बाद, ऑपरेशन पूर्ण पैमाने पर फिर से शुरू कर दिया गया है। इससे पहले शुक्रवार को नेपाल सेना ने कहा कि सिमलताल में यात्रियों को ले जा रही बसों के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर मिलने के बाद, अन्य सुरक्षा एजेंसियों और स्थानीय लोगों की मदद से बचाव अभियान शुरू किया गया है, जिसमें चितवन स्थित गोताखोरों सहित अन्य बलों को तैनात किया गया है।

जिला पुलिस कार्यालय, चितवन के डीएसपी भेषराज रिजल के मुताबिक, सर्च ऑपरेशन के लिए टीमें तैनात की गई हैं।

## बाइक-मिनी बस में टक्कर, दो की मौत

**अशोक ठाकुर, जम्मू।** तहसील के नगरोटा गुजरु इलाके में वीरवार देर रात धार सड़क दुर्गा माता मंदिर के नजदीक हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक शादी समारोह से लौट रहे थे। इस बीच विपरीत दिशा से आ रही मिनी बस से उनकी बाइक जा टकराई। घायलों को पीएचसी रामकोट में भर्ती करवाया गया, जहां एक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसा देर रात उस समय हुआ जब मिनी बस मजालता से धान जसधार के केंटल इलाके में बारातियों को लेकर जा रही थी। मृतकों में रशपाल (22) पुत्र भूषण कुमार निवासी चौन छलां और मिथुन (20) पुत्र मदन लाल निवासी कोडीथियाल रामकोट शामिल हैं।

# विपक्षी गठबंधन की जीत पर चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष को बधाई



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ कांग्रेस ने विधानसभा उपचुनाव में विपक्षी गठबंधन की जीत का जशन बनाया कांग्रेस सज्जनों ने चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लकी को लड्डू खिलाकर विशेष बधाई दी और कांग्रेस भवन सेक्टर 35 में जसन मनाया है। लकी हिमाचल की नालागढ़ विधानसभा सीट के उपचुनाव में कांग्रेस की तरफ से आबजर्वर बनाए गए थे और वहां कांग्रेस उम्मीदवार बाबा ने जीत दर्ज की है जिसकी खुशी में सेक्टर 35 कांग्रेस भवन में खूब जसन बनाया गया

## वित्तमंत्री सीतारमण आज चंडीगढ़ में

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार को चंडीगढ़ भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक की अध्यक्षता करेंगी। बैठक में पार्टी के सभी कार्यकारी सदस्य शामिल होंगे और भविष्य की रणनीति तय करने के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। कार्यकारी बैठक के अलावा, सीतारमण व्यापारिक समुदाय से भी मुलाकात करेंगी और उनके मुद्दों और चिंताओं को समझेंगी। चंडीगढ़ भाजपा अध्यक्ष जतिंद्रपाल मल्होत्रा ने कार्यकारिणी की बैठक में सीतारमण की मौजूदगी पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि वह चंडीगढ़ से संबंधित मुद्दों को उठाएंगे और उन्हें जल्द ही हल करने को लेकर आशान्वित हैं। पार्टी के अन्य नेता भी अपने मुद्दों को लेकर वित्त मंत्री से मिलने के लिए उत्साहित हैं। (अनंत ज्ञान)

## अग्निवीर और महंगाई पर इधर-उधर की बातें कर रही केंद्र सरकार : मायावती

**लखनऊ।** अग्निपथ योजना के तहत सेना में भर्ती किए जाने वाले अग्निवीरों को लेकर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई जैसी राष्ट्रीय समस्याओं की तरह इस मामले पर भी केवल इधर-उधर की बातें कर रही है। मायावती ने 'एक्स' पर कहा कि पूर्व अग्निवीरों को आरक्षण देने की तैयारी में केंद्रीय सुरक्षा बल, यह मीडिया में नया सरकारी बयान है। लेकिन यह ऐसी नई बात नहीं है जो पहले नहीं कही गई।



# अमरनाथ यात्रा : 4,600 तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना



**एजेंसी, जम्मू**

**दक्षिण** कश्मीर हिमालय स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 96 साधु और दो साध्वी सहित कुल 4,669 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था शनिवार सुबह जम्मू से रवाना हुआ।

सभी तीर्थयात्री कश्मीर के बालटाल और पहलगाम आधार शिविर पहुंचने के बाद 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए रवाना होंगे। अधिकारियों ने बताया कि 165 वाहनों में सवार 4,669 तीर्थयात्रियों का 16वां जत्था तड़के तीन से चार बजे के बीच यहां भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। इन श्रद्धालुओं में 1130 महिलाएं और 23 बच्चे शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि 3,039 तीर्थयात्रियों ने यात्रा के लिए 48 किलोमीटर लंबा पारंपरिक पहलगाम मार्ग चुना है जबकि 1,630 तीर्थयात्री अपेक्षाकृत छोटे (14 किलोमीटर लंबे) बालटाल मार्ग से यात्रा करेंगे। अब तक 2.8 लाख तीर्थयात्रियों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए हैं।

# केजरीवाल की जिंदगी से खेल रही केंद्र सरकार : संजय सिंह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शनिवार को दावा किया कि भाजपा और उसकी केंद्र सरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जिंदगी से खेल रही है, जिनका वजन जेल में रहने के दौरान 8.5 किलोग्राम कम हो गया है और रक्त में शर्करा का स्तर 50 मिलीग्राम/डीएल से नीचे पांच बार जा चुका है।



**8.5 किलो वजन गिरा, गंभीर बीमारी का संकेत**

संजय ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी स्वास्थ्य स्थिति ऐसी है कि अगर उन्हें जल्द जेल से बाहर नहीं लाया गया और इलाज नहीं किया गया तो उनके साथ कोई भी गंभीर घटना घट सकती है। उन्होंने कहा कि जब 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया था, तब उनका वजन 70 किलोग्राम था, जो कम होकर 61.5 किलोग्राम रह गया है। उन्होंने दावा किया कि उनका वजन लगातार घटने का कारण अज्ञात है, क्योंकि कोई जांच नहीं हुई है। वजन घटना किसी गंभीर बीमारी का संकेत है। संजय ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार का मकसद उन्हें जेल में रखना और उनके जीवन से खेलना है।

## अर्जेंटीना ने किया हमास को आतंकी समूह घोषित

**एजेंसी, अर्जेंटीना**

**अर्जेंटीना** ने हमास को आतंकी समूह घोषित किया और इस फलस्तीनी समूह की वित्तीय संपत्तियां जब्त करने का आदेश दिया।

राष्ट्रपति जेवियर माइली अर्जेंटीना को अमेरिका और इसराइल के साथ मजबूती से जोड़ना चाहते हैं। उस दिशा में इसे बहुत हद तक एक सांकेतिक कदम माना जा रहा है। माइली के कार्यालय ने पिछले सात अक्तूबर को इसराइल में फलस्तीनी समूह की ओर से किए गए हमले का हवाला देते हुए यह घोषणा की। यह हमला इसराइल के 76 साल के इतिहास में सबसे घातक हमलों में से एक था।

# संविधान की आत्मा पर प्रहार करने वाले 'संविधान हत्या दिवस' मनाएंगे : प्रियंका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि इसमें आश्चर्य की क्या बात है कि संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार करने वाले लोग 'संविधान हत्या दिवस' मनाएंगे।

केंद्र ने 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसी दिन 1975 में आपातकाल की घोषणा की गई थी।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि संविधान हत्या दिवस 25 जून को मनाया जाना 'हमें याद दिलाएगा कि जब संविधान को रौंदा गया था, तो क्या हुआ था।'

प्रियंका ने 'एक्स' पर कहा कि भारत की महान जनता ने ऐतिहासिक लड़ाई लड़कर अपनी आजादी और अपना संविधान हासिल किया है। जिन्होंने संविधान को बनाया, जिनकी संविधान में आस्था है, वे ही संविधान की रक्षा करेंगे। संविधान लागू होने का विरोध किया, संविधान की समीक्षा करने के लिए आयोग बनाया, संविधान खत्म करने का आह्वान किया, अपने फैसलों और कृत्यों से बार-बार संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार किया, वे नकारात्मक राजनीति वाला 'संविधान हत्या दिवस' मनाएंगे ही, इसमें आश्चर्य कैसा?

**चिंता** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजय करोल जलवायु परिवर्तन से बदल रहे पारिस्थितिकी तंत्र से आहत

# बांधों के निर्माण से जलधारा बनकर रह गई है सतलुज नदी



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट के न्यायाधीश संजय करोल ने जलवायु परिवर्तन पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि सतलुज नदी पर बांधों के निर्माण की वजह से सतलुज नदी एक छोटी सी जलधारा बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि इससे पूरा पारिस्थितिकी तंत्र बदल गया है। बढ़ते तापमान और मानवीय गतिविधियों के कारण कुछ नदियों के हिस्से सूख रहे हैं।

भारत की एकमात्र ट्रांस-हिमालयी नदी सतलुज कई बांधों के निर्माण के कारण एक छोटी से जलधारा बनकर रह गई है। जस्टिस करोल ने कहा कि कि विभिन्न सरकारों ने गंगा की सफाई पर 30,000 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। हम मौजूदा स्थिति को जानते हैं। इस मुद्दे पर बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। दुर्भाग्य से, प्रसिद्ध गंगा नदी डॉल्फिन कहीं नहीं दिखती हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जलवायु परिवर्तन की वजह से खेती को नुकसान हुआ है।

### जलवायु परिवर्तन से कृषि उपज में आ रही कमी

**जस्टिस** करोल ने कहा कि भारत की लगभग 58 प्रतिशत आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि और उससे जुड़ी गतिविधियों पर निर्भर है। कई क्षेत्रों में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है, लेकिन कृषि ने अपना प्रभुत्व बनाए रखा है। भारत ने 1970 के दशक में हरित क्रांति के साथ खाद्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल की और अब हम अपनी पूरी आबादी के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न का उत्पादन करते हैं, लेकिन अब जलवायु परिवर्तन के कारण भारत की कृषि उपज में कमी आई है। खेती की स्थिति और भारी रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से कृषि उपज में कमी आई है। हमने देखा है कि पंजाब में क्या हो रहा है। अत्यधिक सिंचाई से भूजल का स्तर लगातार कम हो रहा है। जस्टिस करोल ने इस बात पर जोर दिया कि भारत में कृषि क्षेत्र देश की नदियों से जुड़ा हुआ है, लेकिन हाल के वर्षों में मानसून के पैटर्न में बदलाव के कारण, नदियां और वनस्पतियों, जीवों और समुदायों का विशाल नेटवर्क प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि यह समय की मांग है कि सभी को पर्यावरण कानूनों, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और इससे बचाव के आधुनिक तरीकों के बारे में लोगों को जागरुक किया जाए।

# असम में बाढ़ से अभी भी स्थिति गंभीर

**एजेंसी, गुवाहाटी**

**असम** में शनिवार को भी बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है, हालांकि राज्य के कई हिस्सों में जलस्तर घटने लगा है। गुवाहाटी स्थित भारत मौसम विभाग के क्षेत्रीय केंद्र ने बताया कि असम के अधिकांश स्थानों पर मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि कोकराझार जिले के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है।



असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) ने रिपोर्ट में बताया कि राज्य में बाढ़ के कारण सात और लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 23 जिलों में 12.33 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। असम में इस साल बाढ़, भूस्खलन, तूफान और बिजली गिरने से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 106 हो गई है। एएसडीएमए की रिपोर्ट के अनुसार, धुबरी जिले में सबसे अधिक 3.18 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। इसके बाद कछार में लगभग 1.5 लाख लोग और गोलाघाट में 95,000 से अधिक लोगों को प्राकृतिक आपदा के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एएसडीएमए के एक अधिकारी ने बताया कि राज्य के कई हिस्सों में बाढ़ का पानी कम हो रहा है। चूंकि अधिकांश इलाकों में बारिश रुक गई है, इसलिए स्थिति में और सुधार होने की संभावना है। वर्तमान में, 2,95,651 विस्थापित लोगों ने 18 जिलों के 316 राहत शिविरों में शरण ले रखी है। राज्य सरकार ने पिछले 24 घंटों के दौरान, बाढ़ से प्रभावित लोगों को 3,621.01 क्विंटल चावल, 666.3 क्विंटल दाल, 6,266.61 क्विंटल नमक और 11,446.82 लीटर सरसों का तेल उपलब्ध कराया है।